* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
13 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 143







# इडी का विधायक अंबा प्रसाद और करीबियों के यहां छापा

● जमीन-निवेश के दस्तावेज भी खंगाले

आजाद सिपाही टीम

**हजारीबाग/रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने मंगलवार को बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के 17 ठिकानों पर छापामारी की। इस दौरान करीब 10 लाख रुपये नगद और जमीन-निवेश के दस्तावेज बरामद किये गये। इडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। यह छापामारी रांची और हजारीबाग में हुई। कागजात की छानबीन की जा रही है।

इडी की टीम सुबह छह बजे सीआरपीएफ जवानों के साथ विधायक के हुरहुरू स्थित आवास पर पहुंची। उस समय विधायक रांची में थीं। छापेमारी की जानकारी पाकर उनकी मां पूर्व विधायक निर्मला देवी 12 बजे के आसपास वहां पहुंचीं। उन्होंने आरोप लगाया कि घर में कोई नहीं है और उन्हें भीतर जाने से रोका जा रहा है। छापेमारी की खबर के बाद अंबा प्रसाद के समर्थक भी उनके घर के बाहर पहुंचे। सीआरपीएफ ने पूरे घर को सुरक्षित घेरे में ले लिया था।

**अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी मांगी थी :** 10 माह पहले इडी द्वारा अंबा प्रसाद पर दर्ज सभी केस और उनमें न्यायालयों में समर्पित आरोप पत्र सहित अन्य बिंदुओं पर झारखंड पुलिस से जानकारी मांगी गयी थी। इसके लिए इडी के अधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों से पत्राचार किया था। यह पत्राचार इडी को मिली एक शिकायत के आधार पर किया गया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने इडी को विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ दर्ज केस का ब्योरा भेज दिया था। इसमें केरेडारी, कटकमदाग और बड़कागांव थाना में दर्ज एफआइआर की जानकारी दी गयी थी। इनमें बड़कागांव थाना केस संख्या 113/21, केरेडारी में कांड संख्या 37/18, कटकमदाग थाना संख्या 96/21 और 217/21 शामिल है। केरेडारी कांड संख्या 37/18 शामिल है। इनमें अंबा प्रसाद समेत पांच-छह लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में पुलिस ने छानबीन के बाद अंबा प्रसाद के खिलाफ 27 मार्च 2019 को चार्जशीट भी दायर कर दी है।



### जमीन पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगा है

हाल ही में एक जमीन विवाद में अंबा प्रसाद और उनके पूरे परिवार का नाम आया था। उस जमीन की चहारदीवारी भी जिला प्रशासन ने गिरा दी थी। सरकारी जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप अंबा प्रसाद और उनके परिवार पर लगा था।

**17** जगह छापामारी

**10** लाख बरामद

### यहां हुई छापामारी

विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के हजारीबाग शहर के हुरहुरू स्थित आवास, व्यवसायी राजेंद्र साहू के घर, अंबा प्रसाद के आवास के पीछे स्थित रुद्र राणा और बिंदु दांगी के आवास पर छापामारी की गयी।

# पंचायत स्वयंसेवकों को अब ढाई हजार मानदेय

- चंपाई सोरेन कैबिनेट ने 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी
- राज्यकर्मियों का डीए चार फीसदी बढ़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। झारखंड मंत्रालय में हुई बैठक में जिन प्रस्तावों को मंजूरी मिली, उनमें राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी की वृद्धि शामिल है। यह वृद्धि एक जनवरी, 2024 की तिथि से प्रभावी होगी। इसका लाभ पेंशनधारी और पारिवारिक पेंशनधारियों को भी मिलेगा। राज्यकर्मियों का डीए अब 50 फीसदी हो गया है। यह कदम केंद्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों का डीए बढ़ाये जाने के निर्णय के ठीक बाद उठाया गया है। इस फैसले से राज्य के 1.93 लाख कर्मी लाभान्वित होंगे। महंगाई भत्ता बढ़ने से कर्मियों को नौ सौ से लेकर 12 हजार रुपये तक की बढ़ोत्तरी होगी।

**नौवीं में पढ़नेवाले बच्चों को तोहफा :** कैबिनेट ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में क्लास नौ में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक खरीद के लिए राशि में वृद्धि की है। अब बच्चों को पुस्तक खरीदने के लिए 750 रुपये के बदले 902 रुपये दिये जायेंगे।

( पेज 04 भी देखें)



### 14 हजार पंचायत स्वयं सेवकों का मानदेव बढ़ा

एक अन्य प्रस्ताव के अनुसार, राज्य के 14 हजार पंचायत स्वयंसेवकों को अब पंचायत सहायक के नाम से जाना जायेगा और उन्हें ढाई हजार प्रति महीने मानदेय दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त इंसेंटिव भी दिया जायेगा। बता दें कि हर पंचायत में चार स्वयंसेवक हैं। ग्रामीण विकास की योजनाओं में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। लंबे समय से ये सभी स्वयंसेवक मानदेय के लिए आंदोलन भी कर रहे थे।

## न्यूज रील्स

### नायब सिंह सैनी बने हरियाणा के नये सीएम

चंडीगढ़। नायब सिंह सैनी के रूप में हरियाणा को नया सीएम मिल चुका है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें मंगलवार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके अलावा मनोहर लाल सरकार में मंत्री रहे कंवर पाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जेपी दलाल और बनवारी लाल ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इससे पहले मनोहर लाल खट्टर ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हरियाणा के नये सीएम और मंत्रिमंडल को बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि नायब सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। उनके मंत्रियों की टीम को हरियाणा के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

### जैसलमेर में आबादी वाले इलाके में गिरा लड़ाकू विमान

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में रेगिस्तानी क्षेत्र में भारतीय वायुसेना का एक विमान मंगलवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह विमान युद्धाभ्यास में शामिल था। पायलट सुरक्षित निकलने में कामयाब रहे। हालांकि, समय पर पैराशूट नहीं खुलने की वजह से एक पायलट जख्मी है। वायु सेना की ओर से बयान जारी करके दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गयी है। वायुसेना की ओर से कहा गया कि भारतीय वायुसेना का एक तेजस विमान जैसलमेर में आज एक ऑपरेशनल ट्रेनिंग उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित रूप से निकल गये। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है। जैसलमेर शहर के बीच जवाहर कॉलोनी के पास यह विमान आबादी के बीच आग का गोला बनकर गिरा।

### मालदीव से 25 भारतीय सैनिक लौटे स्वदेश

नयी दिल्ली। मालदीव से भारतीय सैनिकों के लौटने का सिलसिला मंगलवार को शुरू हो गया। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बयान के कुछ सप्ताह बाद भारत ने यह कदम उठाया है। सूत्रों ने बताया कि अड्डू के सबसे दक्षिणी एटोल में तैनात 25 भारतीय सैनिकों ने मालदीव छोड़ दिया। वे स्वदेश लौट आये हैं। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू कुछ दिनों पहले ही भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते नजर आये थे। उन्होंने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्यकर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मुइज्जू का यह बयान तब आया, जब कुछ समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी।

## पीएम मोदी ने रांची-वाराणसी वंदे भारत को दिखायी हरी झंडी

# मुझे लंबा रास्ता तय करना है: मोदी

- अहमदाबाद में 1.06 लाख करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के कई प्रमुख खंड राष्ट्र को समर्पित किये

आजाद सिपाही टीम

**रांची/भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास परियोजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास का सिलसिला जारी रखते हुए मंगलवार को 1.06 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 10 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखायी, जिसमें रांची-वाराणसी वंदे भारत भी शामिल है। इनमें अहमदाबाद-मुंबई मध्य, सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम, मैसूरु-डॉ एमजीआर मध्य (चेन्नई), पटना-लखनऊ, न्यू जलपाइगुड़ी-पटना, पुरी-विशाखापत्तनम, लखनऊ-देहरादून, कलबुर्गी-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु और खजुराहो- दिल्ली (निजामुद्दीन) वंदे भारत भी शामिल हैं। इसके अलावा आसनसोल और हटिया तथा तिरुपति और कोल्लम स्टेशनों के बीच दो नयी यात्री ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखायी गयी। यह समारोह अहमदाबाद में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर में आयोजित किया गया था। इन विकास परियोजनाओं में रेलवे बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और पेट्रो-रसायन सहित कई क्षेत्र शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर दो सौ से अधिक विभिन्न स्थानों से इस कार्यक्रम में शामिल लाखों लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि आज के कार्यक्रम के पैमाने और आकार की तुलना रेलवे के इतिहास में किसी अन्य कार्यक्रम से नहीं की जा सकती है। उन्होंने आज के इस आयोजन के लिए रेलवे को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश भर में कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के साथ विकसित भारत बनाने के लिए विकास कार्यों का लगातार विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 2024 के 75 दिनों में 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया है, जबकि पिछले 10 से 12 दिनों में सात लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का अनावरण किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 साल का यह काम सिर्फ एक झांकी है, मुझे अभी लंबा सफर तय करना है।

आज के कार्यक्रम को विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लगभग एक लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया गया है, जहां लगभग 85 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं रेलवे को समर्पित हैं। उन्होंने दाहेज में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले पेट्रोनेट एलएनजी के पेट्रो-रसायन परिसर की आधारशिला रखने का भी जिक्र किया और बताया कि इससे देश में हाइड्रोजन उत्पादन और पॉली प्रोपाइलीन की मांग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। महाराष्ट्र और गुजरात में एकता मॉल के शिलान्यास का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह भारत के कुटीर उद्योग और हस्तशिल्प को देश के हर कोने तक ले जायेगा, जिससे 'वोकल फॉर लोकल' के लिए सरकार के मिशन को बढ़ावा मिलेगा और विकसित भारत की नींव मजबूत होगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने रेलवे को नारकीय स्थितियों से बाहर निकालने की इच्छाशक्ति दिखायी है। अब रेलवे का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रधानमंत्री ने 2014 से छह गुना बजट वृद्धि जैसी पहलों की चर्चा की और देशवासियों को आश्वासन दिया कि अगले पांच वर्षों में रेलवे में बदलाव उनकी कल्पना से अधिक होगा।



### झारखंड में पुलिस बहाली की प्रकिया अब होगी मैनुअल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस भर्ती की प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। वर्तमान प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने और धांधली रोकने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। पुलिस सेवा के लिए भर्ती पद्धति 2014 के नियम-7 (तीन) से (छह) तक में बदलाव किये गये हैं, जो अब झारखंड राज्य पुलिस नियुक्ति (संशोधन) नियमावली 2024 कहलायेगी। इस बदलाव के बाद बिना तकनीक इस्तेमाल किये मैनुअल तरीके से पुलिस की बहाली का रास्ता साफ हो गया है।

# सीएम चंपाई का सुप्रीम कोर्ट के बहाने एजेंसियों पर कड़ा प्रहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इलेक्टोरल बांड के मामले पर भारतीय स्टेट बैंक को सुप्रीम कोर्ट की फटकार लगाये जाने के बाद केंद्रीय एजेंसियों पर कड़ा प्रहार किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये केंद्रीय एजेसियों पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव और इलेक्टोरल बांड तक इस देश में लोकतंत्र सिर्फ सुप्रीम कोर्ट की वजह से बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाकी संस्थाएं और एजेंसियां अपने कर्त्तव्यों को भुला कर सिर्फ और सिर्फ एक ही पार्टी विशेष की सेवा में तत्पर दिख रही हैं।

# स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को सौंपी इलेक्टोरल बांड की जानकारी

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हुआ अनुपालन
- आयोग 15 मार्च तक वेबसाइट पर देगा आंकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** इलेक्टोरल बांड मामले में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने पूरा आंकड़ा चुनाव आयोग को मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे सौंप दिया। बार एंड बेंच ने एक्स पर यह जानकारी दी। चुनाव आयोग इस पूरी जानकारी को 15 मार्च तक अपने वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। चुनाव आयोग इलेक्टोरल बांड की खरीदी को भी सार्वजनिक करेगा, जो अब तक केवल सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में जमा किये गये थे। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने बैंक को फटकार लगायी थी और 12 मार्च शाम तक यह विवरण देने का निर्देश दिया था।

इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआइ की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआइ ने कोर्ट से कहा था कि बांड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। इस पर चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़ ने पूछा कि पिछली सुनवाई (15 फरवरी) से अब तक 26 दिनों में आपने क्या किया। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा था कि एसबीआइ 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे। चुनाव आयोग सारी जानकारी को इकट्ठा कर 15 मार्च शाम पांच बजे तक इसे वेबसाइट पर प्रकाशित करे।




### कांग्रेस की दूसरी सूची में 43 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची मंगलवार को जारी कर दी गयी। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस सूची पर मुहर लगायी गयी। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कल सीइसी ने बैठक की और असम, मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कासवा राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे। वैभव गहलोत जालौर से चुनाव लड़ेंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 61,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 13 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड की सियासत पर भी होगा सीएए का असर

## ■ घुसपैठ की समस्या से जूझ रहे संथाल परगना के वोटिंग पैटर्न में होगा बदलाव

## ■ राज्य के दूसरे इलाकों में भी भाजपा को मजबूत करेगा मोदी सरकार का फैसला

## ■ राम मंदिर के बाद सीएए लागू कर मोदी सरकार ने हासिल कर ली है बड़ी बढ़त

**आजाद सिपाही विशेष**

लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के प्रति आश्वस्त दिख रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आम चुनाव की घोषणा से ठीक पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम, यानी सीएए के नियमों को अधिसूचित कर बड़ी सियासी बढ़त हासिल कर ली है। धारा 370 और अयोध्या में राम मंदिर के बाद भाजपा का यह तीसरा सबसे बड़ा वादा था, जो पूरा हो गया है। जाहिर है कि इसका सियासी असर भी पड़ेगा। सीएए में प्रावधान है कि दूसरे देशों से शरणार्थी बन कर 2014 तक आये सिख, इसाई, पारसी और जैन समेत छह अल्पसंख्यक समुदायों को भारत सरकार नागरिकता देगी। मुसलमान शरणार्थियों के लिए यह छूट नहीं होगी, यानी वे भारत के नागरिक नहीं बन पायेंगे। प्रत्यक्ष तौर पर इसमें किसी राष्ट्र भक्त को कोई बुराई या खराबी नजर नहीं आनी चाहिए, पर विपक्ष विरोध में बलबला रहा है। यहां बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर सीएए का सियासी असर और वह भी झारखंड जैसे राज्यों में क्या हो सकता है और विपक्ष इसका विरोध क्यों कर रहा है। इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि सीएए का विरोध प्रकारांतर से मुस्लिम तुष्टिकरण है, यानी विपक्ष अब खुले तौर पर मुस्लिमपरस्ती कर रहा है। जहां तक झारखंड में सीएए के सियासी असर का सवाल है, तो यह कानून देश के उन तमाम हिस्सों में बड़ा सियासी असर पड़ेगा, जो बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार और अफगानिस्तान की सीमा से सटे या नजदीक हैं या फिर घुसपैठ की समस्या से जूझ रहे हैं। झारखंड का संथाल परगना का इलाका भी इस समस्या से जूझ रहा है, तो यहां भी सीएए का असर होगा। झारखंड में क्या होगा सीएए का असर और इसका आनेवाले आम चुनावों पर क्या होगा प्रभाव, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

आम चुनावों की दहलीज पर खड़े देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू हो गया है। इसके साथ ही आसानी से समझा जा सकता है कि अब देश का सियासी माहौल कैसा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का '400 पार' का सपना पूरा होगा या 'भाजपा भगाओ' का विपक्षी दलों का मंसूबा कामयाब होगा। इन सवालों को यदि सीएए के आइने में देखें, तो साफ नजर आता है कि यह भाजपा के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में सफल होगा। लेकिन उन राज्यों में क्या होगा, जहां भाजपा को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है या फिर उसकी सरकार नहीं है। झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों में सीएए लागू होने के बाद भाजपा के लिए स्थिति सुधरेगी या फिर चुनौती बढ़ेगी, यह जानना जरूरी है।

### भाजपा का तीसरा बड़ा वादा पूरा हुआ

सीएए लागू कर भाजपा ने तीसरा बड़ा वादा पूरा कर दिया है। पहले धारा 370 हटाने और फिर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर उसने देश के सियासी माहौल को पहले ही अपने पक्ष में मोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली है। इसलिए आम चुनावों से ठीक पहले मोदी सरकार ने सीएए लागू कर माहौल को भाजपा के पक्ष में कर दिया है। लेकिन यह उतना आसान भी नहीं है।

### विपक्ष के सामने बड़ी दुविधा

जहां तक विपक्ष का सवाल है, तो सीएए के मुद्दे पर विपक्ष के सामने कुआं-खाई की स्थिति है। यदि सीएए का विरोध करने से विपक्ष पीछे हटा, तो अब तक के उसके किये-कराये पर पानी फिर जायेगा, यानी सीएए के मुखर विरोधी मुसलमान उससे बिदक-छिटक जायेंगे। झारखंड और पश्चिम बंगाल सरकार के लिए सीएए के विरोध से पीछे हटना उनके सियासी पराभव की बुनियाद बन जायेगा। और दूसरी तरफ सीएए का समर्थन कर भी अब विपक्ष को कुछ हासिल होनेवाला नहीं। भाजपा अब चैन की नींद सो भी जाये, तो सीएए के सहारे उसकी कामयाबी पर संदेह की गुंजाइश नहीं बचती। इसलिए बंगाल में ममता बनर्जी कह रही हैं कि किसी को डरने की जरूरत नहीं। किसी का हक छीना गया, तो उनकी पार्टी टीएमसी सबसे पहले आवाज उठायेगी। केरल ने तो इसे लागू करने से ही मना कर दिया है। यूपी में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव आगबबूला हैं। कांग्रेस के दिग्गज दिग्विजय सिंह को भी सख्त एतराज है। एआइएमआइएम के असद्दुदीन ओवैसी अलग आग उगल रहे हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को भी सीएए से गजब की तकलीफ पहुंची है। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने हिसाब से सही चाल चली है।




### झारखंड में क्या होगा असर

सीएए में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2014 या उससे पहले अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से भारत आने वाले हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और इसाई समुदायों के लोगों को घुसपैठी नहीं माना जायेगा और इस कानून के जरिये ऐसे लोग भारत की नागरिकता पा सकेंगे। लेकिन यह कानून इन देशों के मुस्लिमों को नागरिकता नहीं देगा। झारखंड का संथाल परगना इलाका और खास कर साहिबगंज-गोड्डा का इलाका बांग्लादेश की सीमा से सटा हुआ है। इन इलाकों में हाल के दिनों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये आये हैं और बस गये हैं। साहिबगंज वह इलाका है, जो राजमहल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां सीएए के पारित होने से लोग नाराज हैं और मुस्लिमों में डर और चिंता बढ़ गयी है। इस बात की संभावना बढ़ गयी है कि मुस्लिम समुदाय के लोग एक प्रभावी राजनीतिक नेतृत्व की तलाश करें, जिसके माध्यम से वे सीएए के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर कर सकें। जहां तक झामुमो और कांग्रेस का सवाल है, तो ये दोनों दल सांगठनिक रूप से इसके लिए तैयार नहीं दिखाई देते।

### झारखंड में कहां से आते हैं बांग्लादेशी

बांग्लादेश सीमा से झारखंड की दूरी 25-40 किलोमीटर है। इसी हिस्से का इस्तेमाल कर बांग्लादेशी यहां आ रहे हैं। बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद के रास्ते भी अधिकांश बांग्लादेशी यहां पहुंच रहे हैं। झारखंड में अधिकांश बांग्लादेशी फरक्का, उधवा, पियारपुर, बेगमगंज, फुदकलपुर, अमंथ, श्रीधर, दियारा, बेलूग्राम, चांदशहर और प्राणपुर से आते हैं। पुलिस का मानना है कि बांग्लादेशियों के आने से अपराध और देशविरोधी गतिविधियां बढ़ी हैं।

### आधार-वोटर आइडी तक बनवाया

अवैध प्रवासियों ने वोटर आइडी, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तक बनवा रखा है। उधवा पक्षी अभ्यारण्य और वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इन इलाकों में जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे प्रतिबंधित संगठन की मजबूत पकड़ हुई है। साहिबगंज, पाकुड़, धनबाद समेत अन्य जिलों में जेएमबी के आतंकियों की गतिविधि रही है। पाकुड़ से संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

### ऐसे बदल रही जनसांख्यिकी

पाकुड़ जिले में साल 2001 में मुस्लिम आबादी 33.11 प्रतिशत थी। साल 2011 में मुस्लिम आबादी बढ़ कर 35.87 प्रतिशत हो गयी। अवैध प्रवासियों के अधिक आबादी वाले जिलों में आदिवासी आबादी घटी है। साल 1951 में राज्य में 8.09 फीसदी मुस्लिम आबादी थी। 2011 में यह आबादी बढ़ कर 14.53 फीसदी हो गयी है। यह एक हकीकत है कि बांग्लादेशी हों या फिर रोहिंग्या मुसलमान, भारत के विभिन्न भागों में दोनों की घुसपैठ गंभीर समस्या है। देश का शायद ही कोई राज्य हो, जहां बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोग अवैध रूप से ना बसे हों। राष्ट्रीय स्तर पर यह मामला उठता ही रहता है और स्वाभाविक रूप से झारखंड भी इससे अछूता नहीं है। राज्य का प्रायः हर जिला कमोबेश इससे प्रभावित है। प्रशासन को पता है कि संथाल परगना के जिलों और कस्बों में भारी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये आ गये हैं और उन्हें वैध नागरिकता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पूरी दुनिया जानती है कि भारत में यह घुसपैठ बांग्लादेश गठन के बाद से चली आ रही है और पिछले कुछ वर्षों में इसमें बहुत तेजी आयी है। चूंकि संथाल परगना की सीमा बांग्लादेश से लगती है, तो यहां घुसपैठ और बसने की सुविधा अधिक है। अविभाजित बिहार में ऐसी घुसपैठ की सुध नहीं ली गयी। फिर झारखंड का गठन हुआ। लेकिन इस मुद्दे को गंभीरता से लिया ही नहीं गया। इसलिए अब यह मुद्दा उठाना राजनीतिक कहा जा सकता है।

यह सही है कि घुसपैठिये नागरिकता प्रमाण पत्र हासिल कर रहे हैं और उन्हें संरक्षण भी मिल रहा है। लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि यह सिलसिला झारखंड बनने के पहले से चल रहा है। इन घुसपैठियों ने स्थानीय स्तर पर इतनी गहरी पैठ बना ली है कि अब इनकी पहचान लगभग असंभव हो गयी है। घुसपैठियों ने स्थानीय स्तर पर सामाजिक रिश्ते कायम कर लिये हैं, जमीन खरीद ली है और आधार कार्ड-वोटर आइडी तक हासिल कर लिया है। उनके बच्चे झारखंड के स्कूलों में पढ़ रहे हैं और कई लोग तो सरकारी नौकरी में भी हैं।

### ध्रुवीकरण की स्थिति में भाजपा को लाभ

पूरे देश में माना जा रहा है कि लोकसभा चुनावों की घोषणा के ठीक पहले सीएए लागू करने से जबरदस्त ध्रुवीकरण हो सकता है और इसका भाजपा को लाभ हो सकता है। झारखंड की परिस्थितियां इस तरफ इशारा कर भी रही हैं और कहा जा रहा है कि इसका लाभ भाजपा को मिलेगा। विपक्ष इसकी कोई काट खोज पायेगा, कह पाना मुश्किल है। भाजपा उत्तर भारत के राज्यों में पहले ही बहुत मजबूत स्थिति में है। वहां पर उसे इस तरह के किसी समीकरण के बिना भी बेहतर सफलता मिलने की पूरी-पूरी उम्मीद है। उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में वह सीएए जैसे किसी कानून के बिना भी मजबूत सफलता हासिल करेगी, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। भाजपा को बिहार और पश्चिम बंगाल में अभी भी सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। झारखंड की सियासी स्थिति भी भाजपा के लिए एकदम अनुकूल नहीं थी, लेकिन अब वह बदलती हुई दिखाई देने लगी है।

कहा जा सकता है कि सीएए का मुद्दा केवल उत्तर भारतीय राज्यों में ही अपना असर नहीं दिखायेगा, बल्कि पूर्व में पश्चिम बंगाल और झारखंड के साथ दक्षिण में कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और केरल में भी भाजपा इस तरह के मुद्दे को लगातार हवा देने का काम करती रही है। यदि सीएए का मुस्लिम वर्ग से विरोध बढ़ता है, तो इसकी प्रतिक्रिया में हिंदुओं के बीच एकजुटता बढ़ सकती है और उस स्थिति में लाभ भाजपा को ही होगा।

---

# थाना प्रभारी के रूप में काम कर रहे प्रशिक्षु डीएसपी को हटायें

## प्रशिक्षण आइजी ने सभी एसपी को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नवनियुक्त प्रशिक्षु डीएसपी जो थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षण पा रहे हैं उन्हें थाना से हटाने का आदेश दिया गया है। प्रशिक्षण के आइजी ने इस संबंध में राज्य के सभी एसपी को पत्र लिखा है। जेपीएससी के 7वीं से 10वीं बैच में 39 डीएसपी की नियुक्ति हुई थी। इन्हें एक वर्ष के लिए राज्य के अलग-अलग जिलों में व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। इनमें से कई का थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षण चल रहा है। निकट भविष्य में लोकसभा का चुनाव होना है। ऐसी स्थिति में थाने का प्रशिक्षण समाप्त मानते हुए उन्हें हटाये जाये और की गयी कार्यवाही से पुलिस मुख्यालय को अवगत कराया जाये। बाकी का प्रशिक्षण चलता रहेगा।

## देवघर से बासुकीनाथ रोड

# फोरलेन बनाने के लिए 292.65 करोड़ मंजूर


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय पथ परिवहन एवं हाइवे मंत्रालय ने झारखंड में 292.65 करोड़ की सड़क परियोजना की मंजूरी दी है। इस संबंध में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के दुमका जिला अंतर्गत नेशनल हाइवे 114 ए में टावर चौक से बासुकीनाथ सेक्शन सड़क को एचएएस मोड पर फोरलेन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह सड़क परियोजना देवघर और बासुकीनाथ पर्यटन क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण होगी और इसके बनने से आवागमन काफी आसान होगा।

# झारखंड में आठ आइएएस अधिकारियों का तबादला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आइएएस अधिकारियों का तबादला किया है। श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची के निदेशक श्रीनिवासन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री श्रीनिवासन अगले आदेश तक अपने कार्य के साथ ग्रामीण कार्य विभाग सचिव और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक के पद के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। ग्रामीण विकास विभाग सचिव के पद पर पदस्थापित चंद्रशेखर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक नगर विकास एवं आवास विभाग का सचिव बनाया गया है। चंद्रशेखर को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ जुडको का प्रबंध निदेशक और ग्रेटर रांची विकास एजेंसी का प्रबंध निदेशक का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रांची के प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त बनाया गया है।




इसी प्रकार राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष सचिव अंजनी कुमार मिश्रा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक दक्षिण छोटानागपुर का प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अपर सचिव सुनील कुमार- दो को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ उत्पाद आयुक्त झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। साथ ही पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत फैज एक अहमद मुमताज को बागवानी झारखंड, रांची का निदेशक बनाया गया है। मुमताज को झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद का प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसके अलावा झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम प्रबंध निदेशक वरुण रंजन को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ झारखंड रांची का खान आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत हिमांशु मोहन को अगले आदेश तक मुख्य मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड का कार्यपालक पदाधिकारी बनाया गया है। मोहन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ खान एवं भू तत्व विभाग के संयुक्त सचिव और तेजस्विनी परियोजना का मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक,प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने सोमवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है।

# झारखंड में आठ आइएफएस को अतिरिक्त प्रभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आइएफएस (भारतीय वन सेवा) को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने इस संबंध में सोमवार देर रात अधिसूचना जारी की है। बंजर भूमि विकास बोर्ड के कार्यकारी निदेशक पद पर पदस्थापित शशिकर सामंत को अपने कार्यों के अलावा वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक झारखंड रांची का प्रधान मुख्य वन संरक्षक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

इसी प्रकार एफडीए के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित विश्वनाथ साह को निदेशक झारपार्क्स का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

दुमका के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थापित सतीश चंद्र राय को प्रादेशिक अंचल वन संरक्षक देवघर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। प्रतीक्षारत सत्य प्रकाश नेगी को कार्य नियोजना अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। देवघर के वन प्रमंडल पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित राजकुमार साह को देवघर का सामाजिक वानिकी प्रमंडल का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक कुमार आशीष को मेदिनीनगर का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सामाजिक वानिकी योजना अनुश्रवण एवं मूल्यांकन प्रमंडल का वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास उज्जवल को सिमडेगा का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी श्रीकांत वर्मा को सामाजिक वानिकी प्रमंडल रांची का वन प्रमंडल पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों में 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के 80 जिला स्तरीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में मंगलवार से नौवीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो गयी है। सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में पहली बार सीबीएसई के मानकों के अनुरूप वार्षिक परीक्षा ली जा रही है। 22 मार्च तक परीक्षाएं चलेंगी। 30 मार्च तक परीक्षा परिणामों का प्रकाशन और रिपोर्ट कार्ड का वितरण कर दिया जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो जायेगा।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.0 °c | 19.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.00 बजे |



## सीएम से रश्मि ग्रुप के अध्यक्ष एसके पटवारी ने की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में रश्मि ग्रुप, कोलकाता के अध्यक्ष एसके पटवारी ने मुलाकात की। भेंटवार्ता के क्रम में मुख्यमंत्री को उन्होंने रश्मि ग्रुप, कोलकाता द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया तथा राज्य में स्टील तथा कोल माइंस के क्षेत्र में निवेश करने की इच्छा जतायी।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम चंपाई सोरेन से मुलाकात की। मंगलवार को प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सीएम के आवास पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पुलिसकर्मियों के लंबित वर्दी भत्ता, राशन भत्ता, वाहन भत्ता और अन्य भत्तों के संबंध में मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा की गयी। ये सभी भत्ते विगत पांच-छह वर्षों से लंबित चले आ रहे हैं। एसोसिएशन स्तर से प्राधिकार/सरकार के समक्ष हमेशा मांग रखी जा रही है। सीएम द्वारा आश्वस्त किया गया कि पुलिसकर्मियों के लंबित उक्त भत्तों को जल्द पूरा किया जायेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह के साथ उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, महामंत्री मो महताब आलम और संयुक्त सचिव रंजन कुमार, प्रक्षेत्रीय मंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह और विशेष आमंत्रित सदस्य भीम सिंह शामिल थे।

# राष्ट्रपति से समय नहीं मिलना झारखंड का दुर्भाग्य: विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंडिया गठबंधन को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं मिल सका। इस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रतिक्रिया दी है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेताओं को राष्ट्रपति से मिलने का समय नहीं मिलना प्रदेश के लोगों के लिए दुर्भाग्यजनक है। पांडे ने कहा कि 4 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा एक पत्र राष्ट्रपति भवन को भेजा गया था, जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं गठबंधन दलों के नेताओं की ओर से राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा गया था, मगर राष्ट्रपति भवन द्वारा आश्र सूचना के अनुसार, समय अभाव के कारण राष्ट्रपति मिलने में असमर्थ हैं।

**राजभवन में लौटाये कई बिल:** पांडेय ने कहा कि इसके बाद फिर सरकार ने इस बिल को पास कर-के राजभवन को भेजा है। इसी तरह झारखंड में एसटी एससी और ओबीसी वर्ग का आरक्षण का दायरा बढ़ाते हुए एसटी को 26 से 28, एसी का 10 से 12 और ओबीसी को 14 से 27 प्रतिशत करने का बिल पास करके राजभवन को भेजा गया। एक तो राजभवन ने इसे लंबे समय तक लटकाये रखा, उसके बाद इसे भारतीय संविधान का हवाला देते हुए सांविधानिक नहीं होने की दुहाई देते हुए वापस कर दिया। इन सभी मामलों को लेकर इंडिया गठबंधन के लोग राष्ट्रपति से मिलना चाहते थे। मगर राष्ट्रपति भवन के द्वारा समय नहीं दिया गया। पांडे ने कहा कि एक बार फिर से राष्ट्रपति भवन को पत्र लिख कर समय की मांग की जायेगी, ताकि झारखंड से जुड़े इन मसलों पर राष्ट्रपति के समक्ष अपनी बात को रखा जा सके।

**11 लाख लोग देश छोड़ कर चले गये और विदेश के लोगों को नागरिकता देना चाहती है मोदी सरकार :** विनोद पांडे ने सीएए कानून पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह अजीब सी स्थिति है। हमारे देश से 11 लाख लोग भारत छोड़ कर चले गये जो कहीं ना कहीं हमारे देश की आर्थिक स्थिति के लिए अच्छा संकेत नहीं है। सरकार इन्हें वापस लाने के बजाय विदेश के लोगों को यहां पर बसाने का रास्ता खोलना चाहती है। इस कानून को जिस अंदाज से और जितनी हड़बड़ी में लाया गया है, उससे प्रतीत होता है कि इस कानून का लाभ मोदी सरकार चुनावी चश्मा के तहत उपयोग करना चाहती है।



### गठबंधन का खाका तैयार, जल्द होगी घोषणा

विनोद पांडे ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सीटों का खाका तैयार हो चुका है। बहुत जल्द सीट और प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जायेगी। किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है। कौन सीट पर क्या पेंच है, यह मीडिया की ऊपज है, सारा कुछ तय हो चुका है, बस थोड़ा सा इंतजार करें।

### समय नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण: झामुमो

विनोद पांडे ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है कि झारखंड की अस्मिता से जुड़े तीन मामले आरक्षण का दायरा बढ़ाने, सरना धर्म कोड और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति से मिलना चाहता था, पर समय नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि सरना धर्म कोड झारखंड के आदिवासी समाज की सबसे प्रमुख मांग रही है और इसको लेकर लंबे समय से आंदोलन किया जा रहा है। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने इस बिल को विधानसभा से पास करके राजभवन भेजा। इसके साथ ही झारखंड के लोगों की बहुत पुरानी मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति का बिल भी हेमंत सोरेन सरकार ने विधानसभा से पास करके राजभवन को भेजा। मगर इसे दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि राजभवन ने इसे लंबे समय से लटकाया और फिर सरकार को वापस भेज दिया गया।

# आदिवासी, मूलवासी और खतियान नीति की विरोधी है राज्य सरकार: प्रतुल शाहदेव

**सरकार एससी विरोधी, आज भी कैबिनेट में एक भी एससी मंत्री नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सिर्फ चुनाव के समय आदिवासी, मूलवासी, एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग के लिए घड़ियाली आंसू बहाती है। प्रतुल ने कहा कि अगर झारखंड मुक्ति मोर्चा पिछड़ों के आरक्षण के लिए गंभीर थी, तो उसने पंचायत चुनाव बिना पिछड़ों के आरक्षण के क्यों करवा लिया? वह तो नगर निकाय चुनाव भी बिना पिछड़ों को आरक्षण दिये करने जा रही थी। पर सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद यह रूका। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सवा चार वर्षों के बाद भी पिछड़ों की आरक्षण सीमा को बढ़ाने के लिए ट्रिपल टेस्ट की शुरुआत तक नहीं की। यही इनकी असलियत को दर्शाता है।

प्रतुल ने कहा कि यह सरकार सवा चार वर्षों से शासन कर रही है, परंतु 1932 उनके लिए एक चुनावी झुनझुना से ज्यादा कुछ नहीं रहा है। प्रतुल ने कहा कि 1932 के खतियान को यह सिर्फ एक सरकारी संकल्प से जारी कर सकते थे। लेकिन इन्होंने विधानसभा भेज कर लटकाने का काम किया। हाल में ली गयी जूनियर इंजीनियर की परीक्षाओं में 70% झारखंड से बाहर के उम्मीदवारों की इसी हेमंत सोरेन पार्ट 2 सरकार के कार्यकाल में नियुक्ति हुई। यही इनके स्थानीयता प्रेम को एक्सपोज करता है।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा दर्जनों बार अपना स्टैंड क्लियर कर चुकी है कि वह हजारों वर्षों से अपनी मूल परंपरा को जीवित रखनेवाले आदिवासियों को हक देने के लिए उठाये जाने वाले हर कदम का साथ देगी। लेकिन जिस सरकार को आर्च बिशप ने क्रिसमस गिफ्ट बताया था, उनसे यहां अपनी परंपरा को हजारों वर्षों से जीवित रखने वाले आदिवासियों के हित में कुछ अपेक्षा नहीं हो सकती। प्रतुल ने कहा कि आज तो झामुमो कांग्रेस के साथ गठबंधन में है। कांग्रेस के एक प्रमुख नेता बाबा कार्तिक उरांव ने तो लोक सभा में प्राइवेट मेंबर्स बिल (अनुसूचित जाति जनजाति आदेश संशोधन विधेयक 1967) लाकर धर्म बदलने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को आरक्षण से बाहर करने का प्रस्ताव किया था। इस मुद्दे पर संसद की संयुक्त समिति के सकारात्मक टिप्पणी के बावजूद इस विधेयक का विरोध करने के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस की सरकार ने व्हिप तक जारी किया था।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार का एससी समुदाय विरोधी नजरिया इस बात से स्पष्ट हो जाता है कि पिछले दो वर्षों से इस सरकार की कैबिनेट में एक भी एससी समुदाय का प्रतिनिधित्व करनेवाला मंत्री मौजूद नहीं है। यही इनकी कथनी और करनी का अंतर है। प्रतुल ने कहा कि यह सरकार आदिवासी मूलवासियों को मुख्य धारा से बिल्कुल भी नहीं जोड़ना चाहती है और उन्हें सिर्फ वोट बैंक बनाकर रखना चाहती है।जबकि भाजपा सबका साथ ,सबका विकास, सबका विश्वास के फामूर्ले पर चलती है।

पूर्व मध्य रेल

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र०सं० 01, ई–निविदा संख्या : TRD-OT-18 Auto Sign-23-24, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Dhanbad Division:- Provision of Automatic Block Signaling system in Dhanbad division (GHD-CPU-MHDA, GHD-BRKA, PEH-PKA) (446KM). कार्य समापन की अवधि (12) बारह माह। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 2,96,98,109.66/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटी:** 2,98,500/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 01.04.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 01.04.2024 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद
पीआर/2522/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/23–24/36

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

**निविदा सूचना संख्याः GEM/2024/B/4647761 दिनांक 11/03/2024**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System मे GEM Portal में आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नाम :** दो वर्षो के लिए पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह एवं ओबरा डिपो में हर प्रकार के गैस कटिंग एवं वेल्डिंग कार्य के लिए वेल्डर एवं हेल्पर का आउटसोर्सिंग। **2. GEM मद श्रेणी:** Manpower Outsourcing Services - Man-days based - all types of gas cutting and welding work at Patherdih depot of Dhanbad division; Skilled; Welder, Manpower Outsourcing Services - Man-days based - All types of gas cutting and welding work at Patratu Barwadih and OBRA depots of Dhanbad division; Skilled; Welder, Manpower Outsourcing Services - Man-days based - All types of gas cutting and welding work at Patherdih depot of Dhanbad division; Unskilled; Helper, Manpower Outsourcing Services - Mandays based - All types of gas cutting and welding work at Patratu Barwadih and OBRA depots of Dhanbad division; Unskilled; Helper., **3. संविदा कि अवधि :** 2 वर्ष / 24 महीना, **4. कार्य – स्थान :** धनबाद डिवीजन के पाथरडीह, पतरातू बरवाडीह एवं ओबरा डिपो। **5. अनुमानित बोली मूल्यः** Rs. 8,30,86,250.86 (रूपया आठ करोड़ तीस लाख छियासी हजार दो सौ पचास एवं पैसा छियासी) मात्र। **6. बयाना राशि :** Rs. 5,65,500/- (रूपया पांच लाख पैसठ हजार पांच सौ) मात्र। **7. निविदा जमा करने का तारीख तथा समयः** ई–निविदा जमा करने का तारीख 10/03/2024 से 30/03/2024 को 16:00 बजे तक। **8. निविदा खुलने की तारीख तथा समयः** 30/03/2024 को 15/30 बजे। (GeM बिड के अनुसार), **9. वेब साईट विवरणः** http://www.gem.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता(समाडि)/धनबाद
पीआर/2515/डीएचएन/एमइसीएच/टी/23–24/60

## सुखदेव सिंह को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का अतिरिक्त प्रभार

**अमिताभ कौशल को प्रभारी सचिव सूचना जनसंपर्क विभाग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को स्थानांतरण पदस्थापन किया। महानिदेशक श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में पदस्थापित सुखदेव सिंह को उनके कार्यों के साथ मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का जिम्मा सौंपा गया है। सचिव खाद्य आपूर्ति विभाग अमिताभ कौशल को अपने कार्यों के साथ सचिव सूचना जनसंपर्क विभाग बनाया गया है।

मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल को स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रभारी सचिव श्रम विभाग मुकेश कुमार को अपने कार्यों के साथ प्रभारी सचिव उत्पाद विभाग बनाया गया है, वहीं प्रबंध निदेशक खाद्य निगम सत्येंद्र कुमार को अपने कार्यों के साथ निदेशक नगरीय प्रशासन विभाग के पद पदस्थापित किया गया।

# इडी छापे के दौरान अंबा के पिता और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने कहा: इडी के माध्यम से डोरे डाल रही बीजेपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मंगलवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी के बाद बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चतरा और अंबा प्रसाद ने हजारीबाग से लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। कहा कि वह निजी कारणों से फिलहाल दिल्ली में हैं, लेकिन अब वह चतरा से अपने लिए और हजारीबाग से अंबा प्रसाद के लिए कांग्रेस का टिकट लेकर लौटेंगे। उनका एक मात्र उद्देश्य हजारीबाग और चतरा सीट पर बीजेपी और उसके समर्थित उम्मीदवारों को हराना है।

योगेंद्र साव ने कहा कि राजनीति ने उनके पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया। यही कारण है कि वे स्वयं और उनकी पत्नी पूर्व विधायक निर्मला प्रसाद साधु का जीवन जी रहे थे। लेकिन अब उनका एकमात्र उद्देश्य बीजेपी को हराना है। अंबा प्रसाद झारखंड की लोकप्रिय और युवा विधायक हैं। उन्हें अल्पसंख्यकों सहित हर वर्ग और समुदाय का समर्थन प्राप्त है। चतरा और हजारीबाग सीट हर हाल में कांग्रेस जीतेगी।





**विधायक अंबा प्रसाद की मां निर्मला देवी का छलका दर्द :** हरहुरु स्थित अपने आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उनकी पीड़ा, दर्द और बेचैनी खुल कर सामने आ गयी। निर्मला देवी (पूर्व विधायक) ने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि इडी ने उनके घर पर छापेमारी की है। अहले सुबह एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गये थे। सुबह करीब दस बजे जब वह घर लौटी और घर के बाहर लोगों की भीड़ देखी, तो उन्हें किसी अनहोनी का अहसास हुआ।

कहा कि जहां तक अंबा पर जमीन घोटाले के आरोप हैं तो वह कहना चाहती हैं कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने कभी जमीन नहीं खरीदी। जो भी जमीन खरीदी गयी है, वह राजनीति में आने से पहले। पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कहा कि राजनीति में आने के बाद उनके परिवार की परेशानियां शुरू हो गयीं। उनका परिवार जिले से स्थानांतरित हो गया, उनके पति इतने दिनों तक जेल में रहे। अब सरकार उनकी बेटी को जेल भेजने की कोशिश कर रही है। निर्मला देवी के मुताबिक राजनीति में आने के बाद उनका भरा-पूरा परिवार बर्बाद हो गया। राजनीति में आने के बाद उनका परिवार कभी खुश नहीं रहा।

### इस तरह की कार्रवाई से डरने या झुकनेवाले नहीं हैं

उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी प्रवर्तन निदेशालय के जरिए उन्हें और उनके परिवार को बीजेपी में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है और आकर मेरी वॉशिंग मशीन में मिल कर पूरी तरह से साफ हो जाओ। लेकिन वह भाजपा और निर्देशित प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई से डरनेवालों में से नहीं हैं। हर कार्रवाई का साहसपूर्वक सामना करूंगा, क्योंकि उसने या उसके परिवार ने कभी कुछ गलत नहीं किया है। वह और उनका परिवार कांग्रेस में थे और रहेंगे।

AFFIDAVIT

IN THE COURT OF SRI PRAVEEN KUMAR
EXECUTIVE MAGISTRATE
BERMO AT TENUGHAT

As per Affidavit No.1188 date-06.03.2024 I, ARYAN RAWANI S/O MUKESH RAWANI, aged about 19 years, Resident of village - Gomia, P.O Gomia, P.S. Gomia, Dist-Bokaro (Jharkhand). do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhaar card vide No. 2797 7287 6473 my name has been mentioned as ARYAN RAWANI but in my bank account of Bank of India Gomia Branch vide A/c No. 481118210005969 my name has been mentioned as ARYAN KUMAR.3.That, ARYAN RAWANI and ARYAN KUMAR both names are one and single person i.e. myself.4.That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as ARYAN RAWANI in place of ARYAN KUMAR. 5.That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose. 6.That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution under the relevant section of law also.

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएए पर दिया बड़ा बयान

# भारत अनाथों का देश नहीं है कि कोई आये और यहां बस जाये : राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने केंद्र सरकार द्वारा देश में लागू सीएए पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है भारत अनाथों का देश नहीं है कि जो कोई भी आये और यहां बस जाए। उन्होंने आगे कहा कि जब कोई भी कानून आता है, तो सवाल तो उठते हैं, लेकिन इन सबसे अलग हमें इसके पीछे के मकसद को भी समझना होगा। उन्होंने ये बातें मंगलवार को उस वक्त पत्रकारों से बातचीत में कहं, जब वे रांची बनारस वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन समारोह से लौट रहे थे।



**सीपी राधाकृष्णन ने सीएए पर दिया बड़ा बयान :** केंद्र की मोदी सरकार ने सोमवार को नागरिकता संशोधन अधिनियम की अधिसूचना जारी कर दी। इसके बाद मंगलवार को जब झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से पत्रकारों ने सीएए पर सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा कि भारत अनाथों का देश नहीं है कि कोई भी आये और यहां बस जाए। हालांकि उनसे जब इसे लागू करने के समय पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि जब कोई भी कानून आता है, तो सवाल तो उठते ही हैं, लेकिन इन सबसे अलग हमें इसके पीछे के मकसद को भी समझना होगा। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आगे कहा कि सीएए को लागू करने का मकसद देश में इलीगल माइग्रेशन को रोकना है। भारत पहले से ही 140 करोड़ की आबादी वाला देश है। इसलिए जो भी कदम उठाये जा रहे हैं, वे यहां पर अवैध रूप से रहने वाले लोगों के लिए ही उठाये जा रहे हैं। झारखंड के संदर्भ में राज्यपाल ने कहा कि डेमोग्राफिक चेंज को देखते हुए ही इसे लागू किया गया है।

# 489 पुलिसकर्मियों की पारण परेड में डीजीपी हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 210 दिनों की ट्रेनिंग के बाद 489 पुलिसकर्मियों की पारण परेड में डीजीपी शामिल हुए। मंगलवार को साहिबगंज स्थित जैप-9 के परेड मैदान में 2021-24 सत्र के प्रशिक्षुओं का पारण-परेड समारोह आयोजित किया गया। साहेबगंज एसपी और जैप-9 के समादेष्टा कुमार गौरव ने प्रशिक्षुओं को शपथ ग्रहण कराया। इस दौरान आठ प्रशिक्षु जवानों को डीजीपी ने मेडल ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। इस पारण परेड समारोह में झारखंड राज्य के विभिन्न जिला, वाहिनी, इकाई के 378 पुरुष एवं 111 महिला प्रशिक्षु समेत 489 प्रशिक्षु शामिल हुए। इनका बुनियादी प्रशिक्षण 6 दिसंबर 2021 को प्रारंभ हुआ था। इनकी प्रशिक्षण अवधि 210 दिनों की थी। इस समारोह में मुख्य अतिथि डीजीपी अजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि एडीजी प्रशिक्षण सुमन गुप्ता, जैप एडीजी प्रिया दुबे, आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज, जैप डीआइजी मयूर पटेल कन्हैया लाल, रेंज के डीआइजी संजीव कुमार सहित कई अन्य अतिथि शामिल हुए।



OFFICE OF THE PRINCIPAL
PANCH PARGANA KISAN COLLEGE, BUNDU
(A Constitute Unit Of Ranchi University, Ranchi)
BUNDU (JHARKHAND)
Ref. No.:G/PPK/34/24 Date11/03/2024

SHORT TENDER PAPER ADVERTISEMENT NOTICE

Sealed tender are invited from the reputed firms for supply of Books for College Library. The interested Firm will quote percentage of discount to be given on the book provide. Tender may be submitted in the college office within 10 days which will be opened on chamber. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all Tenders without assigning any reason. Cost of Tender Paper Rupees:-1000/- (One Thousand only)
Favour of (Principal P.P.K. COLLEGE, BUNDU)

## जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला कल्याण पदाधिकारी विजय दास ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, भारत सरकार के द्वारा दिनांक 13 मार्च 2024 को शाम 4:00 बजे राष्ट्रीय निगमों (अनुसूचित जाति वर्ग, सफाई कर्मचारी वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग) के लाभार्थियों से माननीय प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से कलक्टरेट सभागार (कांफ्रेंस हॉल), चतरा में जनसंवाद किया जायेगा और एक लाख लोगों की उक्त मेगा ऋण मेले में प्रधानमंत्री द्वारा ऋण स्वीकृत राशि उनके खाते में हस्तान्तरित की जायेगी। इस आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में लाभार्थी शामिल होंगे।

## प्रखंड को मिला 754 कुआं बनाने का लक्ष्य

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कच्छप तथा संचालन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिनोद कुमार गुप्ता ने किया। बैठक में उपस्थित मनरेगा कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पूरे प्रखंड में 754 कुंआ का निर्माण करने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में मौजूद सभी रोजगार सेवकों को कार्य में गति लाने और बरसात आने से पूर्व कुंआ का निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बीपीओ ने बताया की सरकार की दूसरी सबसे बड़ी महत्वकांक्षी आम बागवानी योजना के लिए 170 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित है। इस बैठक में बीडीओ निखिल गौरव कच्छप, बिपिओ बिनोद कुमार गुप्ता के अलावा सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## 14 को प्रवीण तेवतिया हंटरगंज हाई स्कूल में आयेंगे, तैयारी पूरी



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** 26 नवंबर 2011 की मुंबई की आतंकी घटना में 150 लोगों को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रवीण तेवतिया 14 को हंटरगंज हाई स्कूल के मैदान में आयेंगे। सुबह 6:00 से 8:00 तक योगाभ्यास करायेंगे। इसकी जानकारी पतंजलि योग जिला शिक्षक अभय कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि तेवतीया आयरन मैन के नाम से भी जाना जाता है। वह मार्कोस कमांडो भी रहे हैं। ज्ञात हो कि मार्कोस कमांडो भारत के सबसे खतरनाक कमांडो में गीना जाता है। इसकी ट्रेनिंग भी बहुत अलग दी जाती है। दुश्मनों पर विजय पाना इनके पास बस में होता है। प्रवीण तेवतिया ने मुंबई के ताज होटल में आतंकियों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। इसमें वह स्वयं भी घायल होकर दुष्मनों को छक्के छुड़ाया था। योग का सहारा लेकर पुनः स्वस्थ्य हुए और लोगों को योगाभ्यास करा रहें है। हंटरगंज के लोगों के लिए यह खुशखबरी भी है की मार्कोष कमांडो के द्वारा पतजलि समिति के सहयोग से शिविर में रोग निवारण के लिए योगाभ्यास होगा। आसन, पंचकर्म, षष्ठकर्म, प्राकृतिक चिकित्सा, मर्म चिकित्सा आदि की जानकारी दी जायेगी।

## राजद नेता की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन



**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज में मंगलवार को राजद कार्यकताओं के द्वारा राजद नेता सुभाष यादव को ईडी के द्वारा गिरफ्तार किये जाने के विरोध में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। राजद नेता और मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव ने कहा भाजपा अपने आंतरिक सर्वे से घबरा गयी है और चुनाव को हारते देख इस तरह से अपने विपक्षियों को परेशान करने का काम कर रही है। राजद कार्यकर्ताओं के द्वारा हंटरगंज पानी टंकी से मसाल जुलूस निकाला गया। पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर विरोध प्रदर्शन और मसाल जुलूस हंटरगंज डाक बंगला के पास पहुंचा। जंहा प्रधानमंत्री का पुतला फूंका गया। राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव के अलावा राजद नेताओं ने भी भाजपा पर इडी का इस्तेमाल कर अपने विपक्षियों को परेशान करने का आरोप लगाया। इस मौके पर काफी संख्या में राजद के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भुरकुंडा मेन रोड पर बह रहा गंदी नाली का पानी, लोग परेशान



**स्वच्छ भारत अभियान दिखावा, सीसीएल अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि मौन**

बिजेंद्र कुमार

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा बाजार बस स्टैंड के निकट मेन रोड पर जाम नाली का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। नाली में जमे कचरे की दुर्गंध और सड़क पर बहती गंदगी से राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। यह बदहाल स्थिति वर्कशॉप जानेवाले रास्ते से ट्रेकर स्टैंड तक है। यहां कचरे पर ही रामगढ़ और पतरातू जानेवाले ऑटो लगे हुए दिखते हैं। भुरकुंडा से रांची जानेवाली बसें भी यही से खुलती है। वहीं नाली और कचरे के ठीक बगल में फास्ट फूड के कई ठेले और खोमचे भी लगे दिखते है। ऐसे में गंदगी में पनपते मक्खी-मच्छर और अन्य किटाणु लोगों के स्वास्थ्य पर न सिर्फ बुरा प्रभाव डाल सकते हैं, बल्कि कई बिमारियों को न्योता भी दे सकते हैं। बावजूद इसके कहीं से कोई ठोस यहां कचरे पर ही रामगढ़ और पतरातू जानेवाले ऑटो लगे हुए दिखते हैं। भुरकुंडा से रांची जानेवाली बसें भी यही से खुलती है। वहीं नाली और कचरे के ठीक बगल में फास्ट फूड के कई ठेले और खोमचे भी लगे दिखते है। ऐसे में गंदगी में पनपते मक्खी-मच्छर और अन्य किटाणु लोगों के स्वास्थ्य पर न सिर्फ बुरा प्रभाव डाल सकते हैं, बल्कि कई बिमारियों को न्योता भी दे सकते हैं। बावजूद इसके कहीं से कोई ठोस पहल होती नहीं दिखती है। जाम नाली और पसरा हुआ कचरा देख मालूम पड़ता है कि यहां एक अरसे से नाली और आसपास की सफाई नहीं की गयी है।

इस संबंध में जवाहरनगर पंसस प्रतिनिधि रॉबिन मुखर्जी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कचरा फेंकने के लिए यहा बड़ा डस्टबिन लगाया है, बावजूद इसके लापरवाह लोग नाली के आसपास ही कचरा फेंक जा रहे हैं। जिससे नाली जाम हो रहा है और गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर और भी डस्टबिन उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन पहले आसपास के लोगों को अपनी आदत सुधारना होगा और स्वच्छता के प्रति गंभीर होना होगा।

# शहरी क्षेत्र के हर घर को मिलेगा साफ पानी, दो साल में तैयार हो जायेगा प्लांट

**205 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, शहरी क्षेत्र में की जायेगी आपूर्ति**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या को दूर करने के लिए बड़े स्तर पर योजना तैयार की गयी है। 205 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना से रामगढ़ शहरी क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या न सिर्फ दूर होगी बल्कि हर घर में साफ पानी पहुंचेगा। इसके लिए रामगढ़ जिला प्रशासन ने काम भी शुरू कर दिया है। टेंडर के बाद दिल्ली की कंपनी ने पूरा सर्वे कर लिया है।

### 69000 घरों में पानी पहुंचाने का रखा गया लक्ष्य

**सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से रामगढ़ छावनी परिषद और नगर परिषद क्षेत्र में 69000 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि रामगढ़ छावनी क्षेत्र के 45000 और नगर परिषद के 24000 घरों को पानी देने की क्षमता सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की रहेगी।**

नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि यह परियोजना 24 महीने में बनकर तैयार हो जायेगी। इस परियोजना का ट्रायल भी 3 महीने तक किया जायेगा। अगर इस दौरान कहीं भी खामी नजर आयी तो उसे तत्काल दूर किया जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस कंपनी को यह काम दिया गया है, वह 15 वर्षों तक इस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का ऑपरेशन और मेंटेनेंस भी करेगी।

**सुगिया और गोबरदाहा में स्टोर किया जायेगा पानी:** इस परियोजना को बेहद बारीकी से बनाया गया है। सुगिया और गोबरदाहा में पानी को स्टोर करने के लिए लगभग 9 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गयी है। सुगिया में 4.5 एकड़ जमीन अधिग्रहित किया गया है। जहां 17 एमएलडी पानी को स्टोर कर फिल्टर किया जायेगा। गोबरदाहा में 4.9 एकड़ जमीन को अधिकृत किया गया है। वहां पर 23 एमएलडी पानी को स्टोर कर फिल्टर किया जायेगा। इतने बड़े पैमाने पर पानी की सप्लाई भी प्रतिदिन शहरी क्षेत्र में होगी।

# बरकाकाना रेलवे स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट

**क्षेत्र के हस्तशिल्पियों और लोकल उत्पाद का उत्साहवर्धन होगा और उत्पाद को एक बेहतर बाजार मिलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरकाकाना।** रेलवे स्टेशन बरकाकाना परिसर में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट सहित पचासी हजार करोड़ रूपये की लागत से रेलवे के विकास कार्यों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये ऑनलाइन और समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गोमीया विधायक लंबोदर महतो द्वारा फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि रेलवे संजय लाला, मंडल संरक्षा पदाधिकारी अभिनव सिद्धार्थ, असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ सिक्योरिटी मनोज कुमार, भाजपा ज़िलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, भाजपा ज़िला महामंत्री रंजन फौजी, भाजपा वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू उपस्थित रहें। समारोह का मंच संचालन स्टेशन मास्टर बरकाकाना अमर कुमार सिंह द्वारा किया गया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के तहत धनबाद मंडल के 16 स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट के स्टॉल, तीन गति शक्ति कार्गो टर्मिनल, पतरातू-सोननगर थर्ड लाइन और रमना-सिंगरौली डबल लाइन और करेला-शक्तिनगर डबल लाइन और 1 गुड्स शेड का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इसी क्रम में धनबाद मंडल के बरकाकाना स्टेशन के वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल के साथ-साथ गोमिया और रांची रोड स्टेशन के वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल का उद्घाटन किया गया।

ओएसओपी के उद्घाटन से क्षेत्र के हस्तशिल्पियों और लोकल उत्पाद का उत्साहवर्धन होगा और उत्पाद को एक बेहतर बाजार मिलेगा। स्थानीय उत्पाद को बढ़ावा देने वाली प्रधानमंत्री की इस स्कीम से स्थानीय हस्तशिल्पियों और कलाकारों जो लकड़ी के सामान, मिट्टी के बर्तन, जुट के सामान और स्थानीय मिठाई, मोटे अनाज से निर्मित खाद्य पदार्थ और अन्य उत्पाद बनाते है उन्हें आगे आने का अवसर प्राप्त होगा। इस योजना के तहत, भारतीय रेलवे स्वदेशी/ स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित करने, बेचने और उच्च दृश्यता देने के लिए एनआइडी / अहमदाबाद द्वारा विकसित डिजाईन के अनुसार स्टेशनों पर विशिष्ट रूप से डिजाईन किये गये बिक्री आउटलेट प्रदान कर रहा हैं। ओएसओपी के उद्घाटन से स्थानीय क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा और उनका विकास होगा। मौके पर स्टेशन अधीक्षक प्रबीर कुमार गांगुली, टीएलआइ अमरजीत तिर्की, वेलफेयर इंस्पेक्टर राजीव कुमार सहित सैंकड़ों रेलकर्मी व भाजपा नेता उपस्थित रहे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में 'पंचायत और हम' विषय पर परिचर्चा

**पंचायत के कार्य और दायित्व पर हुई चर्चा, अतिथियों ने कहा-लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ाती है पंचायती राज व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को पंचायत और हम विषय पर परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। परिचर्चा में पतरातू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए। परिचर्चा का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए राहुल राजगढ़िया ने कहा कि इस परिचर्चा का मकसद बच्चों को पंचायती राज व्यवस्था का प्रायोगिक ज्ञान दिलाना है। सुंदरनगर के मुखिया व्यास पांडेय ने पंचायती राज की मौलिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गांव की सरकार है, जो विकास कार्यों को सही तरीके से धरातल पर उतार सकती है। सरकार की योजनाओं को उसके वास्तविक लाभुक तक पहुंचाने का दायित्व हमारे कंधे पर होता है। पंचायत सचिवालय आकर किसी भी योजना की सटीक जानकारी ली जा सकती है। चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार ने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांवों की प्रगति में ही देश की प्रगति है। यह व्यवस्था शासन की एक ऐसी प्रणाली है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। लपंगा मुखिया आनंद दुबे ने कहा कि पंचायत का विकास ग्राम पंचायत की कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। इनकी अनुशंसा पर ही पंचायतों में विकास कार्य होते हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की अनुशंसा एक प्रकार से ग्रामीणों की पुकार होती है। इमली गाछ की मुखिया चंद्रावती ठाकुर ने कहा कि अधिकांश कार्यों के निर्णय से पहले ग्राम पंचायत की सहमति लेनी पड़ती है। सुशासन, हरियाली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आजीविका, पानी, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा, संरचनात्मक ढांचे के विकास आदि का कार्य पंचायतों के जिम्मे आता है। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि यदि हम अच्छा प्रतिनिधि चुनने में चूक कर जाते हैं, तो गांव टोले का विकास प्रभावित होने लगता है। सरकारी राशि का भी दुरुपयोग शुरू हो जाता है। यहां तक कि सामान्य जनता के प्रति उनका व्यवहार भी बदल जाता है। इसलिए अपने मताधिकार की ताकत से हमेशा अच्छा प्रतिनिधि चुनें। इस अवसर पर बच्चों ने पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े कई सवाल पूछे, जिसका अतिथियों ने जवाब दिया। विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। मंच संचालन साधना सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य विवेक प्रधान ने किया। मौके पर जानकी ठाकुर, मुख्तार सिंह, एच के सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जिंदल स्टील एंड पावर पतरातू में सुरक्षा सप्ताह

**कर्मचारियों द्वारा सभी के बीच सुरक्षा संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए तरह-तरह के सुरक्षा प्रोग्राम किये गये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** फायर और सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जेएसपी पतरातू में 4 से 10 मार्च तक 53वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह धूमधाम से मनाया गया। सुरक्षा सप्ताह का शुरूवात चार मार्च को प्लांट प्रमुख आशीष जैन द्वारा सुरक्षा ध्वज झंडोतोलन के साथ शुरू हुआ। इस पुरे सप्ताह में प्लांट के कर्मचारियों द्वारा सभी के बीच सुरक्षा संबंधी जागरूकता फैलाने के लिए तरह-तरह के सुरक्षा प्रोग्राम किये गये। जिसमे नुक्कड़ नाटक, सुरक्षा गीत, स्लोगन प्रतियोगता, सेफ्टी क्विज, पोस्टर प्रतियोगता जैसे सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। जिसमे प्लांट के सरे कर्मचारी, कामगार साथी और जेएसपी परिसर में रहने वाले कर्मचारियों और कामगार के परिवार वालो ने बढ़-चढ़कर हिसा लिया। इन सारे कार्यकर्म का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। ताकि हम अपने 'जीरो हार्म' लक्ष्य को कारखाने में आम जिंदगी में कायम रखें। प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह के अवसर पर अधिकारिओं और सभी कामगार साथियों को सुरक्षा सन्देश देते हुए कहा की सुरक्षा केवल सुरक्षा सप्ताह के लिए नहीं है अपितु इसे हमें हर दिन, घंटे, मिनट और सेकंड पालन करना होगा, तभी हमलोग अपने जीरो हार्म लक्ष्य को कायम रख पायेंगे। सुरक्षा सप्ताह के समापन पर सुरक्षा संदेश गुब्बारा छोड़कर लोगों में सुरक्षा संदेश दिया गया। प्लांट प्रमुख द्वारा नुक्कड़ नाटक, सुरक्षा गीत, स्लोगन प्रतियोगता, सेफ्टी क्विज, पोस्टर प्रतियोगता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगिओं को पुरष्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यकर्म के दौरान सभी अधिकारी, कर्मचारी और कामगार उपस्तिथ रहें। अंत में सभी लोगों ने हरेक कार्य को सुरक्षित रूप से करने के लिए सुरक्षा सपथ लिया।

## भाजपा मंडल स्तर पर बैठक आयोजित



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर टंडवा मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक टंडवा टाउन हॉल में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय, संचालन उदय पांडेय ने किया। बैठक में आगामी 15 मार्च को इटखोरी मां भद्रकाली के प्रांगण में रक्षा मंत्री के कार्यक्रम में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को भाग लेने पर विचार विमर्श किया गया। इस पर मंडल अध्यक्ष बने संजय पांडेय ने कहा हमे पार्टी स्तर पर मंडल अध्यक्ष के रूप जो जिम्मेवारी मिली है उसपर ईमानदारी पूर्वक खरा उतरने का कोशिश करूंगा। मौके पर कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय को फूल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, सिमरिया विधानसभा पीएम विश्वकर्म योजना प्रभारी सुनील चौरसिया, मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि इश्वर दयाल पांडेय, प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया, विनय सिंह, आनंद गुप्ता, प्रताप चौरसिया, कामेश्वर पांडेय, रामचंद्र प्रसाद लखन साव, भागवत गुप्ता समेत कई उपस्तिथ थे।

## उपमुखिया संघ के अध्यक्ष बने विजय



**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड के उपमुखिया संघ की बैठक शांति सरोवर ढाबा में हुई। बैठक की अध्यक्षता ओरला पंचायत के उपमुखिया विजय कुमार पासवान और संचालन मंझला चुंबा के उप मुखिया अशोक मुंडा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से बड़गांव पंचायत के उपमुखिया महेश प्रसाद को अध्यक्ष, बारुघुटू घुटु पश्चिम के उपमुखिया मंजू देवी को उपाध्यक्ष, मांडूचट्टी पंचायत के उपमुखिया पंकज कुमार को सचिव, मांडूडीह उपमुखिया सीता देवी को सहसचिव, कुजू पूर्वी के उपमुखिया कुमारी नीलम को कोषाध्यक्ष, करमा उत्तरी उपमुखिया रीता देवी को उप कोषाध्यक्ष, लइयो दक्षिणी के मनोज कुमार को मीडिया प्रभारी, मंझला चुंबा के अशोक मुंडा को सह मीडिया प्रभारी के रूप में चयन किया गया। मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत के उपमुखिया उपस्थित थे।

## पीएचसी कुजू में ओपीडी सेवा बहाल के बाद मरीजों का इलाज शुरू



**कुजू (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), मुरपा (कुजू) में सीएस डॉ महालक्ष्मी प्रसाद के हाथों ओपीडी सेवाओ का शुभारंभ के बाद मंगलवार को इलाज हेतु मरीजो का केंद्र में आना शुरू हो गया। पहले दिन डॉ बीएन दुबे की देखरेख में पांच मरीजो का निःशुल्क इलाज किया गया। वही, मरीजो का निःशुल्क दवाई वितरण सहित कई आवश्यक परामर्श दिये गये। मौके पर इलाज कराने लोगों ने स्वास्थ्य विभाग, मांडू और रामगढ़ की पूरी टीम को ओपीडी सेवाएं शुरू कराने को लेकर आभार व्यक्त किया। वही, मौजूद मरीजो ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का खुलना और लोगों के लिए यह जन कल्याणकारी उपलब्धि भविष्य के लिए वरदान साबित होगा। इस अवसर पर एएनएम सुनीता राय, रेनिता बास्के, ममता कुमारी, राज कुमारी, तन्नू कुमारी, सहिया राजलक्ष्मी देवी, सावित्री देवी समेत स्वास्थ्य विभाग के कई सदस्य शामिल रहे।

## पतंजलि कार्यालय में मना महिला दिवस



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** पतंजलि जिला कार्यालय में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पतंजलि जिला प्रभारी अर्चना महतो और संचालन महामंत्री लीलावती ने। जबकि, कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षिका अंजली शर्मा और संरक्षण ओमप्रकाश मोदी उपस्थित हुए। इस दौरान कार्यक्रम में वक्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने-अपने विचारों को रखा। इस अवसर पर सुनीता मोदी, कोषाध्यक्ष पिंकी, संवाद प्रभारी अर्चना झा, मीडिया प्रभारी यशोदा वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य, आरती, रेखा, रिता, विचार, सुलोचना, विभा, पुजा, पुनम, शकुंतला, नीतु, वैशाली आदि उपस्थित थी।

## कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, चतरा व चतरा कॉलेज चतरा एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को चतरा कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 16 छात्र छात्राओं ने स्वेक्षिक रक्तदान किया। ज्ञात हो कि चतरा में बढ़ते थैलेसीमिया मरीजों के साथ साथ आये दिन घटने वाली दुर्घटनाओं के शिकार मरीजों को रक्त मुहैया कराने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक और कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इन दोनों ने रक्तदान करने वाले छात्र छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होनें रक्तदान करने वाले छात्र छात्राओं से अन्य को प्रेरणा लेकर रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। शिविर के सफल आयोजन में महती भूमिका निभाने वाले चतरा कॉलेज के प्राचार्य मुकेश कुमार झा के साथ साथ डॉ मनीष दयाल और एन एस एस के अतुल कुमार के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट किया। क्योंकि जितने छात्रौं ने भी रक्तदान किया इनके मोटीभेशन का भी परिणाम है। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, लैब तकनीशियन सुमन कुमारी, जीएनएम सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी व तापेश्वर सोनी ने अहम भूमिका निभाई। शचतरा कॉलेज में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं में शिव शंकर यादव, रवि रंजन, सुभम कुमार, पुरुषोत्तम कुमार यादव, सनी कुमार, सुनीधी प्रिया, संदीप कुमार, आदर्श कुमार, सत्यम कुमार, जयदीप कुमार, कुलदीप कुमार, आनंद कुमार यादव, नेहा कुमारी, पीयूष कुमार सिन्हा, सचिन कुमार और शंकर राज प्रधान का नाम शामिल है।

# इलेक्टोरल बांड मामले में सख्ती

चुनावी बॉन्ड से जुड़े फैसले पर अमल के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) के ढीले-ढाले रवैये पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती ने बेहद कड़ा, मगर जरूरी संदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉन्ड से जुड़े डीटेल्स जारी करने पर लंबा वक्त देने की स्टेट बैंक की गुजारिश न केवल खारिज कर दी, बल्कि उसके रुख पर सवाल करते हुए उसे आगाह भी किया। यह पूरा मसला चुनावी बॉन्ड स्कीम से जुड़ा है, जिससे संबंधित प्रावधानों को सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को दिये अपने फैसले में असंवैधानिक करार दिया था। उसी फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्टेट बैंक को निर्देश दिया था कि 12 अप्रैल 2019 के बाद से हुई चुनावी बॉन्ड की खरीद से जुड़े डीटेल्स 6 मार्च 2024 तक इलेक्शन कमिशन को सौंप दे। ऐसे में लगभग इस पूरी अवधि के निकल जाने के बाद एसबीआइ सुप्रीम कोर्ट के पास 30 जून तक का वक्त देने का अनुरोध लेकर आया। आज की तारीख में जब टेक्नॉलजी इतनी आगे बढ़ी हुई है, तब देश के सबसे बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत हुए लेन-देन के डीटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जायेगा, इस पर सवाल उठ रहे हैं। एसबीआइ ने दलील दी कि बॉन्ड खरीदने और उसे छुड़ाने से जुड़ी सारी सूचनाएं तो उपलब्ध हैं, बस कन्फ्यूजन यह था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक क्या बॉन्ड को ग्रहणकर्ता के नाम के साथ मिला कर देखना भी जरूरी है या नहीं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट था। उसमें सूचनाएं चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश था, उन्हें मिला कर देखने को कहा नहीं गया था। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने बैंक की इस दलील को नहीं माना। शीर्ष अदालत ने अगले दिन यानी 12 मार्च को कामकाज समाप्त होने से पहले तक सारे डीटेल्स चुनाव आयोग को सौंपने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि अगर ऐसा नहीं किया गया, तो बैंक अधिकारियों के खिलाफ जानबूझकर अदालत की अवमानना करने का मामला चलाया जा सकता है। देश के सबसे बड़े बैंक को सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की फटकार सुनने को मिले, यह कोई छोटी बात नहीं है। दरअसल, चुनावी बॉन्ड से जुड़ा यह मामला देश की चुनाव प्रक्रिया की शुचिता से संबंधित है, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में सभी संबंधित पक्षों से यह अपेक्षा थी कि फैसले के शब्दों और उसकी भावनाओं को समझते हुए इस पर पूरी गंभीरता से अमल सुनिश्चित करने की कोशिश करेंगे। अफसोस की बात है कि एसबीआइ इस मामले में उम्मीद पर खरा नहीं उतरा, लेकिन राहत की बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने इस गड़बड़ी को दुरुस्त करने में देर नहीं लगायी।

**देश के सबसे बड़े बैंक को सुप्रीम कोर्ट की इस तरह की फटकार सुनने को मिले, यह कोई छोटी बात नहीं है। दरअसल, चुनावी बॉन्ड से जुड़ा यह मामला देश की चुनाव प्रक्रिया की शुचिता से संबंधित है, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ राज्य का दो हिस्सों में विभाजन के बाद अक्तूबर 2019 में लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश की मान्यता मिली। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 की समाप्ति पर मोहर लगाते हुए जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए सितंबर तक चुनाव कराने के आदेश दिए थे, लेकिन लद्दाख राज्य में विधानसभा के गठन के लिए संसद ने कानून में प्रावधान नहीं किये।**

# लद्दाख के विशेष दर्जे की मांग कैसे पूरी होगी

विराग गुप्ता




लोकसभा चुनावों की पूर्वबेला पर प्रधानमंत्री मोदी ने नये कश्मीर के निर्माण का आह्वान किया है। दूसरी तरफ गृहमंत्री अमित शाह ने लद्दाख के लोगों से मिलकर विशेष दर्जा देने की मांग पर विचार किया है। लोकसभा के आम चुनावों में लद्दाख की एक लोकसभा सीट पर मतदान होगा, लेकिन वहां पर लोकसभा की 2 सीटें बनाने की मांग हो रही है। लोकसभा की सीट बढ़ाने के लिए 2026 में परिसीमन का प्रावधान है, लेकिन उसके लिए जनगणना का काम पहले करना होगा, जिसकी साल 2021 से गाड़ी अटकी हुई है।

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ राज्य का दो हिस्सों में विभाजन के बाद अक्टूबर 2019 में लद्दाख को केन्द्र शासित प्रदेश की मान्यता मिली। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 की समाप्ति पर मोहर लगाते हुए जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए सितम्बर तक चुनाव कराने के आदेश दिये थे, लेकिन लद्दाख राज्य में विधानसभा के गठन के लिए संसद ने कानून में प्रावधान नहीं किये।

अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद नेतागिरी की वजह से कश्मीर और लद्दाख के लोगों को डर है कि बाहरी लोगों के आने से उनकी नौकरी, जमीन और संस्कृति खतरे में आ सकती हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लद्दाख की आबादी दिल्ली की ढाई फीसदी से भी कम है। दूसरी तरफ क्षेत्रफल के लिहाज से यह दिल्ली से 40 गुना बड़ा है। लेकिन लद्दाख के आधिकारिक क्षेत्रफल 1.66 लाख वर्ग किमी में सिर्फ 59146 वर्ग किमी ही भारत के नियंत्रण में है। शेष इलाके पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है, जहां की सीमाएं गिलगित, बाल्टिस्तान और अक्साई चिन से मिलती हैं। लद्दाख के पूर्व में तिब्बत पर भी चीन ने अवैध कब्जा किया हुआ है। इसलिए सीमावर्ती लद्दाख में स्वायत्तता के लिए हो रहे बड़े विरोध प्रदर्शनों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। देश में डबल इंजन सरकार की चर्चा जोरों से होती है, लेकिन निचले हिस्से तक विकास के लिए पंचायतों यानी तीसरे इंजन का सशक्तीकरण भी जरूरी है। इसके लिए साल 1993 में संविधान में 73वां और 74वां संविधान संशोधन किया गया था। जम्मू-कश्मीर में साल 2018 में पंचायतों के चुनाव हुए थे। कानून में बदलाव करके सितम्बर 2018 में पंचायतों को 29 मामलों में अधिकार दिये गये थे। उनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्कूल और आंगनबाड़ी आदि प्रमुख थे। पंचायतों का 5 साल का कार्यकाल 2023 में खत्म हो गया और उसके बाद नए चुनाव नहीं हुए। केंद्र सरकार के अनुसार सीटों के पुनर्गठन के बाद पंचायतों का चुनाव होगा। लोकसभा ने जम्मू-कश्मीर में पंचायती राज के बारे में तीन बिलों को मंजूरी दी है लेकिन लद्दाख में विधानसभा के गठन के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से उलझनें बढ़ रही हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनुच्छेद 371 लागू करने का सुझाव दिया है।

**वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लद्दाख की आबादी दिल्ली की ढाई फीसदी से भी कम है।**

**अनुच्छेद 371 की व्यवस्था :** लद्दाख में दो प्रमुख मांगें हैं। पहली, जनता द्वारा चुनी गई सरकार और स्थानीय प्रशासन, जिसके पास अनेक अधिकार हों। दूसरी, भूमि और संस्कृति की रक्षा के साथ सरकारी नौकरी में आरक्षण। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने पर मुहर लगाते हुए कहा था कि यह प्रावधान संविधान के अस्थायी और संक्रमणकालीन अध्याय-21 का हिस्सा है। उसी तरह से अनुच्छेद 371 भी 21वें अध्याय का हिस्सा है, जिसमें अस्थायी प्रावधान किये गये हैं। अनुच्छेद 371 की संवैधानिक व्यवस्था के माध्यम से धार्मिक या सामाजिक समुदाय को भौगोलिक क्षेत्र में स्वायत्तता के विशेष अधिकार हासिल होते हैं। अनेक संविधान संशोधनों से अनुच्छेद 371 के दायरे में कई राज्यों को शामिल किया गया, जिनमें महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड, असम, मणिपुर, आन्ध्र प्रदेश, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा और कर्नाटक प्रमुख हैं। इसके दायरे में लद्दाख को लाने के लिए संविधान में संशोधन की जरूरत हो सकती है। यह प्रावधान लागू होने पर लद्दाख में स्थानीय संस्कृति के संरक्षण के साथ बाहरी लोगों को सम्पत्ति की बिक्री पर रोक लग सकती है।

**छठी अनुसूची का विकल्प:** संविधान की छठी अनुसूची में किसी राज्य के जनजातीय इलाकों को विशेष संरक्षण देने का प्रावधान है। इसके लिए लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश के कानून में संसद से बदलाव किये जा सकते हैं। छठी अनुसूची लागू होने पर लद्दाख में स्वायत्त जिला परिषद या स्वायत्त क्षेत्रीय परिषद की स्थापना हो सकेगी। उस परिषद में चुने हुए सदस्यों को जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के अधिकार होंगे। परिषद को ग्रामीण प्रशासन, कृषि, वन, शादी, तलाक, उत्तराधिकार जैसे विषयों पर कानून बनाने और उन्हें लागू करने का अधिकार हासिल होगा। सिविल और क्रिमिनल मामलों के लिए परिषद के तहत स्थानीय अदालतों के गठन के लिए भी राज्यपाल मंजूरी दे सकते हैं। प्रशासन चलाने के लिए टैक्स, भूमि-राजस्व, खनिज में रॉयल्टी और व्यापार में कर वसूली का अधिकार भी परिषद को मिल सकता है। स्थानीय स्तर पर टैक्स वसूली के पैसों से परिषद सड़क, अस्पताल, बाजार और स्कूलों का निर्माण करवा सकेगी।

अनुच्छेद 371 और छठी अनुसूची के प्रावधानों में खासा फर्क है। अनुच्छेद 371 अस्थायी और संक्रमणकालीन प्रावधान है, जबकि छठी अनुसूची के प्रावधान स्थायी प्रकृति के हैं। अनुच्छेद 371 के तहत सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था के संरक्षण पर ज्यादा जोर है। दूसरी ओर छठी अनुसूची के अनुसार विशिष्ट क्षेत्र को मिनी राज्य का दर्जा और अधिकार मिल जाता है, जिसके तहत उन्हें कानून बनाने, टैक्स वसूलने, न्यायालय और विकास कार्य करने के अनेक अधिकार हासिल होते हैं।

छठी अनुसूची अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) से संचालित है, जिनमें जनजातीय क्षेत्रों के विकास और ग्रांट के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसलिए अनुच्छेद 371 की बजाय छठी अनुसूची के तहत लद्दाख को ज्यादा अधिकार हासिल होंगे। इसके लिए सरकार को संविधान में संशोधन भी नहीं करना होगा। लेकिन लद्दाख के लिए विशेष व्यवस्था को मंजूरी देने के बाद अन्य राज्यों में भी ऐसी मांग बढ़ने से राष्ट्रीय एकता के लिहाज से मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद मुख्यधारा में लाने के बाद भारत के मुकुट लद्दाख में जनापेक्षाओं को पूरा करने के लिए ठोस और संतुलित कदम उठाने की जरूरत है।

**(लेखक : एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पत्रकार पर मामला दर्ज, डीसी और एसएसपी से निष्पक्ष जांच की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पोटका थाना में बीडीओ अभय कुमार द्विवेदी के द्वारा पत्रकार पर केस करने पर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने पहल शुरू कर दी। मंगलवार को प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह उर्फ पुतुल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला मुख्यालय में डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर शहर के पत्रकारों ने डीसी और एसएसपी से उचित और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिंह पुतुल ने बताया कि पोटका के ग्रामीण पत्रकार बीरेंद्र कुमार सिंह के नाम पर थाना में बीडीओ के द्वारा मामला दर्ज कराने की सूचना मिली थी। इस मामले को प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर ने संज्ञान में लेते हुए डीसी और एसएसपी से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि एक पत्रकार को न्याय मिल सके। इस अवसर पर शंभु शरण, जायस ठक्कर, उमाशंकर दुबे, मनोज सिंह, अकबर, पीयूष कुमार मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, मिंटू, चाणक्य सहित प्रेस क्लब के अन्य पत्रकारगण शामिल रहे।

# मिशन शक्ति और पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर कराया रवाना



जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के द्वारा महिलाओं को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए कई योजना चलाई जा रही है। मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम जिला मुख्यालय परिषद से डीसी अनन्य मित्तल, डीडीसी मनीष कुमार और पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर मिशन शक्ति और पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को रवाना कराया। रथ पूरे क्षेत्र का भ्रमणकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, हिंसा और खतरे से मुक्त माहौल में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने को प्रेरित करेगी। सरकारी योजनाओ के तहत महिलाओं पर देखभाल के बोझ को कम करने व कौशल विकास,क्षमता निर्माण, वित्तीय साक्षरता,सूक्ष्म ऋण प्राप्त करने तक उनकी पहुंच बढ़ाकर महिला श्रम बल की भागीदारी को बढ़ाने के लिए प्रयास किया जाएगा। मौके पर डीसी अनन्य मित्तल ने कहा कुपोषण मुक्त जिला के लिए पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने जिले के सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर काम करने का निर्देश दिया। ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया जिले में 9 से 23 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा। रथ के माध्यम से लोगों को कुपोषण के प्रति जागरूकता,बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल,स्वस्थ गर्भावस्था के लिए आहार संबंधित आवश्यक संदेश दिया जाएगा। इस दौरान पोषण की पढ़ाई,ट्रेडिशनल एंड लोकल डाइट प्रैक्टिस और गर्भवती महिलाओं का हेल्थ जांच किया जायेगा।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के अफसर मो जहूर आलम को एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मो जहूर आलम को दंडित किया गया है। उनकी असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि पर रोक का दंड लगाया गया है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उनके विरुद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतापपुर चतरा के पद पर रहते हुए 2019 में आरोप लगे थे। प्रतापपुर में उनके विरुद्ध बीडीओ के पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त पंचायत सचिव प्रतापपुर श्यामल कुमार को सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत वृद्धा पेंशन वितरण के लिए दी गयी अग्रिम एवं समायोजित राशि 1074200 रुपये के समयोजन अथवा वापसी के लिए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गयी। इससे लक्षित समूह को योजना का लाभ प्राप्त नहीं हो सका। मोआलम के इस कृत्य से सरकारी राशि का दुरूपयोग हुआ। प्रतापपुर में वह दो साल आठ माह तक कार्यरत थे। मामले में दो बार स्पष्टीकरण हुआ। यह बात भी सामने आयी कि एक साथ कई प्रखंड के प्रभार में भी थे। इस वजह से काफी व्यस्तता रही। उनके स्पष्टीकरण की समीक्षा के बाद कार्मिक विभाग ने यह कार्रवाई की है।

# एक को राजभवन, दूसरे को जेल, करप्शन पर सरयू राय के सवाल किस ओर कर रहे हैं इशारा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** करप्शन के खिलाफ मुखर रहनेवाले पूर्व मंत्री और विधायक सरयू राय ने केंद्रीय एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर सरयू राय ने अपनी तस्वीर के साथ पोस्ट कर लिखा है कि करप्शन में एक को राजभवन, दूसरे को जेल। सरयू राय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को करप्शन के मामले में जेल भेजे जाने और बीजेपी नेताओं को करप्शन के ही मामले में छूट मिलने या किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं होने पर सवाल खड़ा किया है। सरयू राय अपने पोस्ट के माध्यम से अपने राजनीतिक विरोधी और बीजेपी दोनों पर निशाना साध रहे हैं। सरयू राय इस पोस्ट के माध्यम से किस ओर इशारा कर रहे हैं, वो राजनीति के जानकार समझ रहे हैं।

# डीसी की पहल पर साप्ताहिक जनता दरबार में पहुंचे ग्रामीण, कई मामले में तत्काल मिला समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** डीसी के निर्देश पर सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र के समस्याओं का समाधान जारी है। मंगलवार को जिला नजारत उप समाहर्ता अनिल टुडू ने बारी -बारी से सभी ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर उन्होंने जनता दरबार से प्राप्त आवेदनों को जाँच के बाद निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों हस्तनांतरित किया। साथ ही कुछ समस्याओं को तत्काल समाधान निकाला। तत्काल समाधान मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए झारखंड सरकार और जिला प्रसाशन के प्रति आभार जताया। जनता दरबार में मुख्य रुप से भूमि विवाद ,लाल राशन कार्ड,आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मत्स्य जीवी स्वालंबी सहकारिता समिति में निबंध करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, एनआईटी जमशेदपुर में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, कुचाई प्रखंड बालू का दर निर्धारित करने, जलमिनार के समीप सूखता गधा का निर्माण, खराब जल मीनार की मरम्मती, बेड सत्र 2019-21 के वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति योजना का लाभ के लिए आवेदन प्राप्त किया गया।

# संजय सेठ का सुवर्ण वनिक समाज ने किया स्वागत



चांडिल(आजाद सिपाही)। भाजपा सांसद संजय सेठ को लोकसभा सीट में दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने पर सुवर्ण वणिक समाज ने खुशी जाहिर की। मंगलवार को चांडिल के ईचागढ़ में समाज के केंद्रीय सह जिला कमिटी द्वारा सांसद संजय सेठ का गजाबजा के साथ हर्ष उल्लास से पगड़ी पहनाकर और अंगवस्त्र भेट कर स्वागत किया। वही जीत की अग्रीम बधाई देते हुए ढेर सारी शुभकामनायें दी। इस अवसर जिलाअध्यक्ष रवि माझी, संजय दत्त, सनोज चंद्र, प्रशांत कुमार पोद्दार, कांचन दत्ता, निर्मल चंद्र, संजय पोद्दार, गोरांगो दत्ता, सतीश पोद्दार,विजय चंद्र, रूही दास,निताई दत्ता,दिपक दत्ता,गणेश सहित समाज के सैकड़ो लोग शामिल रहे।


# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में जड़ा ताला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने रांची विश्वविद्यालय मुख्य प्रशासनिक भवन में ताला जड़ दिया है। ताला जड़ने आये लोगों का कहना है कि मारवाड़ी कॉलेज में स्नातक सत्र 2021-24 में पढ़नेवाले सभी छात्रों को प्रमोट कर दिया गया है। छात्रों का आरोप है कि एक घंटा पहले मारवाड़ी कॉलेज में धरना दे रहे थे, वहां के कर्मचारियों ने छात्रों के साथ बदसलूकी की, जिससे नाराज होकर छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे और अपनी मांग को लेकर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रशासनिक भवन में ताला जड़ दिया।

# एसपी के निर्देश पर आदित्यपुर में चला एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी अनीश टोप्पो के निर्देश पर आदित्यपुर सेरे पंजाब चौक के समीप एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। मंगलवार को अभियान के दौरान आदित्यपुर पुलिस के द्वारा सभी वाहनों का सघन जांच किया गया। अभियान में पुलिस के द्वारा रफ ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों पर विशेष ध्यान रखा गया। जाँच के दौरान बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल सवार लोगो को चेतवानी दी गयी। साथ ही सड़क से गुजर रही चार पहिया वाहनों का डिक्की का सघन जांच की गई। थाना प्रभारी नीतिन कुमार सिंह ने बताया कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर एंटी क्राइम चेकिंग चलाया जा रहा है। चेकिंग के माध्यम से अवैध हथियार सहित तस्करी को रोकना पुलिस की प्राथमिकता है। ताकि क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घटे और क्षेत्र में अमन चैन कायम रहे। उन्होंने स्थानीय लोगो से बिना हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग और वाहन के कागजात के बिना वाहन नही चलाने का आग्रह किया। ताकि कोई भी अप्रिय घटना न घट सके। जांच अभियान में आदित्यपुर थाना प्रभारी नीतिन कुमार सिंह सहित सशस्त्र पुलिस बल मौजूद रहे।

## खलिहान में रखी फसल जल कर राख



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बुल्का गांव अंतर्गत गिजीनिया टोला में संजय यादव के खलिहान में रखे 200 बोझा अरहर व लगभग 100 बोझा सरसों जलकर खाक हो गया। पीड़ित संजय यादव ने बताया कि तीन एकड़ में लगे फसल को काटकर अपने खलिहान में रखा था। इसी दरम्यान पूरी फसल में आग लग गई। जिसे बुझाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन आग इतना भयानक था की आग पर काबू नही हो पाया। उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि आलोक सिंह, प्रमोद यादव,अजय यादव,रमेश राम,जय पाल सिंह,मुंशी यादव,इस्लामुद्दीन अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## समस्याओं को हल कर पंचायत का किया जा रहा है विकास : मुखिया



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सिलीदाग पंचायत में मंगलवार को मुखिया अनिता देवी ने चबूतरा मरम्मती व सुंदरीकरण कार्य की शुरूआत नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि पंचायत की समस्याओं का हल कर विकास किया जा रहा है। उसी कड़ी में उक्त चबूतरें मरम्मती की मांग बहुत दिनों से स्थानीय लोगों द्वारा की जा रही थी। यहां पर आस पास के लोगों के साथ ही साथ दूर दूर से भी लोग इस चबूतरे पर मौजूद वट वृक्ष के नीचे बैठ कर पूजा पाठ करने आते है। जिसके परेशानी को देखते हुवे उक्त कार्य का शिलान्यास किया जा रहा है। कहा की इस चबूतरे की मरम्मती एवं सुंदरीकरण हो जाने से अब लोगों को यहां पूजा करने में कोई दिक्कत नही होगी। मौके पर उप मुखिया सुनीता देवी ,उपेंद्र शर्मा, आर्केश चंद्रवंशी,सोमारू बारी शत्रुधन चंद्रवंशी,धर्मेंद्र चंद्रवंशी, मृत्युंजय शर्मा ,एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## इलाज के अभाव में महिला की मौत



**कांडी (आजाद सिपाही)।** बेहद गरीब एक महिला मजदूर की इलाज के अभाव में मौत हो गई। यह मंगलवार सुबह की घटना है। यह कांडी थाना क्षेत्र के नयनाबार गांव की घटना है। इसी गांव के निवासी बिमल रजवार की पुत्री की मृत्यु हो गयी। उसे जॉडीस हो गया था। स्थानीय स्तर पर हल्का फु ल्का इलाज हुआ। लेकिन पैसे के अभाव में बाहर नहीं ले जाया जा सका। नयनाबार गांव में उसका मायका था। उसकी ससुराल पतरिया पंचायत के जतरो गांव में थी। वह बहुत ही गरीब परिवार से थी। मृतका के पिता व पति घोर गरीबी व बेकारी से त्रस्त होकर दोनों परदेस पलायन कर मजदूरी करने बाहर गए हैं। मृतका के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। कांडी मुखिया विजय राम के द्वारा मृतका के अंतिम संस्कार के लिए दो हजार रुपए का सहयोग दिया गया।

## डाक मेला का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत भवन पर बुधवार को डाक मेला का आयोजन किया जाएगा। भारतीय डाक विभाग के द्वारा कांडी प्रखंड क्षेत्र के खुटहेरिया पंचायत भवन पर 13 मार्च 2024 को सुबह 11:00 बजे से डाक मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत आम जनों से संबंधित डाक विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। पलामू जिला के मोहम्मदगंज सब पोस्ट ऑफिस के तहत कांडी प्रखंड क्षेत्र के सभी डाकघर काम करते हैं। मोहम्मदगंज सब पोस्ट ऑफिस के द्वारा ही इस डाक मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी सूचना खुटहेरिया पंचायत के रोजगार सेवक शिव शंकर राम को दी गई है। प्राप्त सूचना के अनुसार मेला में बचत खाता, आवर्ती बचत खाता, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएलआई, आरपीएलआई, इंश्योरेंस (बीमा) एमआईएस, एनपीएस, किसान बचत पत्र, नया आधार कार्ड बनाना एवं आधार कार्ड में सुधार, पैन कार्ड बनवाना, सूर्य ऊर्जा रजिस्ट्रेशन एवं पीपीएफ के आलावे डाकघर से संबंधित अन्य कई तरह की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी जाएगी। डाक परिवार मोहम्मदगंज उप डाकघर के द्वारा अधिक से अधिक आम लोगों से इस कार्यक्रम में भाग लेने एवं लाभ उठाए जाने की अपील की गई है।

# गरीबों के उत्थान का कार्य मोदी जैसा किसी ने नहीं किया : भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को छः मईलवा मुख्य पथ से लेकर बरवाबांध टोला होते हुए बगही मुख्य पथ तक बनने वाली कालीकरण पथ निर्माण का शिलान्यास पूजा अर्चना के उपरांत गाँव के ही बुजुर्ग लखन राम के हाथो करवाया। उक्त सड़क का निर्माण आरडब्लूडी के तहत 3 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से कराई जायेगी। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि यह सड़क जर्जर हो गया था। बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़युक्त हो जाता था, लेकिन आज इसका शिलान्यास कर चमचमाता हुआ सड़क का




निर्माण कराने जा रहा हूँ। यहाँ के जनता ने मुझे हर समय साथ देने का काम किया है। कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने गरीब के उत्थान के लिए जितना कार्य किया है, उतना किसी भी पीएम ने नही किया है। उन्होंने लोगो से आगामी आम चुनाव में एक फिर से नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने के लिए उन्हें वोट करने की अपील किया। कार्यक्रम का संचालन अनुमंडल विधायक प्रतिनिधी दयानंद सोनी ने की।

इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रदेव प्रसाद यादव, संजय यादव, अनिल चौबे, सुनील सिंह, भानु गुप्ता, रवि पाल, प्रदीप यादव, निरंजन पाठक, अनिल राम, शेरबहादुर राम, धनंजय साह, लल्लू ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने पांच अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** डंडई थाना पुलिस ने अलग-अलग पांच मुकदमों के अभियुक्तों के खिलाफ मंगलवार को डुगी ढोल नगाड़ा बजा कर उनके गांव के चौक चौराहे व घर के दीवारों इस्तेहार चिपकाया गया। मालूम हो कि ग्राम झोतर निवासी शिव पूजन परहिया,धनंजय परहिया,रामकरण परहिया,लाला परहिया सभी के पिता भूपदेव परहिया तथा लवाही कला निवासी सुरेंद्र कुमार प्रजापति पिता भंगरू प्रजापति का माननीय न्यायालय गढ़वा के द्वारा जारी इस्तेहार को डंडई थाना पुलिस अधिकारी एएसआई राधा मोहन यादव के द्वारा डुगी ढोल नगाड़ा बजवाकर गांव के चौक चौराहों तथा अभियुक्त के घर के दीवालों पर चिपकाया गया । पूछे जाने पर एएसआई राधा मोहन यादव के



द्वारा बताया गया की न्यायालय द्वारा निर्गत इस इस्तेहार को चौक चौराहें एवं अभियुक्त के घरों पर चिपकाने के बाद यदि अभियुक्त कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो अग्रिम कारवाई के रूप में कोर्ट के आदेश पर घर कुर्की जपती की जा सकती है ।

# मारपीट के आरोप में एसएमसी अध्यक्ष पर प्राथमिकी दर्ज

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय विकताम के शिक्षक ओम प्रकाश कुमार ने मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह पर जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज एवं मारपीट करने तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आवेदन में कहा गया है कि एक बच्चा के अभिभावक से बात कर रहे थे उसी समय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह पिता उमेश्वर प्रसाद सिंह जो विकताम गांव के ही रहने वाले हैं, उन्होंने अभिभावक से बात करने का विरोध करते हुए गाली गलौज करने लगे। उनके तेवर देखकर मैं



कार्यालय में चला गया, उन्होंने पीछे से आकर मुझे बच्चों तथा अभिभावक के सामने ही लप्पड़ थप्पड़ मारने लगे। इसी बीच उन्होंने कहा की स्कूल से बाहर निकलो गोली मार कर फेंक देंगे। आवेदन में कहा गया है कि बच्चों के अधिकार का पढ़ाई बाधित कर सरकारी कार्य को बाधित किया गया है। घटना के बाद विद्यालय के कई शिक्षक थाना पहुंचकर थाना प्रभारी विष्णुकांत को घटना की जानकारी देते हुए हुए आवेदन दिया गया।

# 'मेरी पंचायत मेरी पहचान' आधारित मुखिया कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पिरामल फाउंडेशन द्वारा 'मेरा पंचायत मेरा पहचान' आधारित एकदिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, डीपीएम शाहनवाज अंसारी और मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष शरीफ अंसारी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान रंका, मेराल, रमना, मंझिआंव और गढ़वा के 40 मुखिया के बीच जीपीडीपी और जीपीपीएफटी विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके साथ ही हाई कॉस्ट, लो कॉस्ट और नो कॉस्ट एक्टिविटी पर चर्चा हुई।

पिरामल टीम से कुंतल पल ने कोलाबरेशन, कन्वर्जेंस और कंपटीशन को पंचायत के सर्वांगीण विकास में उपयोगी बताया। प्रोग्राम



मैनेजर कमल मिश्रा ने कहा कि पंचायतों का विकास तभी संभव है जब हम लोग सही प्राथमिकताओं को तय कर काम करेंगे। प्रोग्राम लीडर कामेश कुमार ने एक्टिविटी के माध्यम से सभी मुखिया को यह बताने का प्रयास किया, कि किसी कार्य के सकारात्मक परिणाम के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना पड़ेगा अकेले एक व्यक्ति से विकास कार्य संभव नहीं है।

इस दौरान सभी मुखिया ने एक्टिविटी के माध्यम से अपने पंचायत की सबसे बड़ी समस्या और उसका समाधान ढूढने का प्रयास किया। मुखिया ने कहा, शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे हम पंचायत के सभी समस्याओं का निदान कर सकते हैं फिर हमें अपने विकास के लिए सरकार से अबुआ आवास जैसी योजनाओं की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही ग्राम सभा से हम सभी समस्याओं का हल निकाल सकते हैं। इस कार्यशाला के दौरान सभी मुखिया ने जीपीडीपी. थीम के चयन की महत्वता को समझा और उनमें जीपीडीपी. थीम चयन प्रक्रिया को लेकर बेहतर समझ बनी। इस दौरान सभी 40 पंचायत के मुखिया ने पंचायत को जीरो ड्रॉपआउट बनाने का संकल्प लिया।

इस प्रोग्राम का आयोजन गढ़वा के बंधन मैरिज हॉल में किया गया। जहां पंचायती राज पदाधिकारी, डीपीएम, पिरामल फाउंडेशन की स्टेट टीम से कुंतल पल और प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा प्रोग्राम लीडर कामेश कुमार, शिल्पा कुमारी गांधी फैलो पूजा यादव, जयश्री देशमुख पिरामल हेल्थ टीम से मजहर, जहीर, मो. इकलाख 40 पंचायत के मुखिया समेत 100 लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट की ओर से आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रातः कालीन योग कक्षा का संचालन सत्यनारायण दुबे एवं सोशल मीडिया राज्य मीडिया प्रभारी संतोष पांडे ने किया ।सत्यनारायण दुबे ने योगिक जॉगिंग ,सूर्य नमस्कार के साथ-साथ अन्य कई आसान और प्राणायाम के अभ्यास कराए। तत्पश्चात यज्ञ का आयोजन यज्ञ प्रभारी सुशील केसरी ने किया । इस अवसर पर डॉक्टर अशोक कुमार ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन इस महाविद्यालय में समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवे। उन्होंने



बच्चों एवं शिक्षकों से प्रतिदिन प्रातः योग करने एवं पढ़ लिखकर महान व्यक्ति बनने की बात कही। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी ने डॉक्टर अशोक कुमार ,पतंजलि योग समिति के सभी कार्यकर्ता ,महाविद्यालय की छात्र-छात्राएं, विभिन्न योग कक्षाओं के योग शिक्षक और योग शिविर में भाग लेने वाले साधको को धन्यवाद दिया । इस प्रकार कार्यक्रम बड़े ही सुखद वातावरण योग शिविर संपन्न हुआ। कल से कृषि महाविद्यालय के सभागार में नियमित योग कक्षा प्रातः 5:00 बजे से 7:00 बजे तक संचालित होती रहेगी

# एनडीआरएफ ने किया भूकंप आधारित मॉक अभ्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एनडीआरएफ बतलियां ने पुलिस केन्द्र में सुरक्षा प्रोग्राम के तहत भूकंप पर आधारित मॉक अभ्यास तथा प्रदर्शनी लगाकर जागरूक अभियान चलाया। भूकंप आने पर किस प्रकार सुरक्षात्मक सावघानीया बरतनी चाहिए तथा आपदा के दौरान आपदा प्रबंधन समीति के अन्तर्गत गठित ारस्पांस टीमों के जिम्मेवारी एवम कार्यों को संतोष कुमार, सहायक कमाण्डैट की निगरानी में 9वीं बटालियन एन०डी०आर०एफ० की टीम ने डेमों के माध्यम से बखूबी समझाया। इस कार्यक्रम के दौरान कई लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया । इस संबंध में सहायक कमांडेट संतोष कुमार ने बताया कि 9 बटालियन एनडीआरएफ की टीम दवारा भूकम्प आने पर अपनाये जाने वाले सुरक्षात्मक पहलूओं तथा रेस्पांस मैकेनिज्म को भी बताया गया तथा इसका अभ्यास करवाया गया। उन्होंने



आगे बताया कि आपदा को रोका नहीं जा सकता लेकिन आपदा से पूर्व हमारी तैयारी प्रशिक्षण तथा जागरूकता निश्चित तौर पर आपदा से होने वाले नुकसान को रोक सकता है। किसी भी प्रकार के आपदा आने पर घबडाये नहीं बल्कि सूझबूझ के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाये। इस आयोजन में अनुमंडल पदाधिकारी श्री विजय कुमार, एनडीआरएफ के श्री संतोष कुमार, सहायक कमान्डेट, परिचारी प्रवर श्री संदीप कुमार, स्वास्थ विभाग से डॉक्टर जे पी ठाकुर, निरीक्षक रणजीत कुमार, परिचारी श्री पंकज कुमार भारती, स्थानीय प्रशासन के पदाधिकारी इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे !

उन्होंने आगे बताया कि सर्वप्रथम डेमो के माध्यम से आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारियों दी गई। तत्पश्चात भूकंप आने पर ड्रिल का प्रशिक्षण तथा अभ्यास कराया गया और आपदा में फंसे लोगों को बचाते हैं किस तरह से सुरक्षा उपाय अपनाना चाहिए और इससे होने वाले नुकसान को कैसे कम किया जाये एवं साथ ही एनडीआरएफ दवारा आपदा प्रबंधन उपकरणों का एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और कार्यक्रम के अन्त में श्री संतोष कुमार सहायक कमान्डेट 9 बटालियन एनडीआरएफके दिशा-निर्देश पर भूकंप सुरक्षा एवं भगदड़ पर आधारित मॉक ड्रील के दौरान किए जाने वाले निष्काशन ड्रिल का आयोजन किया गया।

# अंतिम समय में पक्का मकान दर्शा कर सूची से नाम काटने पर महिलाएं आक्रोशित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** अबुआ आवास के योग्य लाभुकों का अंतिम समय में पक्का मकान दर्शा कर सूची से नाम काटे जाने पर आक्रोशित योग्य महिला लाभुको का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार को भवनाथपुर पंचायत के लगभग तीन दर्जन अधिक अबुआ आवास के महिला लाभुक मुखिया बेबी देवी के नेतृत्व में प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान आक्रोशित महिलाओं ने अबुआ आवास के कोर्डिनेटर अशोक कुमार के साथ धक्का मुक्की करते हुए उसे बीडीओ के पास लेकर पहुंचे। शशि देवी, शकुंतला देवी, सिमित्रा देवी, अमरावती देवी, इंदु देवी, सरिता देवी, नगीना देवी, रेखा देवी, रीना कुंवर,



अभिषेक कुमार आदि लाभुकों ने बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास के कोर्डिनेटर तथा जांचकताओं की मिलीभगत से हमसभी के कच्चे मकान को सूची में पक्का मकान दर्शाकर आवास से वंचित किया जा रहा है। लाभुकों ने आरोप लगाया कि हमसभी का योग्य लाभुक सूची में नाम था, और पैसा भी खाते में जाने वाला था, लेकिन अंतिम समय में जांचकताओं और कोर्डिनेटर द्वारा पक्का मकान वाले लाभुकों से मोटी रकम की उगाही करके योग्य लाभुक सूची में नाम जोड़ते हुए उनके खाते में आवास का पैसा डाल दिया गया है। लाभुकों ने बीडीओ से किस कारण कच्चा मकान को पक्का मकान दशार्या गया है, इसकी सूची मांगे जाने पर बीडीओ ने कहा कि आप सभी लिखित में आवेदन दे मैं खुद एक एक लाभुकों के घर पहुंचकर इसकी जाँच करूँगा और अबुआ आवास का लाभ दिया जायेगा।

**लाभुक ने जांचकर्ता पर लगाया आवास दिलाने के नाम पर पैसा मांगे जाने का आरोप :** अबुआ आवास के लाभुक दिव्यांग पवन कुमार ने बीडीओ से जांचकर्ता सह पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद के उपर आरोप लगाते हुए कहा कि जांचकर्ता विष्णु प्रसाद मेरे घर का जिओ टैग करने पहुंचे तो उन्होंने आवास दिलाने के नाम पर मुझसे 10 हजार रुपए की मांग किया। वें पैसा के लिए लगातार मुझे फोन करते रहे लेकिन मेरे पास पैसा नही होने के कारण मैं उन्हें आवास के लिए पैसा नही दे सका, जिसका नतीजा रहा कि प्राथमिक सूची में मेरा नाम होने के बाद भी आवास स्वीकृत नही हो सका। जबकि पूछे जाने पर जांचकर्ता विष्णु प्रसाद ने कहा कि लाभुक द्वारा पैसा मांगने संबंधी लगाया गया आरोप गलत है। वहीं बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि मामले की जाँच कर अबुआ आवास में पैसा मांगने वाले संबंधित कर्मी के उपर कार्रवाई की जायेगी।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Hazaribag.**

**Notice Inviting e-quotation**

**Notice No. - 02 DWSD/HZB/MECH/QUOTATION/2023-24(2nd Call)**

Quotations through e-tender are invited for rates of items / materials annexed as Annexure-1 for framing estimates of Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works from Reputed Manufacturers / authorized dealers having valid GSTIN of materials. The rates conforming to specifications shall be submitted online in the website Http://Jharkhandtenders.gov.in. Details of items /materials and its Specifications for Supply, Installation and commissioning of Pump set and Electro Mechanical Works under D.W & S mechanical Division Hazaribag are available on the above e-tender portal. Terms and condition will be available in website. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 13.03.2024 at 10:30 hrs. to 19.03.2024 at 16:00 hrs. The quotation will be opened on 21.03.2024 at 10: 30 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of items /materials at par with lowest market rate, so that it can be incorporated in framing of estimates for the required works under D.W&S Mechanical Division Hazaribag.

**Address for Communication:-**
Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Mechanical
Division Hazaribag
e- Mail ID:- dwsdhazmech2010@gmail.com

Sd/-
Executive Engineer
DW&S, Mechanical Division Hazaribag

PR 322366 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार में मंगलवार को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। मंगलवार के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन विवाद, मुआवजा, राशन, पेंशन, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये जिसे उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार के दौरान उपायुक्त महोदया ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# इंडी गठबंधन के नेताओं को इडी कर रही है परेशान : रामप्रवेश यादव

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा लातेहार समाहरणालय के समक्ष देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा पुतला दहन किया गया।



पुतला दहन करने के बाद लातेहार जिला के जिला अध्यक्ष राम प्रवेश यादव ने कहा कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार इंडिया गठबंधन के नेताओं को देश में आवाज बुलंद नहीं करने देना चाहती है और लोकतंत्र की जगह राजतंत्र की व्यवस्था कर रही है। जिससे इंडिया गठबंधन के नेता को परेशान और हताश किया जा रहा है। इडी के माध्यम से इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को बारी-बारी से बिना कोई सूचना के और बिना कोई सबूत के जेल भेजने का काम कर रही है, जिससे देश में राजतंत्र जैसा व्यवस्था खड़ी करने में भाजपा की सरकार कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है।

भाजपा की सरकार आने वाले दिनों में देश के अंदर राज करती है तो अंग्रेजो जैसा व्यवहार विपक्षी नेताओं के साथ होना तय माना जा रहा है। आज की भाजपा सरकार जिस तरह से बारी-बारी से नेताओं को जेल भेजने का काम कर रही है। परिवर्तन निदेशालय केंद्र की सरकार का एजेंट बंद कर देश की जनता को परेशान करने का काम कर रही है। इसके खिलाफ हम सभी जनता को आने वाले लोकसभा में और विधानसभा में मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। वही भावी प्रत्याशी विधानसभा सुरेश राम ने कहा कि भाजपा की सरकार विपक्षी नेताओं को विपक्ष की पार्टी में रहने वाले जनता को भी एक-एक करके जेल में डालने का आने वाले दिनों में कार्य करेगी हम लोग एकजुट होकर आने वाले दिनों में मुंहतोड़ जवाब वोट के माध्यम से देना है।

भाजपा की सरकार विपक्षी नेताओं के साथ ऐसा करके जनता में डर पैदा करना चाहती है। हम भारत के लोग अंग्रेज जैसे लोगों से डर के नहीं भेज तो भाजपा के लोगों से भाजपा की सरकार से डरने वाले नहीं है। वही मनिका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय जनता दल के भावीप्रत्याशी रघु पाल सिंह ने भी कहा कि हम आदिवासी भाजपा के लोगों से भाजपा के करतूत से डरने वाले नहीं है, हम लोग हमेशा गलत करने वाले लोगों से लड़ने का काम किया है। भाजपा की सरकार हम लोग को डरायेगी तो हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे और आने वाले चुनाव में हम सभी एक झूठ होकर भाजपा की सरकार को कुर्सी से हटा देंगे। मौके पर अजीत कुमार श्रीवास्तव, प्रीत लाल यादव, निजामुद्दीन अंसारी, बबलू गिरी, दिलेश्वर यादव समेत कई लोग पुतला दहन में शामिल थे।

## शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने लावापानी जलप्रपात का आनंद उठाया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राओ को शैक्षणिक भ्रमण के लिए लावापानी जलप्रपात ले जाया गया। वहां छात्र-छात्राओं ने लावा पानी के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लियो छात्र-छात्राओं को वहां के इतिहास के बारे में बतलाया गया और ये भी बताया गया कि क्यों उसका नाम लावा पानी रखा गया है। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि लावा पानी जलप्रपात की मुख्य विशेषता है कि यहां का पानी जब पत्थर पर गिरता है तो वह पूरा लावा के समान दिखता है। यह दृश्य देखने में बहुत ही मनोरम थो शैक्षणिक भ्रमण में कुल 45 छात्र- छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल थे।

## बाइक और कार की टक्कर में एक घायल



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** रांची लोहरदगा मुख्य पथ के भैसमुंदो चर्च के समीप मंगलवार को रांची निवासी मोटर पार्ट्स की व्यापारी रमाकांत सिंह को विपरीत दिशा से आ रही कार की चपेट में आने से बुरी तहत से घायल हो गए । सड़क में पड़े घायल व्यापारी को लोहरदगा की ओर से आ रहे पत्रकार वसीम खान ने टेंपो से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया । जहा डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रेफर कर दिया। बताया जाता है कि व्यापारी रमाकांत अपनी बाइक से रांची से लोहरदगा आ रहा था। इसी बीच भैसमुंदो चर्च के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑल्टो कार ने ठोकर मार दी। इस घटना में रमाकांत का एक पैर तीन जगहों से बुरी तहत टूट गया। सड़क के पड़े घायल को पत्रकार वसीम अंसारी ने टेंपो की मदद से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर के अनुसार पैर पर तीन जगह पर टूटा हुआ है। परिजनों से बातचीत के बाद रिम्स रांची रेफर किया गया है। घायल रमाकांत सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इधर भंडरा पुलिस के द्वारा दुर्घटना के बाद कार के साथ ड्राइवर एवं मोटरसाइकिल को जप्त कर पड़ताल शुरू कर दिया है।

# डीसी की अगुवाई में कृषि और संबद्ध विभागों की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में कृषि व इससे संबद्ध विभागों की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा की गयी। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में भौतिक व वित्तीय प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें बीज वितरण, कृषक पाठशाला अंतर्गत किये गये निर्माण कार्य, उनका भौतिक सत्यापन, कर्मियों का मानेदय भुगतान आदि पर चर्चा की गई। आकाशी ग्राम में एग्रीमार्ट गांव का मॉडल अंतर्गत जैविक खेती, लिफ्ट इरीगेशन, जीवामृत व वर्मी कंपोस्ट तैयान करना आदि पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना में आच्छादन से संबंधित प्रमाण-पत्र राज्य को भेजे जाने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। ई-केवाइसी के लंबित मामले में त्रुटि सुधार कर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

भूमि संरक्षण की समीक्षा में विभाग द्वारा संचालित योजना में लाभुकों के चयन हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा डीप बोरिंग, पक्युर्लेशन टैंक, पंपसेट वितरण, मिनी टैज्क्टर का वितरण आदि योजनाओं में बाकी बच गये लक्ष्य में लाभुकों का चयन एक सप्ताह के अंदर कर सत्यापन का कार्य करा लिये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में सहकारिता, पशुपालन, गव्य विकास, उद्यान आदि विभागों के संचालित योजनाओं व वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला कृषि पदाधिकारी शिव पूजन राम, जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी नीलम सरोज एक्का, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी संजय राम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वंदे भारत ट्रेन को लोहरदगा होकर चलाने की मांग को लेकर भाजपाइयों ने सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा लोहरदगा रेलवे स्टेशन में हो रहे कार्यो की प्रगति देखने हेतु विशेष ट्रेन से लोहरदगा स्टेशन पहुंचे। जहां लोहरदगा भाजपा के नेता ओम प्रकाश सिंह, माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन, बार एसोसिएशन के देवाशीष कार ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रांची से वाराणसी वंदे भारत नई ट्रेन को लोहरदगा टोरी होकर 3 दिन चलने से लोहरदगा गुमला सिमडेगा तथा छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों के लोगों को काफी सहूलियत होगी तथा लोहरदगा में विकास की संभावनाएं बढ़ने की बात बताई गई। साथ ही दिल्ली गरीब रथ, आनंद विहार स्वर्ण जयंती एक्स, जम्मू तवी एक्स, रांची अजमेर शरीफ गरीब नवाज एक्स, बरकाकाना पटना पलामू को वाया लोहरदगा टोरी 2 दिन चलाने, हावड़ा अहमदाबाद एक्स का टोरी में स्टॉपेज, टोरी में रेलवे फाटक में ब्रिज, लोहरदगा में बॉक्साइट डंपिंग यार्ड हटने वाली है इस स्थान पर रेलवे यार्ड बने ताकि हटिया का भार कम हो तथा वहां से छूटने वाली ट्रेन लोहरदगा से छूटे, रांची से टोरी वाया लोहरदगा रेलवे लाइन का दोहरीकरण की मांग की गई। लोहरदगा स्टेशन में एक और फुट ओवर ब्रिज, दो लिफ्ट ,प्लेटफार्म नंबर एक और दो में हो रहे धीमी गति कार्य पर गति लाने, रिटायरिंग रूम, कैंटीन, भीआईपी रूम आदि विषयों पर भी बात की। जिस पर महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने पुरी गंभीरता से सारी बातों को सुना और कहा कि लोहरदगा का भविष्य बहुत अच्छा है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने की सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव को ले सेक्टर पदाधिकारियों, सुपरवाइजर व अन्य चुनाव कर्मियो के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस अवसर पर बीडीओ ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव नजदीक है कभी भी आदर्श सहिता लग सकती है सभी अपने-अपने क्षेत्र के बूथों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा बूथों पर जाकर करें और वहां पाई जाने वाली कमियों की सूचीबद्ध कर सम्बंधित पदाधिकारियों को इसकी रिपोर्ट करें ताकि चुनाव पूर्व सभी मूलभूत सुविधाओं से बूथ लैस हो सकें। वहीं बैठक में शामिल थानाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से भी अपने स्तर से मतदान केंद्रों का निरीक्षण, भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली, रूट चाट, आवागवन के साधन जैसी मतदाताओं की सुविधा का जायजा लेने की बात कही। बैठक मे थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह, बीइइओ जयनाथ महतो, मनोज कुमार, नवप्रभात कुजूर अलावे अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महुआडांड़ के कांग्रेस नेता राकेश कुमार ने की घर वापसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड।** महुआडांड के कांग्रेस नेता राकेश कुमार मंगलवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के समक्ष घर वापसी किये। राकेश कुमार के पुनः घर वापसी किये जाने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद व जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने भाजपा का पट्टी पहनाकर स्वागत किये। वहीं उपस्थित भाजपाईयों ने ताली बजाकर व नारे लगाकर भाजपा में स्वागत किये। भाजपा में शामिल होने के बाद राकेश कुमार ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी में जमीनी स्तर से हूँ। थोड़े दिन के लिए बिछुड़ गया था। भाजपा को मैं अपनी माँ के समान मानता हूँ। और मैं इसकी सेवा तन मन से करूंगा। राकेश कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है। सबका साथ सबका विकास करना ही पार्टी की नीति है। मौके पर उपरोक्त भाजपाई के अलावे आनंद नाथ शाह समेत काफी संख्या मे भाजपाई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बिजली चोरी के आरोप में 24 लोगों पर मामला दर्ज

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा प्रखंड के माल्हन पंचायत के ग्राम गनियारी के टोला प्रतापिताड़ के लोगों के द्वारा अवैध रूप से बिजली अपने अपने घरों जलाया जा रहा था। इसी बीच लातेहार बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता के द्वारा अभियान चलाया गया। अभियान में जांच किया गया तो प्रतापिताड़ में ही 24 घर के लोग अवैध रूप से चोरी कर बिजली जलाने का कार्य कर रहे थे। बिजली विभाग के अभियंता के निर्देश पर चंदवा थाना में मामला दर्ज कराया गया और जुर्माना भी लगाया गया। जिसमें ललिता देवी, हरिकम लोहारा, तेतरी देवी, सूरजमानी देवी, रीता देवी, ब्रह्मना मुंडा, सुनीता देवी, यात्री देवी, लालधारी गंझू, रिलीप चंद्र, गंझू, रामप्रसाद गंझू, फूलों देवी, सतीश कुमार, घनश्याम साहू, उमेश साहू, रामदेनी साहू, शशि साहू, राम गणेश लोहार समेत अन्य लोगों पर बिजली विभाग के द्वारा क्षतिपूर्ति राशि के साथ मामला दर्ज कराया गया है।

# करियर चयन को लेकर छात्रों का असमंजस में होना आम बात : पीडीजे

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय, कुजरा, लोहरदगा में विधिक जागरूकता शिविर के साथ करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया । इस अवसर पर कुजरा आवासीय विद्यालय के छात्राओं ने बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के ऊपर नाट्य मंचन किया । नारी अस्मिता को लेकर काव्य पाठ, महिला सशक्तिकरण को लेकर भाषण का आयोजन किया गया । विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । इससे पूर्व कार्यक्रम का शुरूआत एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय के प्राचार्या अमृता मिश्रा ने किया । बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल जो विद्यालयों में चलाए जा रहे विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अवलोकन करने के उद्देश्य उपस्थित थे ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करना हम सब का दायित्व है लेकिन विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह पाठ्य पुस्तकों में पढ़ रहे सिद्धांतों का अपने जीवन में अनुकरण करते हुए समाज के उन दुगुर्नों को दूर करें जिससे समाज अभी भी अछूता नहीं है । बाल विवाह, डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, एवं चारों ओर फैली गंदगी को लेकर पीडीजे ने उपस्थित छात्राओं एवं लोगों को आगाह किया और कहा कि स्वच्छता एवं सफाई का हम सबको ध्यान रखना है । इस मौके पर कई छात्राओं ने पीडजे के रूप में कार्य संपादन में आ रही समस्याओं एवं चुनौतियां को लेकर अपने प्रश्न रखे । साथ ही साथ बच्चों ने कानून के क्षेत्र में करियर बनाने को लेकर पीडीजे से जानकारियां प्राप्त किया।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी अम्बा टोली के समीप अहले सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर को प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह के अंगरक्षक, चालक एवं थाना के पुलिस द्वारा जब्त कर थाना लाया गया। जिस पर अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई किया जायेगा। विदित हो कि डांडू मादा कोयल नदी से अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन का मामला संज्ञान में आते ही पुलिस द्वारा अंकुश लगाने की दिशा में कदम उठाया गया। जिसके तहत दो ट्रैक्टर को जब्त कर अग्रतर कारवाई किया जा रहा है। इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि सूचना सत्यापन के दौरान अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। जिसे खनन अधिनियम के तहत जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।

## शादी की जानकारी मिलने पर समृद्ध कन्या वेलफेयर संस्था के सचिव ने सहयोग राशि प्रदान की



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत उरु कदमटोली ग्राम में समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर गुमला के तत्वाधान में कदमटोली निवासी बिशु उरांव की पुत्री चन्द्रमुनी कुमारी को संस्था के पंचायत समन्वयक जगसेनी दास के माध्यम से इस बच्ची की शादी के बारे में जानकारी मिलने पर समृद्ध कन्या वेलफेयर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव द्वारा चेक के माध्यम से सहयोग राशि प्रदान किया गया। वही समृद्ध कन्या पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट के अलौदी पंचायत समन्वयक ने कहा कि बेरोजगारी हमारे देश की एक गंभीर समस्या है और बेरोजगारी के कारण ही आज युवा लोग भटक कर गलत कदम उठा रहे हैं। जिसे संस्था द्वारा रोकना एक उद्देश्य है। मौके पर संस्था के सचिव सुरेंद्र उरांव, समन्वयक जगसेनी दास, बिशु उरांव, चन्द्रमुनी कुमारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सहिया ने आवासीय प्रशिक्षण कराने को लेकर जिप सदस्य को मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत काम करने वाली स्वास्थ्य सहियाओ का आवश्यक प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय को छोड़ लगभग 100 किलोमीटर दूर महुआडांड़ प्रखंड के बरदौनी मे आयोजित किए जाने के आदेश के बाद स्वास्थ्य सहियाओ दूरी के साथ-साथ आर्थिक समस्या समेत कई परेशानियों का हवाला देते हुए अवसीय प्रशिक्षण की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर , और प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज से मुलाकात की । स्वास्थ्य सहिया ने बताया की प्रखंड की सभी सहिया का पूर्व में आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड स्तर पर होता रहा था पर इस बार मुख्यालय से इतना दुर कर दिया गया। जबकि हम सभी को एक मजदूर के बराबर मजदूरीब भी नहीं मिलता जिसे परिवार चलाना मुश्किल हैं। मामले को लेकर जिला परिषद सदस्य के द्वारा जिले के उपायुक्त और सिविल सर्जन को मेल के माध्यम से पत्र भेजकर प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड मुख्यालय में ही संचालित करने की बात कही साथ ही मुख्यालय से दूर होने वाले प्रशिक्षण में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से भी अवगत कराया । उधर प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज ने पूरे मामले में सिविल सर्जन से बात करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड क्षेत्र में चलने को लेकर कहा ताकि परेशानी किसी को न झेलनी पड़े। मौके पर लालमुनी समेत, संगीता देवी, सुनीता देवी समेत अन्य सहिया मौजूद थी।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यशाला में जोनल स्कील मैनेजर मोहमद इमरान ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को जानकारी देते हुए बताया की झारखण्ड सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से कौशल विकास योजना के अन्तर्गत रोजगार सृजन के लिये लड़कों को ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवपलमेंट, ऑटोमेटिक वेल्डिंग मशीन ऑपरेटर, फितर फेब्रिकेशन सहित अन्य तकनीकी का लालगंज खेलगांव रांची में प्रशिक्षण दिया जायेगा। वही लड़कियों को ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनिंग, कम्प्यूटर ट्रेनिंग, स्पोकन इंग्लिश डेवलपमेंट, स्विंग मशीन ऑपरेटर सहित अन्य कोर्स का टाटीसिलवे इंडस्ट्रीज एरिया में प्रशिक्षण कराया जायेगा।

## बिजली विभाग का छापा, चार पर प्राथमिकी दर्ज

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो विधुत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विधुत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर 12 मार्च दिन मंगलवार को कैरो थाना क्षेत्र के हनहट गांव में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले में भोला उरांव पिता फगुवा उरांव, सीता उरांव पिता स्वर्गीय हरदल उरांव, मनान अंसारी पिता जलील अंसारी और रज्जाक अंसारी पिता स्वर्गीय शेख करीम कुल चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराने की बात कही। इस मौके पर कैरो थाना पुलिस और कैरो पीएसएस में कार्यरत कर्मी मौजूद थे।

# बैंक से रुपये निकालकर घर पहुंचते ही व्यापारी से 2 लाख तीस हजार की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर से सटे करौंदी गांव निवासी सह छड़ सीमेंट के खुदरा दुकानदार मोतीलाल साहू से बाइक सवार अपराधियो द्वारा दिनदहाड़े दो लाख तीस हजार रुपया लुटे जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना दोपहर करीब 3:45 बजे की है। घटना की सूचना के बाद पुलिस बाइक सवार लुटेरों को पकड़ने के लिए जगह जगह छापामारी कर रही है। साथ ही सीसीटीवी खंगालने में जुटी है। समाचार लिखे जाने तंक लुटेरों का कोई सुराग नही मिला है। जानकारी के अनुसार मोतीलाल साहू शहर के व्यापारियों से छड़ सीमेंट उधार लेकर करौंदी स्थित मोतीलाल ट्रेडर्स नामक दुकान में बिक्री करते है। साथ ही उसी से उनका जीविकोपार्जन चलता है। मंगलवार को उन्हें कुछ महाजनों का उधार चुकता करना था। इसलिए मोतीलाल शहर के मेन रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया से दो लाख तीस हजार की निकासी किये थे। इसके बाद वे निकासी कर रुपये को अपने पास एक थैला में रखकर घर की ओर निकल पड़े। फिर वे दोपहर करीब 3:45 बजे जैसे ही घर के पास पहुंचे उनके मोबाइल में किन्ही का फोन आ गया। फोन आते ही वे घर के बाहर बाइक खड़ा कर रुपये से भरा थैला बाइक के हैंडल में तांग कर मोबाइल में बात करने लगे। तभी इसी दौरान एक बाइक में सवार होकर दो अपराधी वहां पहुंचे। फिर दोनो बाइक का रफ्तार धीमा करते हुए रुपये से भरा थैला को झपटकर शहर की ओर तेजी से भाग निकले। इधर पलक झपकते ही रुपये से भरा थैला लेकर भागते ही मोतीलाल साहू उन्हें देखते रह गये। इसके बाद कुछ स्थानीय लोग अपराधियो का पीछा भी करना चाहा। मगर वे पीछा नही कर पाये। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर मोतीलाल साहू से मामले की जानकारी ली। बाइक सवार अपराधियो का हुलिया जाना। फिर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गयी। पुलिस को करौंदी के एक व्यापारी के घर मे लगे सीसीटीवी फुटेज में कुछ सुराग हाथ लगा है। पुलिस उस सुराग के माध्यम से लुटेरों को पकड़ने में जुटी हुई है। मोतीलाल साहू ने बताया कि संभवतः लुटेरे उनका बैंक से ही पीछा कर रहे थे। मगर उन्हें इसका जानकारी नही हो सका।

# पीने के पानी के लिए 1-2 कुएं पर आश्रित है पूरा गांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** करीब 90 परिवार और 800 के करीब जनसंख्या वाले रेडवा कुचईटोली गांव में पीने के पानी की और कोई व्यवस्था नहीं है। करीब चार-पांच साल पहले पंचायत के मुखिया द्वारा गांव के एक सरकारी चापाकल में सौर ऊर्जा संचालित पानी टंकी लगाया गया था, जो करीब डेढ़ साल से खराब पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों द्वारा की बार जनप्रतिनिधियों से खराब पानी टंकी की मरम्मती की मांग की गई पर इस ओर कोई पहल नहीं किया गया। गांव की महिलाएं व युवतियां आस पास के कुआं से पीने का पानी व रोजमर्रा की जरुरतों के लिए पानी ढ़ोकर लाने को मजबूर हैं। कम बारिश व बढ़ती गर्मी के कारण जमीन का जलस्तर गिरने से ग्रामीणों को पानी की किल्लत की चिंता सताने लगी है। वहीं गांव की पहुंच पथ व अंदरुनी सड़कों की स्थिति भी बद्तर हो चुकी है।

दुसरी ओर ग्रामीणों की मानें तो गांव व आस-पास के क्षेत्रों में काम नहीं मिलने से कमोबेश गांव के सभी मजदुर वर्ग के परिवार के मुखिया या युवा वर्ग के लगभग 80 फीसदी आबादी गांव से अन्यत्र पलायन कर चुकी हैं। गांव के पुर्व वार्ड सदस्य जेरकु उरांव, सुखु उरांव, विरसो देवी, भरत लोहरा, सोहराई उरांव, बुधवा उरांव, जीतराम उरांव, बुधनाथ उरांव कई ग्रामीणों ने पेयजल व सड़क आदि सुविधा उपलब्ध कराने व पलायन रोकने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से गयी बच्चे की जान

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** नेशनल हाईवे 43 रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम महुंआ ढ़लान के समीप कुसुम पेड़ मे सट कर गुजरा 33 हजार बिजली तार के चपेट मे आने से 13 वर्षिय अनमोल तुरी ओड़ की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर हो गया। जानकारी के अनुसार रूकरूम लहगडीह निवासी बलीराम तुरी ओड़ का 13 वर्षिय पुत्र अनमोल तुरी ओड़ अपने दोस्तो के साथ मंगलवार को सिलम आया था। इसी दौरान अनमोल तुरी सिलम महुंआ ढ़लान के समीप कुसुम पेड़ पर चढ़ गया। जिस पेड़ पर 33 हजार का बिजली तार सटकर पार हुआ था, बच्चे के पेड़ मे चढ़ते ही अपने चपेट मे ले लिया। बिजली सॉर्टसर्कीट जलने की अवाज होने पर स्थानीय ग्रामीण और राहगीर रायडीह पुलिस को घटना की सूचना दिये और बिजली विभाग को बिजली काटने के लिए कहा गया। घटना स्थल पर पहुंच कर पुलिस शव को पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। दो वर्ष पुर्व भी रायडीह थाना क्षेत्र के कुड़ोछत्रपुर बरगीडांर रोड़ पर 33 हजार बिजली तार पेड़ से सट कर गुजरा था। जिस पेड़ पर चढ़ते ही बच्चे को बिजली करंट लगने से घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। उग्र ग्रामीणो ने सड़क जाम कर मुआवजा और 33 हजार बिजली तार को जमीन से उपर करने की मांग कर रहे थे।

## लड़की से बात करने से मना करने पर भाई ने ब्लेड से काटा अपना गला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत का कापू लूंगा निवासी 18 वर्षीय विष्णु गोप पिता स्वर्गीय विनोद गोप ने सोमवार की रात्रि पारिवारिक विवाद में धारदार ब्लेड से अपना गला काट लिया। परिजन तत्काल उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह लेकर आए जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार युवक दिल्ली में रहने वाली एक लड़की से अक्सर फोन पर बात करता है। खुद के पास मोबाइल नहीं होने के कारण दूसरों से मोबाइल मांग कर बात करता रहता है। छोटी बहन ने इसी बात को लेकर उसे लड़की से बात करने से मना किया। इसके बाद युवक अपनी बहन के साथ मारपीट करने लगा और उसका गला दबा दिया। परिजनों द्वारा बीच बचाव कर उसे डांटा गया। इसी बात से आक्रोशित युवक ने धारदार ब्लेड से अपना गला काट लिया।

## कीटनाशक का सेवन करने से हालत गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र लोहरदगा रोड के एक मोहल्ले की 16 वर्षीय नाबालिक किशोरी ने सोमवार को कीटनाशक का सेवन कर लिया गंभीर स्थिति में उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक किशोरी रामगढ़ की रहने वाली है। रांची के बूटी में गुमला की एक लड़की सिलाई सीख रही थी। जहां किशोरी अपनी बहन के साथ सिलाई सीखने आई थी लेकिन कम उम्र के कारण वहां उसका नामांकन नहीं हो पाया। इसके बाद गुमला की लड़की से उसकी दोस्ती हो गई और किशोरी उसके साथ विगत दो माह पहले गुमला आ गई और उसी के साथ उसके घर में रहने लगी। हालांकि किशोरी ने कीटनाशक का सेवन क्यों किया इस बारे में कोई भी कुछ नहीं बता पा रहा है। किशोरी के बेहोशी की हालत में होने के कारण वह भी कुछ नहीं बता पाई।

## सदर अस्पताल में रास सांसद ने 1.25 करोड़ रुपये के वायु शोधक यंत्र का किया शिल्यानास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल में राज्यसभा सांसद सह भाजपा लोस प्रत्याशी समीर उरांव द्वारा एक करोड़ 25 लाख रूपए के लागत से वायु शोधक यंत्र का शिल्यानास किया गया। मौके पर समीर उरांव ने कहा कि वायु शोधक यंत्र अस्पताल में लगने से किसी प्रकार का बदबू नही आएगा। अक्सर देखने को मिलता है कि अस्पताल में मरीज वार्ड में भर्ती है और उनके साथ परिजन रहते है , उनका शिकायत रहता है कि अस्पताल में दुर्गंध आता है। वायु शोधक यंत्र लगने से अंदर के सारे महक को बाहर निकल जाएगा। उन्होंने वायु शोधक यंत्र के बारे में विस्तृत पूर्वक बताया कि एयर प्यूरीफायर पोर्टेबल उपकरण हैं जो एक विशिष्ट कमरे में हवा से अवांछित कणों को खींचने के लिए एक आंतरिक फिल्टर और पंखे को जोड़ते हैं। फिर शुद्ध हवा को कमरे में वापस प्रसारित किया जाता है। निस्पंदन प्रक्रिया एक घंटे में कई बार दोहराई जाती है, जिससे इनडोर वायु गुणवत्ता में लगातार वृद्धि होती है। जब रास सांसद से प्राकलित राशि के बारे में पूछा गया तो कहा कि नेता को ये सब मालूम नही रहता है, कहकर हंसने लगा। हलांकि बाद में डीएस अनुपम किशोर ने 1 करोड़ 25 लाख रूपए का लागत बताया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएस डॉ राजू कच्छप, अशोक लाल, सुकरा उरांव, राजीव कुमार, श्याम कुमार, प्रवीण बाड़ा, भाजपा नेता भूपन साहु, सत्यानारायण पटेल, विपीन सिंह, संदीप सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# डीसी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** चुनाव 2024 को स्वतंत्र व निष्पक्ष बनाने के साथ साथ निर्वाचन के दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं के वोट को लक्ष्य को हासिल करने को लेकर उपायुक्त हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इसी के निमित सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एसडीओ बसिया एवं बीडीओ पालकोट के साथ पालकोट प्रखंड अंतर्गत आर.सी. प्राथमिक विद्यालय सारूबेड़ा स्थित मतदान केंद्र संख्या 73 एवं 74 का निरीक्षण किया। उपायुक्त के द्वारा मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए मतदान के दिन सभी तरह की आवश्यक सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची का भी मिलान किया एवं वहां आए लोगों को भी मतदाता सूची में अपने नाम का मिलान कर लेने की बात कही। वहीं उनके द्वारा मतदान केंद्रों के समीप ग्रामीणों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की गयी।

## स्कूटी सवारी ने युवक को मारी टक्कर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला छत्तीसगढ़ रोड स्थित काली मंदिर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दिया। घटना में स्कूटी चालक युवक के एक पैर का अंगुली कट गया वही शरीर के कई हिस्से में उसे काफी चोट लगी। जानकारी के मुताबिक युवक स्कूटी से सीलम की ओर जा रहा था। वही ट्रक गुमला से सीलम की ओर तेज रफ्तार से जा रही थी तभी पीछे से ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। इसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने फोन कर घटना की सूचना थाना को दी। गुमला थाना के एएसआई अजय बाड़ा घटना स्थल पहुंचकर घायल युवक को अपने वाहन से सदर अस्पताल पहुंचाया। वही युवक की पहचान डुमरी थाना क्षेत्र के खेतली निवासी 22 वर्षीय स्मॉल टोप्पो पिता संजय टोप्पो के रूप में हुई। युवक कार्तिक उरांव कॉलेज के पीछे रेंट में रहकर पढ़ाई करता है।

# हिमाचल कमाने गये तीन मजदूरों की हिमस्खलन में दबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** बच्चों को अच्छी शिक्षा व परवरिश और पक्का घर बनाने की आस में मजदूरी करने गए दो पिताओं की काम के दौरान दुर्घटना में गयी जान, परिवार में टुटा दुःखों का पहाड़। घटना प्रखंड के रेडवा कुचईटोली गांव की है। गांव के बिरिया उरांव, रतनलाल उरांव और सिसई के रेडवा कुचईटोली गांव के और एक गुमला उर्मी डुमर डीह गांव का मजदूर रिममून किंडो की मृत्यु बीते सोमवार को हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में पन बिजली प्रोजेक्ट में काम करने के दौरान हिमस्खलन में दबने से हो गयी। वहीं एक अन्य मजदूर रेडवा लावागांई निवासी चंद्रनाथ उरांव के घायल होने की सूचना है, जिसका इलाज हिमाचल प्रदेश में ही चल रहा है। मृतक बिरिया उरांव की पत्नी ने बताया कि बिरिया उरांव झारखंड आंदोलनकारी का सदस्य था, परिवार में दो बेटी व दो बेटे हैं। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से सभी बच्चों को प्राइवेट स्कूलों पढ़ा रहे थे, घर की हालत अच्छी नहीं होने और बच्चों की अच्छी परवरिश के लिए बीते दिसंबर माह में हिमाचल प्रदेश मजदूरी करने गया था। सोमवार शाम को सूचना मिली कि वहां हादसे में उनकी मौत हो गयी है। हादसे में पति सहित तीन लोगों की मौत हुई है। मृतक में एक व्यक्ति रतनलाल उरांव गांव का ही है। मृतक मजदूर रतनलाल उरांव की पत्नी पुनी देवी ने बताया कि पति हिमाचल प्रदेश में बिजली कंपनी में मजदूरी का काम करने गया था। घर में 12 सदस्यों का सम्मिलित परिवार है। गांव में खेती बाड़ी नहीं होने और काम नहीं होने के कारण मेरे पति व देवर अलग अलग बाहर कमाने जातें हैं। पति की मृत्यु की सूचना कार्तिक उरांव के द्वारा फोन से मिली।

दो लोगों की मौत से पुरे गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं हादसे में एक घायल मजदूर रेडवा लावागाई निवासी चन्द्रनाथ उरांव के परिजनों में भय का माहौल व्याप्त है। सरस्वती देवी का कहना है कि सोमवार को पति के द्वारा फोन पर दुर्घटना और खुद के घायल होने की जानकारी दी गयी।

# पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा में अनुमंडल पदाधिकारी सह शासी निकाय अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव के स्थानांतरण सरायकेला होने के बाद उनके सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम पूर्व अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव व वर्तमान अध्यक्ष सुमंत तिर्की का स्वागत किया गया। कॉलेज परिवार के द्वारा अतिथियों का स्वागत मांदर नगाड़ा बजाकर एवं स्वागत गीत गाकर किया गया। शासी निकाय अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सुमंत तिर्की का स्वागत किया गया। निर्वतमान अध्यक्ष महेंद्र छोटन उरांव छात्राओं को संबोधित करते अपने लक्ष्य का प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत और अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की सलाह दी.उन्होंने छात्राओं को पारंपरिक लोक संस्कृति व अखरा को बचाकर रखने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आज झारखंड की संस्कृति को पूरे विश्व में सबसे प्रसिद्ध और लोकप्रिय बतलाया उन्होंने पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज परिसर में मांदर नगाड़ा एवं पैंकी नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ये काबिले तारीफ है। कॉलेज की छात्राएं मांदर नगाड़ा बजाने में अपनी पहचान बना रहीं हैं आज कॉलेज की छात्राएं दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस के मौके पर झारखंड की झांकी में अपनी कला का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। मौके पर वर्तमान शासी निकाय अध्यक्ष सुमंत तिर्की ने अखरा संस्कृति को आगे लाने में भरपूर सहयोग करने की बात कही। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रनियार खलखो, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुमीत महतो व कॉलेज के शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों में मुख्य रूप से दुर्गविजय सिंह देव सहित अन्य लोग उपस्थित थे

# टीवी मुक्त भारत अभियान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** एकलव्य मॉडल बालक आवासीय विद्यालय बसिया में जिला यक्ष्मा अस्पताल, गुमला के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्रों तथा शिक्षकों कर्मचारियों एवं प्रधानाचार्य ने भाग लिया। जिला यक्ष्मा अस्पताल, गुमला से आए स्वास्थ्यकार्यकर्ता डीपीपीएम कोऑर्डिनेटर हरिशंकर मिश्रा ने टीबी बीमारी क्या है, यह कितने प्रकार के होते हैं ,उसका लक्षण क्या-क्या है। जांच में डॉक्टर द्वारा टीबी रोगी घोषित किए जाने पर उपचार के अवधि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और भारत में प्रतिदिन टीबी बिमारी के स्थिति तथा भारत में प्रतिवर्ष की स्थिति को विस्तार से बताया गया।इस जागरूकता कार्यक्रम के द्वारा टीबी बीमारी से बचाव का उपाय भी बताया गया। गुमला जिला को टीवी मुक्त जिला बनाने हेतु सहयोग एवं योगदान की अपील की गई है। टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के इस कार्यक्रम में कक्षा 6 के छात्रों के लिए मौखिक प्रश्नमंच,कक्षा 7 के छात्रों के लिए पोस्टर निर्माण तथा कक्षा 8 के छात्रों के लिए लिखित प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 6 में मिथिलेश कुजूर प्रथम, अरुण मुंडा द्वितीय तथा गुंजन उरांव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 7 में प्रेमसागर उराँव प्रथम,मनीष पातर द्वितीय तथा बुटाना असुर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 8 में रुस्तम उराँव प्रथम, अमित उरांव द्वितीय तथा निखिल सिंह मुंडा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजयी प्रतिभागियों को जिला यक्ष्मा अस्पताल, गुमला से आए स्वास्थ्य कार्यकताओं ने पुरस्कृत किया।

## टीम मिशन बदलाव ने दिवंगत पलायन मजदूर मुआवजा को लेकर डीसी से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव की टीम दिवंगत पलायन मजदूर सुकेश भगत को मुआवजा दिलाने को लेकर डीसी गुमला पत्र देकर अवगत कराया और श्रम विभाग से भी मांग की है कि यथाशिघ्र मजदूर के परिवार को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाये। मिशन बदलाव के बिनोद साहू ने बताया कि सुकेश भगत उम्र 26 वर्ष मरियम टोली कटकाही चैनपुर निवासी कर्नाटक में दिहाड़ी मजदूरी कर जीविकोपार्जन चलाता था। ड्यूटी में लौटने के दौरान मोटरसाइकिल के धक्का के बाद उसे गम्भीर अवस्था मे अस्पताल में भर्ती कराया गया था और ईलाज के क्रम में मृत्यु हो गई। मजदूर के परिजनों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गंभीर है। उनके परिजन बहुत चिंतित है। नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, बिनय गोप और ज्योत ग्लोइरिया कुजूर ने बताया कि जिला प्रशासन सुकेश भगत के स्थिति को देखते हुए त्वरित मुवाजा देने की मांग की। जिससे उनके परिजनों की हालत सुधारने में मदद मिल सके। मौके पर मिशन बदलाव की बिमला कुजूर सतीश उराव, राजेश्वरी देवी उपस्थित थे।

## मानसिक संतुलन विषय पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने लगायी कार्यशाला

**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला शाखा एवं हेल्थ टूर चैनल के संयुक्त तत्वाधान में स्वस्थ जीवन का आधार मानसिक संतुलन विषय पर कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुमला सेवा केंद्र की संचालिका बीके शांति दीदी अति विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह आदरणीय अतिथि भारतीय वायु सेना से सेवा निवृत बीके अमित भाई साथ ही आदरणीय अतिथि हेल्थ टूर की प्रबंध निदेशक पूजा कुमारी की उपस्थिति में विद्यालय के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपने को कैसे जागरूक करना है और अपने मन को कैसे संतुलित बनाकर अपने बौद्धिक क्षमता का विकास करना है। शांति दीदी के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य कैसे लाया जाए और बच्चे अपने पढ़ाई में मन को कैसे एकाग्र करते हुए अपने पढ़ाई के स्तर को ऊंचा उठाएं इस पर दीदी के द्वारा बच्चों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही थाना प्रभारी ने कहा कि हमें अपने दैनिक दिनचर्या को अनुशासित एवं बहुत संतुलित बनाकर हम अपने पढ़ाई को अच्छा कर सकते हैं अमित भाई जी ने अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया। जिसे सुनकर बच्चों में एक अलग ही उत्साह देखा गया। कल्पतरु अभियान के अंतर्गत विद्यालय प्रांगण में पारिजात का पौधा अतिथियों के द्वारा लगाया गया।

# लोहरदगा ने वेस्ट सिंहभूम को 166 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 14 बॉयज टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गये मुकाबले में लोहरदगा ने वेस्ट सिंहभूम को 166 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर दिया। इसके साथ ही लोहरदगा ने ग्रुप ए के स्पर्धा में अपनी पहली जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी लोहरदगा की टीम ने निर्धारित 40 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 267 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सौरव सिंह के 51 रनों की अर्धशतकीय पारी के साथ अतिरिक्त 57 रनों के सहयोग से बड़ा स्कोर खड़ा हो सका। वहीं लोहरदगा की ओर से अर्जुन विष्णु के 36, देवदीप राय के 30, आयुष साहू के 15 और रणवीर शाहदेव के 13 रनों की बदौलत सम्मानजनक स्कोर के साथ लोहरदगा ने मजबूत स्थिति में खुद को खड़ा किया। उधर वेस्ट सिंहभूम की ओर से त्रिनाथ प्रधान, बासुदेव सुंडी और यश यादव ने दो दो विकेट हासिल किए। इरफान और यशराज को एक एक विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्ट सिंहभूम की पूरी टीम 29.1ओवर में 101 रनों पर सिमट गई। वेस्ट सिंहभूम की ओर से शिवम लाल ने सर्वाधिक 20, त्रिनाथ प्रधान 16, यश यादव 14 और हिमांशु जरीना ने 12 रनों की पारी खेली। लोहरदगा की ओर से देवदीप राय ने 5 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट और तन्मय कुमार ने 8 ओवर में 26 रन देकर 4 विकेट हासिल किये। वहीं पवन शौर्य ने 2 विकेट अर्जित किए। गेंद और बल्ले के साथ उत्कृष्ट/ उम्दा प्रदर्शन की बदौलत लोहरदगा के देवदीप राय मैन आफ द मैच चुने गए। जे एस सी ए द्वारा मैच के सफल संचालन को लेकर यहां प्रतिनियुक्त एल ओ आलोक राय और टी आर डी ओ प्रकाश मुंडा ने देवदीप को 5000 नकद और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार चौधरी, चंद्रशेखर शाहदेव, विमल कुमार, आकाश आनंद, सुनील सिंह, ज्ञान प्रकाश, आयुष अग्रवाल, शशि कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# चाकू के बल पर दुष्कर्म आरोपी को 12 साल बाद 10 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चन्द्र अवस्थी की अदालत ने सदर थाना में एक युवती द्वारा वर्ष 2012व में दर्ज कराये गए दुष्कर्म की प्राथमिकी मामले में फैसला सुनाते हुए पीड़िता के गांव के ही आरोपी शिमला साहू को दस साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है।साथ ही 50हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है।जुमार्ना की राशि नही देने पर एक साल अतिरिक्त कठोर सजा का प्रावधान किया गया है।इस पूरे मामले में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक मो जावेद हुसैन ने पैरवी की।साथ ही 12 गवाहों की गवाही हुई।गवाही में डॉक्टर व आईओ भी उपस्थित हुए। मामले को लेकर बताया जाता है कि पूरा घटनाक्रम पीड़िता के साथ एक जनवरी 2008 को घटी थी।पीडिता रात को शौच के लिए घर के बगल स्थित पाट टोंगरी की ओर गई थी।तभी सौच से वापस आने के दौरान आरोपी उसे पकड़ लिया था। साथ ही चाकू का भय दिखाकर जबरण उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी।

## निर्देश : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा

# आचार संहिता लगने से पहले हर तरह के मतदाताओं की सूची तैयार कर लें

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी बीएलओ सुपरवाईजर के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 18-19 आयुवर्ग के मतदाताओं का निबंधन, एएसडी वोटर जांच, वरिष्ठ मतदाताओं की जांच, ईपी जेंडर रेश्यो आदि जांच की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत) वोटरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। साथ ही आवश्यकतानुसार फॉर्म-7 भरकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिये। उन्होंने तीनों श्रेणी के वोटरों की अलग-अलग सूची बनाने पर बल दिया। कहा कि मृत मतदाताओं की सूची अलग होगी। जबकि शिफ्टेड अर्थात जो मूल रुप से कहीं के वोटर हैं, लेकिन शादी के बाद ससुराल में रह रहें हैं, या नौकरी व अन्य कारणों से बाहर रह रहे हैं और वो अपना नाम वर्तमान पते पर मतदाता सूची में निबंधन कर चुके हैं उनका नाम इस सूची में रहेगा। इसी तरह अनुमस्थित मतदाता जो पढ़ाई या अन्य कारणों से लगातार बाहर रह रहें हैं। शादी ब्याह या अन्य खास अवसरों पर आते हैं। उस वोटर की आने की संभावना बनी रहती है। इन तीनों श्रेणियों को बेहतर ढंग से समीक्षा करते हुए सब सूची को आचार संहिता लगने से पूर्व अद्यतन रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी से वीएचए एप इंस्टॉल करने पर बल दिया। साथ ही सभी को अन्य दूसरों लोगों को भी एप इंस्टॉल करने के लिए प्रेरित करने को कहा।


अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी शशि रंजन।

### ब्लॉकवार एएसडी वोटरों की समीक्षा

डीसी ने सभी ब्लॉक की समीक्षा करते हुए एएसडी वोटरों की सूची को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। एसएसआर के दौरान भी इन श्रेणियों के वोटर की समीक्षा की। इसके अलावे सभी को चुनाव के पूर्व होने वाले सभी प्रशिक्षणों में भाग लेने व प्रशिक्षणों में बताये जाने वाले बातों को अपने अंदर आत्मसात करने पर बल दिया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि थे।

# विधायक ने 10 ग्रामीण सड़कों का किया ऑनलाइन शिलान्यास

## क्षेत्र की 90 प्रतिशत ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त कर दिया गया है : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार कर दिया गया है। बची हुई सड़कों को भी जल्द दुरुस्त करा दिया जाएगा। उक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। वह मंगलवार जपला-नबीनगर पथ के मलवरिया मुख्य नहर पिच से काजी बिगहा शेखपुरा खरडीहा होते हुए कुड़वा तक पथ निर्माण व जपला मोहम्मदगंज मुख्य पथ के हैदरनगर प्रखंड मोड़ से प्रखंड कार्यालय मुख्यनहर खरगडा परता होते कबरा कला तक पथ के निर्माण कार्य के शिलान्यास के मौके पर ऑनलाइन संबोधन कर रहे थे। विधायक ने कहा कि उनके 2005 के कार्यकाल में सभी ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया गया है। 10 वर्षों तक उन सड़कों के रख रखाव भी किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं कराया। पुनः सभी सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अधिकांश ग्रामीण सड़कें ठीक हो गई हैं। बची हुई सड़कों पर भी काम किया जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सड़कें विकास का पैमाना होती हैं। हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में 2019 के बाद सभी सड़को पुल पुलिया के साथ अन्य कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दो दिनों के दौरान दस ग्रामीण सड़कों पर कार्य शुरू कराया गया है। मौके पर जिला प्रवक्ता सह प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मलवरिया मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल सिंह, हंसराज सिंह, रामबलाल साहू, गुनगुन सिंह, रूद्र प्रताप सिंह, अश्विनी सिंह, रमेश प्रजापति, अजीत सिंह, रंजीत शर्मा, संजय सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान, सज्जू खान व शशिरंजन मिश्रा आदि मौजूद थे।


शिलान्यास के अवसर पर विधायक प्रतिनिधि व अन्य।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### लोस चुनाव को लेकर पलामू एसपी ने किया अंतरराज्यीय चेक नाका का औचक निरीक्षण



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को हरिहरगंज स्थित अन्तर्राज्यीय चेक नाका का औचक निरीक्षण किया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। कहा कि चेक नाका पर सीसीटीवी कैमरे को हर हाल में दुरुस्त रखने के साथ ही बिहार से झारखण्ड में आने-जाने वालों पर पैनी नजर रखा जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब, हथियार, अधिक मात्रा में सोने का कारोबार और राशि की जांच के दौरान विशेष नजर रखा जाए। साथ ही चुनाव को प्रभावित करने वाले हर चीजो पर हर हाल में प्रतिबंध लगे। बाद में पलामू एसपी ने थाने में विधि व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम, हरिहरगंज थाना प्रभारी चन्दन कुमार, एसआइ सोनू गुप्ता, एलबी हरिजन, एएसआई मनोज दास, दवेंद्र सिंह, संजय यादव आदि थे।

### पीपरा प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर पंससों ने दिया एसडीएम को आवेदन



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर पंचायत समिति सदस्यों (पंसस) ने मंगलवार को छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार को आवेदन सौंपा। पिपरा प्रखंड के 6 पंचायत में सात पंसस है। तेंदुई के पंचायत समिति सदस्य स्वाति सिंह ने बताया कि प्रमुख की कार्य शैली से नाराज पंससों ने एसडीएम को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि पिपरा प्रखंड प्रमुख के खिलाफ पंससों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग को लेकर आवेदन दिया है, नियम संगत उचित कार्रवाई की जायेगी।

### 20 सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक में विकास योजनाओं पर की गयी चर्चा

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड सभागार में पूर्व निर्धारित समय के अनुसार मंगलवार को 20 बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव और संचालन बीडीओ अभिषेक पाण्डेय ने किया। बैठक में विकास योजनाओं पर चर्चा की गई, जिसमें शिक्षा, मध्याह्न भोजन, जन वितरण प्रणाली, विधवा, वृद्ध, दिव्यांग पेंशन, अबुआ आवास, 15 वीं वित्त योजना, मनरेगा योजना आदि पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड में 244 सिंचाई कूप मिला है, पर अब तक 108 आवेदन ही मिला है। बीस सूत्री सदस्यों ने अबुआ आवास समेत कई योजनाओं की सूची की मांग बीडीओ से की। मौके पर बीस सूत्री सदस्य श्रवण कुमार, श्रीनिवास चौधरी, मो मोईनुद्दीन आदि मौजूद थे।

# पलामू सांसद ने किया पंजरी कला और लालगढ़ में एलएचएस का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से जिले के पंजरी कला एवं लालगढ़ में एलएचएस निर्माण कार्य शुभारंभ हुआ। जिसा उद्घाटन मंगलवार को सांसद विष्णु दयाल राम एवं विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। दोनों स्थानों पर निर्माण कार्य के लिए 12 करोड़ 99 लाख 50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में सांसद द्वारा वर्ष 2014 से ही लोकसभा में शून्य काल एवं नियम 377 के तहत मामले को उठाया गया। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक, हाजीपुर महाप्रबंधक, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर निर्माण की मांग की थी। सांसद ने कहा कि उक्त दोनों स्थानों पर एलएचएस निर्माण की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। एलएचएस निर्माण होने से वहां की जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिलेगी। वहीं विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लगातार देश को विकसित बनाया जा रहा है। पलामू संसद भी अपने अथक प्रयासों से क्षेत्र को विकसित करने में जुटे हैं। आने वाले दो-तीन सालों में पलामू संसदीय क्षेत्र में काफी बदलाव नजर आएगा। कार्यक्रम में विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल सिंह, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, अनुज पांडेय, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला पार्षद विजय राम, प्रखंड अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महामंत्री राधा कृष्ण साव, तीनों मुखिया पंजरी कला रंभा देवी के पति प्रवीन मिश्रा, लालगढ़ मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, पंसस सूरजमल राम, दयाल विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुनील पांडे, कुश कुमार ओझा, शिवकुमार चौधरी, विकास चौबे, उपेंद्र तिवारी, अनुज ओझा, प्रेमचंद राम, सुग्रीव राम, पटेल चौधरी, राजेंद्र ओझा, वीरेंद्र ओझा, देवनारायण तिवारी, मुनि तिवारी, बबलू तिवारी, अमित तिवारी, बिक्की दूबे आदि मौजूद थे।



# वंदे भारत ट्रेन सेवा नहीं मिलने से यात्रियों में भारी आक्रोश

- सीआइसी सेक्शन से रेलवे को होती है सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति
- कई राजनीतिक दल के लोगों व प्रतिनिधियों ने की ट्रेन परिचालन की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता






**हुसैनाबाद।** सबसे अधिक राजस्व देने वाला सीआईसी सेक्शन के बीड़ी रेल खंड पर विगत कुछ महीने पहले रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा हुई थी। पलामू, गढ़वा और लातेहार के लोगों को उम्मीद थी कि वंदे भारत एक्सप्रेस रेलवे के सीआईसी सेक्शन से होकर गुजरेगी और इस क्षेत्र के रेल यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस चलने की घोषणा हुई लेकिन इसका रूट कोडरमा-गया के रास्ते कर दिया गया। इससे इस क्षेत्र से जुड़े रेल यात्रियों में आक्रोश है। जिप सदस्य राजू मेहता ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पीएम मोदी, रेल मंत्री व पलामू सांसद को ट्वीट कर वंदे भारत ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उक्त ट्रेन का रूट बदले जाने से पलामू, गढ़वा के लोगों का सफर सपना ही रह गया। पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि झारखंड के खनिज संपदाओं को पलामू के रास्ते भेजा और लूटा जा रहा है। लेकिन रेल यात्रियों को आज भी समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। झामुमो नेता डॉ एजाज आलम ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि पलामू की उपेक्षा हुई है। शुरू से रेल सुविधा के मामले में पलामू की उपेक्षा होती रही है। उन्होंने लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए रेल पदाधिकारियों व स्थानीय सांसद से वंदे भारत ट्रेन को पलामू के रास्ते चलाने की मांग की है। कांग्रेस नेता हसनैन जैदी ने कहा कि जनप्रतिनिधि ट्रेन दिलवा नहीं पा रहे हैं।

### अकेले में भी बच्चों की अश्लील फिल्में देखना निजता के दायरे में नहीं




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** घर के एकांत में भी बच्चों की अश्लील फिल्में डाउनलोड करने और देखने को आप निजता का मामला बता कर इस अपराध से बच नहीं सकते, क्योंकि जिला पुलिस और विभिन्न केंद्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां आप पर निगरानी रख रही हैं। ये बातें अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने प्रेस बयान जारी कर दी। बताया कि बच्चों की अश्लील फिल्में देखने और अश्लील सामग्रियां डाउनलोड करने को अपराध नहीं ठहराने के सवाल पर मद्रास हाई कोर्ट के फैसले की समीक्षा सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से यह सख्त संदेश गया है कि बाल पोर्न देखने पर आप निजता का हवाला देकर बच नहीं सकते हैं। बाल पोर्नोग्राफी पर मद्रास हाई कोर्ट के फैसले को भद्दा और बेतुका बताते हुए तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने यह आदेश गैरसरकारी संगठनों के गठबंधन जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की याचिका पर दिया। जिसने मद्रास हाई कोर्ट के हालिया फैसले को चुनौती दी थी। आदेश का स्वागत करते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संस्था अग्रगती के परियोजना पदाधिकारी दत्त ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण दिन है ,जो यह दिखाता है कि कोई व्यक्ति कहीं अकेले में भी बाल पोर्न देख रहा है तो वह जिला, राज्य और केंद्र सहित पूरी दुनिया की तमाम एजेंसियों की नजर और निगरानी में है।

### कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर वार्ड पार्षद ने की जलापूर्ति नियमित करने की मांग



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत के वार्ड-7 के निवर्तमान वार्ड पार्षद सुहैल आलम ने कायार्पालक पदाधिकारी विपुल सन्नी को पत्र देकर शहर में नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत द्वारा जो पानी की आपूर्ति की जाती है आने वाले भीषण गर्मी एवं रमजान महीने को देखते हुए सप्लाई पानी सुचारू रूप से चलाई जाए, ताकि आम जन को परेशानी का सामना ना करना पड़े।


झारखण्ड सरकार कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा।
गृह (कारा) विभाग
अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना।

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (द्वितीय त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.04.2024 से30.06.2024 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000:00 (पॉच हजार) मात्र |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–15.03.2024 से 23.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि | दिनांक–15.03.2024 से 23.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक:–26.03.2024 से 27.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राषि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | दिनांक:–26.03.2024 से 27.03.2024 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–28.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1.उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3.अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थातिप किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा।
PR 322317 Home, Prison And Disaster Management(23-24)D



ऊर्जा विभाग झारखण्ड सरकार विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2 धुर्वा, रॉची।
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/106/2023-24 दिनांक– 12/03/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | चान्हो, रॉची स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 12,20,822=00 | 2,500=00 | 25,000=00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.03.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.03.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 21.03.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 22.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT
Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

ह0/–
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
PR 322377 Energy(23-24)D


## पतंजलि योग समिति झारखंड महिला प्रभारी ने संत मरियम स्कूल के बच्चों को दिये तनाव से मुक्ति के मंत्र

# विद्यालय में दी जाती है शिक्षा के साथ संस्कार व संस्कृति की भी शिक्षा : अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** संत मरियम छात्रावास परिसर में मंगलवार को झारखंड, बिहार व पश्चिम बंगाल के पतंजलि योग समिति की वरिष्ठ महिला प्रभारी सुधा झा ने बच्चों के तनाव मुक्त शिक्षा ग्रहण करने व बेहतर परीक्षा फल लाने के लिए कई सरल सुझाव दिए। वहीं योग करने के कई लाभ भी बताया। सुधा झा ने अपनी सुरीली आवाज से बच्चों के समक्ष भजन गाया, जिससे बच्चे काफी खुश दिए। वहीं, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पतंजलि योग समिति की महिला प्रभारी सुधा झा का आभार प्रकट किया। कहा कि जब भी अलग-अलग प्रांत के नए चेहरे इस विद्यालय के बच्चों से रूबरू होते हैं तो वे उनकी बातें को गंभीरता से सुनने का प्रयास करते हैं। साथ ही बताई गई चीजों को अपने जीवन में अपनाकर निरंतर प्रयास से वह खुद को बेहतर बना पाते हैं। विद्यालय का हमेशा यही प्रयास भी रहता है कि बच्चे विद्यालय में सिर्फ शिक्षा ही ग्रहण ना करें, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार व संस्कृति को भी ग्रहण करें। ताकि बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण आने के साथ-साथ जीवन के भी हर इम्तिहान में भी उत्तीर्ण आ सके। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला प्रभारी पलामू राजीव शरण, संगीत शिक्षक श्याम एवं समस्त शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

# पीएम ने अहमदाबाद से सिंदरी के कार्गो टर्मिनल का ऑनलाइन किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 85 हजार करोड रुपए से ज्यादा के रेलवे के विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। अथवा लोकार्पण किया। इनमें 38.92 करोड रुपए की लागत से सिंदरी हर्ल परिसर में नवनिर्मित गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल भी था, इसके साथ ही टर्मिनल स्थल पर ही सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी , ए डी आर एम ,धनबाद विनित कुमार ,वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, सहित सैकडों लोगों ने तालियों के गड़गड़ाहट के साथ कार्गो टर्मिनल के उद्घाटन का स्वागत किया ।






इसके पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह उद्घाटन स्थल पर पहुंचे । धनबाद रेलवे के एडीआरएम विनित कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर उनको सम्मानित किया। आनलाइन उद्घाटन के पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पूर्व एक लाख करोड रुपए के विभिन्न सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। इसमें झारखंड को ही 25 हजार करोड रुपए की विभिन्न सड़क परियोजना दी गई है । सांसद ने कहा कि आज धनबाद जिले में सिंदरी, प्रधान खंता, गोमो, और अन्य स्थानो पर उद्घाटन और लोकार्पण कार्यक्रम हो रहे हैं। सिंदरी में कार्गो टर्मिनल के बनने से हर्ल प्रोजेक्ट द्वारा उत्पादित 80 फिसदी यूरिया रेलमार्ग से भेजी जाएगी। रेलमार्ग से यूरिया की ढुलाई लागत काफी कम आती है। इससे देश के किसानो को सस्ते दर पर यूरिया उपलब्ध होगा उन्होने इसके लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ,सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और रेल संचार ,सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबतक 85 हजार करोड रुपए के विभिन्न रेल परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण नहीं कर दिया तब तक लोग तालियां बजाते रहे। इनमे हर्ल के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, वाइस प्रेसिडेंट गौतम माजी, एच आर विक्रांत कुमार, रेलवे धनबाद के डी ई एन राज कुमार सिंह, एस एस ई जितेंद्र कुमार, वाणिज्यिक निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए सिंदरी नगर भाजपा की पूरी टीम मौजूद थी ,इनमें नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, सांसद प्रतिनिधि शैलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो,विजय सिंह, विजय चौधरी , धनंजय सिंह थे।

## कांग्रेस जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक



**गिरिडीह(आजाद सिपाही)।** मंगलवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकताओं ने बैठक किया। जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक किया गया, कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि प्रखंड स्तर पर अब सोशल मीडिया का संचालन करना है और हर प्रखंड में बनने वाले बूथ कमिटी के गठन की जानकारी सोशल मीडिया में अपलोड करना है। कहा कि एक तरह से अब प्रखंड स्तर पर डिजिटल मीडिया के जरिए पार्टी की गतिविधि को लोगों के बीच लेकर जाना है। कहा कि कार्यकर्ता सोशल मीडिया में सक्रिय हो। इस दौरान उन्होंने पार्टी नेताओं व कार्यकताओं को गठबंधन और संगठन स्तर पर तैयारी करने का सुझाव दिया। बैठक में बिमल कुमार सिंह, अलीखान लड्डू, उपेंद्र सिंह, दीपक पाठक, पोरेषनाथ मित्रा, यश सिन्हा, गुलाम मुस्तफा, कृष्ण सिंह, मदन लाल विश्वकर्मा, संतोष दास, कैलाश मोदी, फरीद अंसारी, मो सरफराज और रियाज समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## समर्थ - मैनेजमेंट एंड बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




**बोकारो(आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में अनाधिशासी कर्मियों के लिए समर्थ-मैनेजमेंट & बिजनेस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विभिन्न विभागों के 32 टीमों ने हिस्सा लिया। क्विज मास्टर के रूप में श्री लम्बोदर उपाध्याय महाप्रबंधक(नगर प्रशासन) तथा श्री अमित आनंद, सहायक महा प्रबंधक ने कुल 02 राउंड में क्विज प्रतियोगिता का संचालन किया। क्विज प्रतियोगिता में डी एन डब्लू विभाग से श्री नयन चक्रबर्ती एवं श्री दुर्गा प्रसाद की टीम को प्रथम स्थान, सी आर एम आईआईआई विभाग से श्री रुपेश कुमार एवं श्री अबिनाश चंद्रा की टीम को द्वितीय तथा सी आर एम -आईआई विभाग से श्री मोहन कुमार पटेल तथा श्री दीपक कुमार की टीम को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ । पुरस्कार वितरण तथा कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री राजन प्रसाद तथा मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) श्री मनीष जलोटा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के आयोजन में मानव संसाधन विकास विभाग का अहम योगदान रहा ।

## इलेक्ट्रोस्टील वेदांता प्रबंधन क्षेत्र में मनमानी कर रहा : देवाशीष मंडल




**बोकारो(आजाद सिपाही)।** ई सी एल वेदांता पाइप लाइन के जमीन दाता रैयतों ने नियोजन का मांग को लेकर चन्दनकियारी प्रखंड के महाल पंचायत में अनिश्चितकालीन धरना में बैठे हुए हैं। धरना स्थल पर पहुंच कर जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति बोकारो के उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल ने धरना पर बैठे रैयतों से बात चीत की। रैयतों ने बताया कि पाइप लाइन में रैयतों से जमीन लेने के समय प्रबंधन ने घर के सभी बेरोजगारों को रोजगार देने का आश्वासन दिया था। प्रबंधन वर्षों पहले हम लोगों से आवेदन लेकर ग्रीवांस नम्बर देकर आज कल कर रहे हैं तथा हम लोगों को काम पर नहीं ले रहे हैं। मजबूरी में रैयतों के बच्चों को कमाने के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। हम सब तिन दिनों से धरना पर बैठे हैं। अभी तक ना कोई प्रशासन के लोग आयें, ना कोई प्रबंधन का लोग आयें और ना कोई जन प्रतिनिधि आयें। देवाशीष मंडल ने बताया कि इलेक्ट्रो स्टील वैदांता प्रबंधन क्षेत्र में हिटलर साही चला रहे हैं। रैयत तो दूसरी बात झारखंड सरकार ने 75% स्थानीय लोगों को निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। ऐसे परिस्थिति में इलेक्ट्रो स्टील वैदांता प्रबंधन द्वारा रैयतों से आवेदन लेकर ग्रीवांस नम्बर देने के बाद भी काम पर नहीं ले रहे हैं। जो गलत है। प्रबंधन का मनमानी क्षेत्र के लिए घातक है। मंडल धरना स्थल से अनुमंडल पदाधिकारी चास से बात कर धरना को समाप्त करने के लिए त्रिपक्षीय वार्ता कराने का बात की।

## सरिया थाना पुलिस ने 50 हजार ठगी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया



**गिरिडीह(आजाद सिपाही)।** गिरिडीह जिले के सरिया थाना पुलिस ने 50 हजार ठगी के आरोप में साइबर अपराध में संलिप्त एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी सिकंदर कुमार सरिया थाना क्षेत्र के छोटकी सरिया का रहने वाला है। आरोपी एसबीआई योनो रिवार्ड पॉइंट रिडीम कराने के नाम पर आम लोगों से यूजर आईडी, पासवर्ड लेकर पैसे की ठगी करता था। जानकारी के अनुसार तीसा चौधरी के साथ 50 हजार ठगी की घटना को लेकर सुदर्शन प्रसाद नामक व्यक्ति ने साइबर थाना में लिखित आवेदन दिया था। जिसके बाद पुलिस निरीक्षक ज्ञान रंजन कुमार के द्वारा छापेमारी करते हुए बीते 11 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल भी बरामद किया है।

प्रपत्र VI 'क'

झारखण्ड सरकार

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेषालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या– 374/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 29/02/2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा कुरूम, थाना नं0 113, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल दुलमी, जिला रामगढ़** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ललकी घाटी से छत्तरमाण्डू भाया लिचिंग चौक (लम्बाई 10.91 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **4.22** एकड़ यानि **1.70777** हेक्टेयर है। और जो मौजा कुरूम, थाना नं0 113, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल दुलमी, जिला रामगढ़ में है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 16 | 170 | रैयती | टांड बॉन्डरी | 0.03 | नन्दलाल ठाकुर पिता मिठु हजाम | सावित्री देवी | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 2 | 16 | 170 | रैयती | आवासीय | 0.03 | सावित्री देवी पति स्व0 दिनेश्वर ठाकुर | कालेश्वर ठाकुर | नन्दलाल ठाकुर | नीज | रास्ता |
| 3 | 16 | 170 | रैयती | आवासीय | 0.02 | बालेश्वर ठाकुर पिता स्व0 झगरू ठाकुर | नागेश्वर ठाकुर | सावित्री देवी | नीज | रास्ता |
| 4 | 16 | 170 | रैयती | आवासीय | 0.02 | नागेश्वर ठाकुर पिता स्व0 झगरू ठाकुर | रामु महली | बालेश्वर ठाकुर | नीज | रास्ता |
| 5 | 105 | 168 | रैयती | टांड | 0.11 | राजकिशोर सिंह श्रीकान्त सिंह रामाकान्त सिंह तीनों के पिता पंतजली सिंह | नीज | जीमीरा सीमाना | रास्ता | नीज |
| 6 | 29 | 171 | रैयती | टांड | 0.015 | रामु महली पिता पुरू महली | डी0सी0 राम | नागेश्वर ठाकुर | नीज | रास्ता |
| 7 | 25 | 172 | रैयती | टांड | 0.01 | डी0सी0 राम पिता लाल सहाय महली | अधनु महली | रामु महली | नीज | रास्ता |
| 8 | 12 | 173 | रैयती | बॉन्डरी मकान आवासीय | 0.02 | अधनु महली पिता हितु महली | रोशन महली | डी0सी0 राम | नीज | रास्ता |
| 9 | 12 | 173 | रैयती | आवासीय | 0.02 | रोशन महली पिता कार्तिक महली | रास्ता | शम्भु महली | नीज | रास्ता |
| 10 | 105 | 166 167 | रैयती | टांड बॉन्डरी | 0.01 | राजकिशोर सिंह श्रीकान्त सिंह रामाकान्त सिंह तीनों के पिता पंतजली सिंह | राजवृंदा सिंह | नीज | रास्ता | नीज |
| 11 | 105 | 167 | रैयती | आवासीय | 0.01 | रामवृक्ष सिंह पिता स्व0 त्रिभुवन सिंह | चन्द्रशेखर सिंह | राजकिशोर सिंह | रास्ता | नीज |
| 12 | 105 | 167 | रैयती | टांड | 0.01 | चन्द्रशेखर सिंहद पिता स्व0 नन्दकिशोर सिंह | अमरनाथ सिंह | रामवृक्ष सिंह | रास्ता | नीज |
| 13 | 105 | 167 | रैयती | टांड | 0.01 | अमरनाथ सिंह वो गोविन्द सिंह पिता स्व0 सुधाकर सिंह | नागेश्वर सिंह | नागेश्वर सिंह | चन्दशेखर सिंह | रास्ता |
| 14 | 105 | 167 | रैयती | आवासीय | 0.01 | नागेश्वर सिंह पिता कोलेश्वर सिंह | शम्भुनाथ सिंह | अमरनाथ सिंह | रास्ता | नीज |
| 15 | 105 | 167 | रैयती | आवासीय | 0.01 | नागेश्वर सिंह पिता कोलेश्वर सिंह | राज किशोर सिंह | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 16 | 60 | 112 | रैयती | टांड | 0.05 | राजकिशोर सिंह श्रीकान्त सिंह रामाकान्त सिंह तीनों के पिता पंतजली सिंह | रामप्रवेश सिंह | शम्भुनाथ सिंह | रास्ता | नीज |
| 17 | 29 | 174 | रैयती | टांड | 0.01 | शम्भु महली पिता धनेश्वर महली | सागर महली | शम्भु महली | रास्ता | नीज |
| 18 | 29 | 174 | रैयती | आवासीय | 0.015 | जलेश्वर महली पिता बैन्जा महली | राममेश्वर महतो | जगेश्वर महली | रास्ता | नीज |
| 19 | 51 | 175 | रैयती | टांड | 0.025 | सागर महली पिता सुनू महली | रामेश्वर महतो | जगेश्वर महली | रास्ता | नीज |
| 20 | 43 | 176 | रैयती | टांड | 0.02 | रामेश्वर महतो पिता छेदी महतो | नीज | सागर महली | रास्ता | नीज |
| 21 | 08 | 177 | रैयती | टांड | 0.025 | रामेश्वर महतो पिता छेदी महतो | नीज | नीज | नीज | रास्ता |
| 22 | 32 | 178 | रैयती | टांड | 0.03 | रामेश्वर महतो पिता छेदी महतो | प्रमोद मुण्डा | नीज | नीज | रास्ता |
| 23 | 67 | 181 | रैयती | आवासीय | 0.025 | प्रमोद मुण्डा वगैरह पिता राप्रकाश मुण्डा | दिनेश्वर मुण्डा | रामेश्वर महतो | नीज | रास्ता |
| 24 | 67 | 181 | रैयती | टांड | 0.03 | दिनेश्वर मुण्डा पिता मोहन मुण्डा | दिनेश्वर मुण्डा | प्रमोद मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 25 | 67 | 181 | रैयती | आवासीय | 0.015 | गोविन्द मुण्डा पिता दिनेश्वर मुण्डा | अनिल कुमार | मोहन मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 26 | 15 | 184 | रैयती | आवासीय | 0.01 | अनिल कुमार ठाकुर पिता मोहर ठाकुर | सुनील महतो | गोविन्द मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 27 | 15 | 184 | रैयती | टांड | 0.06 | रघुनन्दन मुण्डा पिता खेमन मुण्डा | नवल मुण्डा | गोविन्द मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 28 | 26 | 185 | रैयती | आवासीय | 0.01 | सुनिल महतो पिता नरेश महतो | रास्ता | रघुनन्दन मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 29 | 26 | 185 | रैयती | टांड | 0.03 | नवल मुण्डा पिता मन्नी मुण्डा महावीर मुण्डा पिता झोदर मुण्डा | रास्ता | कुवंर सिंह | रास्ता | नीज |
| 30 | 26 | 185 | रैयती | आवासीय | 0.02 | रामप्रवेश सिंह नन्दकिशोर सिंह | राजकिशोर सिंह | कुवंर सिंह | रास्ता | नीज |
| 31 | 26 | 185 | रैयती | टांड | 0.02 | कुवंर सिंह चतुर सिंह चन्द्रशेखर सिंह पिता नन्द किशोर सिंह | उमेश्वर सिंह | रामप्रवेश सिंह | रास्ता | नीज |
| 32 | 105 | 110 | रैयती | आवासीय | 0.01 | 1. उमेश्वर सिंह पिता कोलेश्वर सिंह 2. पवन सिंह पिता स्व0 दिनेश सिंह वो शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | नीज | कुवंर सिंह | रास्ता | नीज |
| 33 | 105 | 110 | रैयती | आवासीय | 0.015 | 1. उमेश्वर सिंह पिता कोलेश्वर सिंह 2. पवन सिंह पिता स्व0 दिनेश सिंह वो शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | नीज | पवन सिंह | नीज | रास्ता |
| 34 | 105 | 110 | रैयती | टांड | 0.015 | 1. उमेश्वर सिंह पिता कोलेश्वर सिंह 2. पवन सिंह पिता स्व0 दिनेश सिंह वो शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह | नीज | उमेश्वर सिंह | रास्ता | नीज |
| 35 | 60 | 109 | रैयती | आवासीय | 0.07 | 1. पवन सिंह पिता दिनेश सिंह 2. शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह 3. ब्रजकिशोर सिंह वो नरेश सिंह वो त्रिलोकी सिंह पिता धनन्यज सिंह | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 36 | 60 | 109 | रैयती | टांड बॉन्डरी | 0.02 | 1. पवन सिंह पिता दिनेश सिंह 2. शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह 3. ब्रजकिशोर सिंह वो नरेश सिंह वो त्रिलोकी सिंह पिता धनन्यज सिंह | रास्ता | नीज | पवन सिंह | नीज |
| 37 | 73 | 107 | रैयती | टांड | 0.03 | ब्रजकिशोर सिंह, नरेश सिंह, त्रिलोकी सिंह तीनों के पिता धनंजय सिंह | रास्ता | नीज | नीज | नीज |
| 38 | 105 | 360 | रैयती | धनहर | 0.02 | राजकुमार सिंह पिता चतुर सिंह | नीज | रास्ता | नीज | रमेश |
| 39 | 105 | 376 | रैयती | आवासीय | 0.01 | रमेश सिंह पिता नन्दकिशोर सिंह | नीज | रास्ता | राम कुमार | नीज |
| 40 | 105 | 171 | रैयती | आवासीय टांड | 0.005 | रामप्रवेश सिंह वगैरह नन्दकिशोर सिंह | जय किशोर सिंह | कुवंर सिंह | रास्ता | नीज |
| 41 | 105 | 376 | रैयती | आवासीय | 0.01 | अमरनाथ सिंह वगैरह पिता सुधारकर सिंह | नागेश्वर सिंह | रास्ता | नीज | रास्ता |
| 42 | 105 | 376 | रैयती | टांड | 0.01 | नागेश्वर सिंह वगैरह पिता कोलेश्वर सिंह | नीज | नीज | नीज | रास्ता |
| 43 | 20 | 378 | रैयती | टांड | 0.60 | अरविन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह | 380 | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 44 | 20 | 378 | रैयती | आवासीय | 0.01 | सरीता देवी पति आशा ठाकुर | अरविन्द सिंह | अरविन्द सिंह | रास्ता | नीज |
| 45 | - | 381 | रैयती | वर्गीकरण | 0.09 | अज्ञात | रास्ता | रास्ता | नीज | नीज |
| 46 | 01 | 382 | रैयती | टांड | 0.06 | जगदानन्द सिंह पिता सच्चिदानन्द सिंह वो प्रमानन्द सिंह वगै0 पिता महथा असेश्वर सिंह धर्मनाथ सिंह वगै0 पिता महथा राजेन्द्र सिंह रामधनी सिंह वगै0 पिता महथा देवेन्द्र नाथ सिंह वो कन्हाई सिंह पिता स्व0 रामनरेश सिंह | 183 | 380 | रास्ता | नीज |
| 47 | 20 | 383 | रैयती | टांड | 0.06 | अरविन्द सिंह पिता प्रमोद सिंह वगै0 निवास ग्राम छत्तरमाण्डू | शिव नारायण ठाकुर | 382 | रास्ता | नीज |
| 48 | - | 372 | रैयती | धनहर | 0.02 | जय सिंह पिता मुंशी सिंह | अरूण | नीज | रास्ता नीज | रास्ता |
| 49 | 84 | 385 | रैयती | धनहर | 0.05 | अरूण ठाकुर पिता पारसनाथ ठाकुर | रूपलाल मुण्डा | जय सिंह | नीज | रास्ता |
| 50 | 106 | 393 | रैयती | धनहर | 0.02 | रूपलाल मुण्डा पिता सुगना मुण्डा | रघुनन्दन मुण्डा | अरूण ठाकुर | नीज | रास्ता |
| 51 | 15 | 394 | रैयती | धनहर | 0.01 | रघुनन्दन मुण्डा पिता खेमन मुण्डा | 395 | रूपलाल मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 52 | 68 | 83 | रैयती | टांड | 0.05 | 1. रामोवतार सिंह वगै0 पिता शकलनाथ सिंह 2. शक्ति सिंह पिता दशरथ सिंह वो पवन सिंह पिता स्व0 विनेश सिंह | 80 | 383 | रास्ता | नीज |
| 53 | 84 | 80 | रैयती | टांड | 0.14 | दिलनारायण ठाकुर पिता काली ठाकुर रामेश्वर ठाकुर पिता झगरू ठाकुर वगैरह | नीज | 83 | रास्ता | नीज |
| 54 | 66 | 81 | रैयती | टांड | 0.08 | रघुनंदन मुण्डा वगैरह पिता खेमर मुण्डा | नीज | 394 | नीज | रास्ता |
| 55 | 66 | 82 | रैयती | टांड | 0.01 | रघुनंदन मुण्डा वगैरह पिता खेमर मुण्डा | नीज | नीज | नीज | रास्ता |
| 56 | 84 | 79 | रैयती | टांड | 0.02 | दिलनारायण ठाकुर वगै0 पिता काली ठाकुर रामेश्वर ठाकुर वगै0 पिता झगरू ठाकुर | रास्ता | नीज | रास्ता | नीज |
| 57 | 09 | 404 | रैयती | टांड | 0.06 | मनोहर सिंह पिता रघुवर सिंह | 407 | 401 | नीज | रास्ता |
| 58 | 01 | 407 | रैयती | टांड | 0.035 | 1. देव कुमार सिंह वगै0 पिता स्व0 रमुण सिंह 2.राम नरेश सिंह पिता स्व0 महाथा देवेन्द्रनाथ सिंह 3. सुनीता देवी पति गोविन्द सिंह। | देव कुमार सिंह | मनोहर सिंह | नीज | रास्ता |
| 59 | 01 | 407 | रैयती | टांड | 0.03 | 1. देव कुमार सिंह वगै0 पिता स्व0 रमुण सिंह 2.राम नरेश सिंह पिता स्व0 महाथा देवेन्द्रनाथ सिंह 3. सुनीता देवी पति गोविन्द सिंह। | अरविन्द सिंह | प्रभा सिंह | नीज | रास्ता |
| 60 | 32 | 408 | रैयती | टांड | 0.05 | अरविन्द सिंहद पिता प्रमोद सिंह | गणेश मुण्डा | देवकुमार सिंह | नीज | रास्ता |
| 61 | 54 | 405 | रैयती | टांड | 0.08 | मुकेश सिंह पिता स्व0 कुलदीप सिंह देवानन्द मुण्डा पिता नन्दन मुण्डा | अरविन्द सिंह | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 62 | 21 | 406 | रैयती | आवासीय | 0.05 | रघु करमाली पिता फुलचन्द करमाली | 406 | देवानन्द मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 63 | 21 | 406 | रैयती | टांड | 0.04 | अरविन्द्र सिंह पिता प्रमोद सिंह | धमालु मुण्डा | छेवानंद मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 64 | 41 | 59 | रैयती | आवासीय | 0.075 | धमलु मुण्डा पिता स्व0 बन्धु | अनिता देवी | अरविन्द सिंह | रास्ता | नीज |
| 65 | 04 | 39 | रैयती | बॉन्डरी | 0.01 | अनीता देवी | अद्धेश्वर सिंह | धमलु मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 66 | 58 | 46 | रैयती | टांड | 0.12 | अद्वेवर सिंह वो बटेश्वर सिंह पिता बालो सिंह | जे0स0 45 | अनिता देवी | रास्ता | नीज |
| 67 | 14 | 409 | रैयती | आवासीय | 0.025 | गणेश मुण्डा पिता स्व0 नन्दवा मुण्डा | संतोश मुण्डा | अरविन्द मुण्डा | रास्ता | नीज |
| 68 | 15 | 410 | रैयती | आवासीय | 0.02 | संतोष मुण्डा पिता झोदर मुण्डा | नीज | गणेश मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 69 | 26 | 411 | रैयती | आवासीय | 0.015 | संतोष मुण्डा पिता झोदर मुण्डा | नवल मुण्डा | नीज | नीज | रास्ता |
| 70 | 26 | 411 | रैयती | आवासीय | 0.01 | नेवल मुण्डा, विकास मुण्डा पिता मतनी मुण्डा | नीज | संतोश मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 71 | 106 | 412 | रैयती | आवासीय | 0.02 | नेवल मुण्डा, विकास मुण्डा पिता मतनी मुण्डा | पुरन सिंह | नीज | नीज | रास्ता |
| 72 | 07 | 414 | रैयती | आवासीय | 0.03 | 1. निरंजन सिंह उर्फ पुनित सिंह वो पुरन सिंह वो चुरामन सिंह पिता धना सिंह गिरजा सिंह वो अमानन्द कुमार सिंह पिता स्व0 अकल सिंह 2. शक्ति सिंह वगै0 पिता स्व0 दशरथ सिंह | 415 | नेवल मुण्डा | नीज | रास्ता |
| 73 | 68 | 415 | रैयती | टांड | 0.04 | रामोवतार सिंह वगैरह | 417 | पुरन सिंह | नीज | रास्ता |
| 74 | 75 | 417 | रैयती | आवासीय | 0.015 | महेन्द्र सिंह वगै0 पिता ठाकुर सिंह वो संतोष सिंह वगै0 पिता राजेन्द्र सिंह वो पचु सिंह पिता ठाकुर सिंह | 418 | 415 | नीज | रास्ता |
| 75 | 75 | 417 | रैयती | बॉन्डरी मकान आवासीय | 0.015 | गौतम सिंह पिता ठाकुर सिंह | 418 | महेन्द्र सिंह | नीज | रास्ता |
| 76 | 68 | 418 | रैयती | बॉन्डरी मकान आवासीय | 0.04 | अवदेश सिंह पिता प्रकाश सिंह | 419 | 417 | नीज | रास्ता |
| 77 | 19 | 419 | रैयती | बॉन्डरी मकान आवासीय | 0.035 | अवदेश सिंह पिता प्रकाश सिंह | 421 | 418 | नीज | रास्ता |
| 78 | 58 | 45 | रैयती | टांड | 0.02 | महेन्द्र सिंह पिता ठाकुर सिंह वगै0, श्रीमती मुनेश्वरी देवी पति मनोहर सिंह | 44 | 46 | रास्ता | नीज |
| 79 | 58 | 44 | रैयती | टांड | 0.07 | 1. अक्षेयवट सिंह वगै0 पिता स्व0 बलराम सिंह 2. मीनी देवी पति महेन्द्र सिंह 3. शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह वो पवन सिंह पिता विनेश सिंह वो लोकेश सिंह पिता कमखिया सिंह वो कन्हाई सिंह पिता रामनरेश सिंह वो भोलानन्द प्रसाद पिता गदौरी महतो 4. श्रीमति मुनेश्वरी देवी पति मनोहर सिंह | 42 | 45 | रास्ता | नीज |
| 80 | - | 42 | रैयती | टांड | 0.05 | 1. ब्रजनन्दन सिंह वगै0 पिता स्व0 अलखनाथ सिंह 2. शक्ति सिंह पिता स्व0 दशरथ सिंह वो पवन सिंह पिता स्व0 विनेश सिंह | छतर सिंह | 44 | रास्ता | नीज |
| 81 | - | 711 | रैयती | टांड | 0.32 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 82 | - | 710 | रैयती | टांड | 0.09 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 83 | - | 709 | रैयती | टांड | 0.10 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 84 | - | 747 | रैयती | टांड | 0.20 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 85 | - | 748 | रैयती | टांड | 0.05 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 86 | - | 749 | रैयती | टांड | 0.04 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 87 | - | 745 | रैयती | टांड | 0.05 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 88 | - | 746 | रैयती | टांड | 0.20 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 89 | - | 747 | रैयती | टांड | 0.04 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| 90 | - | 748 | रैयती | टांड | 0.01 | रेलवे | सड़क | अंश | सड़क | अंश |
| | | | | कुल रकबा | 4.22 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़
ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़
ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़
ह0/– उपायुक्त, रामगढ़

PR 322122 Land Reforms (23-24)_D

# पंचायती राज प्रतिनिधियों के पारिश्रमिक और भत्ते में वृद्धि

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य के पंचायतीराज प्रतिनिधियों की पारिश्रमिक और भत्ते में बढ़ोतरी की है। गौरतलब है कि 5टी और नवीन ओड़िशा अध्यक्ष कार्तिक पांडियन की विभिन्न जिलों की यात्रा के दौरान, पंचायती राज के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की थी और पारिश्रमिक बढ़ाने का प्रस्ताव रखे थे। निर्णय के अनुसार जिला परिषद अध्यक्षों को 9,380 रुपये के बजाय 30,000 रुपये का मासिक पारिश्रमिक मिलेगा। उनका दैनिक भत्ता डीए + बैठक शुल्क भी 300 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये कर दिया गया है। जिला परिषद के उपाध्यक्षों का पारिश्रमिक 7,040 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये कर दिया गया है और उनका डीए + एसएफ भी 300 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये कर दिया गया है । जिला परिषद के जिन सदस्यों को पहले 3,530 रुपये मिलते थे, उन्हें अब 10,000 रुपये का मासिक पारिश्रमिक मिलेगा और उनका डीए + एसएफ 300 रुपये से बढ़ा कर 600 रुपये प्रति दिन कर दिया गया है। इसी तरह पंचायत समिति के अध्यक्षों को 3,530 रुपये मिलते थे। अब 15,000 रुपये मिलेंगे। पंचायत समिति के उपाध्यक्षों को पहले 2,350 रुपये का पारिश्रमिक मिल रहा था। अब 7,500 रुपये मिलेंगे। पंचायत समिति के सदस्यों को पहले 2,350 रुपये मिलते थे। अब 7,500 रुपये मिलेंगे। इसी तरह सरपंचों को अब 10,000 रुपये मिलेंगे, जो पहले 2,350 रुपये मिलते थे। नायब सरपंचों को अब 4,000 रुपये मिलेंगे, जबकि पहले उन्हें 940 रुपये मिलते थे। पंचायत समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच नायब सरपंच और वार्ड सदस्यों का दैनिक भत्ता डीए+एसएफ 240 रुपये से बढ़ा कर 480 रुपये कर दिया गया है।

## सरकारी महिला कर्मचारियों को 10 दिन का अतिरिक्त वार्षिक आकस्मिक अवकाश मिलेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सीएम नवीन पटनायक ने सरकार के विभिन्न विभागों में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए 25 दिनों के वार्षिक आकस्मिक अवकाश की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने महिला सरकारी कर्मचारियों के लिए 10 दिनों की अतिरिक्त छुट्टी की घोषणा की है, जबकि आमतौर पर सरकारी कर्मचारियों को 15 दिनों की आकस्मिक छुट्टी दी जाती है। परिणामस्वरूप, महिला सरकारी कर्मचारी एक वर्ष में 25 दिनों की आकस्मिक छुट्टी का आनंद ले सकती हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं की पारिवारिक जिम्मेदारियों और विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है।

## भुवनेश्वर-बलांगीर ट्रेन का सोनपुर तक विस्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भुवनेश्वर - बलांगीर - भुवनेश्वर एक्सप्रेस को बलांगीर की ओर से सोनपुर तक ट्रेन लाइन के संचालन और स्थानीय लोगों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सोनपुर तक बढ़ाया गया है। उद्घाटन अवसर परसांसद संगीता कुमारी सिंहदेव ने मंगलवार को सोनपुर रेलवे स्टेशन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। 12893 भुवनेश्वर-बलांगीर-सोनपुर एक्सप्रेस बलांगीर से दोपहर 01:45 बजे सोनपुर के लिए रवाना होगी और 3:15 बजे सोनपुर पहुंचेगी। वापसी मार्ग पर 12894 सोनपुर-भुवनेश्वर एक्सप्रेस अपराह्न एक बजे सोनपुर से रवाना होगी और 2:25 बजे बलांगीर पहुंचेगी। यह ट्रेन बलांगीर स्टेशन से दोपहर 2.45 बजे रवाना होगी और रात 9.45 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। यह ट्रेन सोनपुर से 14 मार्च से और भुवनेश्वर से 15 मार्च से नियमित रूप से चलेगी।










# अत्याधुनिक किम्स ग्रामीण अस्पताल कलराबांक स्मार्ट विलेज का शुभारंभ




### सीएम नवीन पटनायक ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को कलराबांक में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक किम्स ग्रामीण अस्पताल, कलराबांक स्मार्ट विलेज का शुभारंभ के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में 19 किम्स ग्रामीण अस्पतालों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने गांव और अपने जन्मस्थान के लिए कुछ करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने अपने गांव और जन्मस्थान के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए खुद को समर्पित किया है। हमारे लिए प्रत्येक जीवन मूल्यवान है। नवीन ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में यही हमारा मंत्र है। उन्होंने कहा कि ओड़िशा सरकार का लक्ष्य किम्स जैसे संस्थानों के सहयोग से ओड़िशा के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।

अपने स्वागत भाषण में डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ओड़िशा शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ा है। प्रत्येक गांव में शहरी सुविधाएं प्रदान करना मुख्यमंत्री का लक्ष्य है और इससे प्रेरित होकर, हमने कलराबांक में किम्स ग्रामीण अस्पताल का उद्घाटन किया है, जबकि ओड़िशा में 19 स्थानों पर किम्स ग्रामीण अस्पतालों का निर्माण शुरू हो गया है। इसी तरह कलराबांक के स्मार्ट गांव में सभी प्रकार की शहरी सुविधाएं- जैसे प्राथमिक विद्यालय, कलिंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल (आवासीय), कलराबांक हाई स्कूल (आवासीय), +2 हायर सेकेंडरी स्कूल, पार्क, सार्वजनिक पुस्तकालय, एटीएम और लॉकर सुविधाएं शामिल हैं। राष्ट्रयत बैंक, डाकघर, पुलिस स्टेशन, आध्यात्मिक केंद्र, सामुदायिक भवन, पेयजल सुविधाएं, मंदिर, पक्की सड़कें, स्ट्रीट लाइट्स, मिशन शक्ति केंद्र आदि उपलब्ध हैं। ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य बीमा और वाइ-फाई सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं।

डॉ सामंत ने बताया कि जहां 350 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है, वहीं 100 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। आगामी अस्पतालों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक अस्पताल में 100 बिस्तर होंगे और उनमें से प्रत्येक के निर्माण पर 50 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। ये अस्पताल वातानुकूलित होंगे और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रत्येक ग्रामीण अस्पताल में 150 युवा पुरुषों और महिलाओं को रोजगार मिलेगा और ये सभी किम्स भुवनेश्वर के तत्वावधान में कार्य करेंगे। कटक सदर विधायक चंद्र सारथी बेहेरा ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता के कारण ओड़िशा ने शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और कृषि सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। उन्होंने उल्लेख किया कि डॉ सामंत के कार्यों ने न केवल कलराबांक बल्कि सभी के लिए उदाहरण स्थापित किया है। उन्होंने ओड़िशा में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके काम की भी सराहना की। कार्यक्रम में 5टी और नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष कार्तिक पांडियन, कटक कलेक्टर विनीत भारद्वाज और मानपुर पंचायत और आसपास के 2000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

# राज्यपाल से मिले राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी और सदस्य शबनम परवीन ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने गत एक वर्ष में राज्य खाद्य आयोग द्वारा किये गये कार्यों और आयोग की विशेष पहल के विषय में राज्यपाल को विस्तार से बताया। खाद्य आयोग द्वारा राज्य के सभी जिलों में आयोजित मुखिया संवाद कार्यक्रमों, जन सुनवाइयों, समीक्षा बैठकों और औचक निरीक्षण जैसे कार्यों को राज्यपाल ने सराहा।



खाद्य सुरक्षा अधिनियम के क्रियान्वयन और निगरानी में बेहतर काम करने वाले हर जिले के तीन मुखिया को खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत किये जाने के पहल की भी राज्यपाल ने सराहना की। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बेहतर काम करने के आधार पर खाद्य आयोग द्वारा पुरस्कृत सभी मुखिया के साथ मुलाकात और सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की संभावना तलाशने का निर्देश भी दिया, ताकि जमीनी हकीकत जानी जा सके। राज्यपाल ने आयोग के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वो ये सुनिश्चित करें कि राज्य में किसी को भी खाद्यान्न का संकट न हो। साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित सभी योजनाओं का लाभ सभी को उसी मात्रा और अहर्ता के अनुरूप मिले, जिसके वे हकदार हैं।

# कृषि समस्याओं का समाधान खोजें : प्रो प्रभात राउल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के कुलपति प्रो प्रभात कुमार राउल ने मंगलवार को कहा कि कृषि के घटते लाभ पर पीछे मुड़ कर देखने और निरंतर कृषि समस्या के स्थायी समाधान की तलाश में कृषि क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का प्रयास करने का समय आ गया है। प्रो राउल ने कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के कृषि विज्ञान संकाय में शुरू हुए तीन दिवसीय 'सोआ कृषि - संगम' के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो कृषि की है, वह त्वरित लाभ पर आधारित है, जिससे मिट्टी को स्थायी नुकसान हुआ है, जबकि भूजल में कमी और वायु गुणवत्ता में गिरावट ने स्थिति को और खराब कर दिया है। कार्यक्रम का विषय 'सतत कृषि एवं आजीविका सुरक्षा' था, जबकि कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।




इस कार्यक्रम में सोआ के कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद, आइएएस के डीन प्रो संतोष कुमार राउत, डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास और कार्यक्रम के प्लांट फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर प्रो सरोज कुमार महांति ने भी भाग लिया।

प्रो नंद ने कहा कि सभी शोधों का उद्देश्य समाज को लाभ पहुंचाना है और सोआ इस लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक बहु-विषयक विश्वविद्यालय होने के नाते, सोआ के पास विभिन्न विषयों से जुड़े अनुसंधान करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा है। कार्यक्रम में विभिन्न परिचर्चाएं, पोस्टर प्रदर्शनी, विभिन्न किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों से चर्चा, कृषि प्रदर्शनी, कृषि स्टार्टअप सम्मेलन एवं तकनीकी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

# समान भविष्य को बढ़ावा देता है वेदांता एल्युमीनियम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत में एल्युमीनियम के सबसे बड़े उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने इस वर्ष ऑनलाइन और ऑन-द-ग्राउंड पहल के मिश्रण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जो महिलाओं के लिए उपलब्ध उन्नति के अवसरों का विस्तार करके एक समावेशी भविष्य के निर्माण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। उद्योग में सबसे अधिक पुरुष-से-महिला कर्मचारी अनुपात में से एक के साथ वेदांत एल्युमीनियम अब यह सुनिश्चित करने के प्रयासों में तेजी ला रहा है कि निकट भविष्य में उसके सभी कर्मचारियों में से एक तिहाई महिलाएं होंगी।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की अगुवाई में कंपनी ने #TheFutureOfMetAL नामक एक अभूतपूर्व अभियान शुरू किया, जिसमें जेनरेटिव एआई वीडियो और मनमोहक लघु फिल्मों का मिश्रण शामिल है। इस अभियान ने उद्योग में पहले से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही दृढ़निश्चयी महिला पेशेवरों को सम्मोहक रोल मॉडल के रूप में उजागर करके, पुरुष-प्रधान क्षेत्र के रूप में धातु, खनन और आधुनिक विनिर्माण उद्योगों की गलत धारणाओं को बदलने की मांग की।



वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवेन ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से उत्पन्न होने वाले कौशल और दृष्टिकोण की विविधता ऐसे संगठनों का निर्माण करती है जो दीर्घकालिक रूप से लचीले बने रहते हैं। इसलिए वेदांता एल्युमीनियम एक न्यायसंगत वातावरण विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जो विविध और समावेशी टीमों को बढ़ावा देता है। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में, हम एक ऐसी संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं, जो अधिक नवाचार और व्यावसायिक उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज में अन्य सभी विचारों पर ड्राइव और परिश्रम को पुरस्कृत करती है।

झारसुगुड़ा में कंपनी के मेगा एल्युमीनियम स्मेल्टर में, भारत की सबसे बड़ी महिला सहकारी समितियों में से एक वेदांत की सुभलक्ष्मी सहकारी के सदस्यों को जिला सांस्कृतिक कार्यालय में आयोजित महिला दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। वे भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के विशेषज्ञों के नेतृत्व में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र में महिलाओं को एकीकृत करने पर एक आकर्षक सत्र में भी शामिल हुए।

## इंडियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय ब्रह्मपुर ने उत्साहपूर्वक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**ब्रह्मपुर, गंजाम (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन ओवरसीज बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, ब्रह्मपुर, गंजम ने अपने सम्मेलन कक्ष में एक रंगारंग उत्सव का आयोजन किया। क्षेत्रीय कार्यालय की प्रबंधक प्रतिभा बहीदार के मार्गदर्शन में एक रंगोली प्रतियोगिता के आयोजन से प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिला, जिसने कार्यक्रम को एक कलात्मक रूप दिया। माहौल सौहार्दपूर्ण और सशक्तीकरण का था, क्योंकि महिलाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी उपलब्धियों का उल्लास मनाया। समारोह का समापन वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार द्वारा उपस्थित सभी महिला स्टाफ सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान और समर्पण को स्वीकार करते हुए किया गया। इस कार्यक्रम ने बैंकिंग क्षेत्र और समाज में बड़े पैमाने पर महिलाओं की अमूल्य भूमिका को पहचानने और उसकी सराहना करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और एक समावेशी कार्य वातावरण बनाने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जहां सभी कर्मचारी आगे बढ़ें और संगठन की सफलता में योगदान दें।

## लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने किया प्रेरित



भाजपा कार्यालय बरजो में बैठक करते भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह।

**धनवार (आजाद सिपाही)।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले, जहां कार्यकर्ताओ की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यकर्ताओं को फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दुहराते हुए कई टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं को लगन से पार्टी हित के लिए काम करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के लिए काम करना है और पूरी मजबूती के साथ अबकी बार साढ़े 400 पार करना है। वहीं विगत नौ वर्षों में प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं के कार्यों को लेकर घर-घर जाकर लोगों को बताना है। इसके बाद तीसरी प्रखंड क्षेत्र के सेवाटांड़, चंदौरी, सेवाधाम तथा धनवार क्षेत्र के प्लंगी पहुंचे और कार्यकर्ताओं से मिल कर मोदी के कार्यकाल में चलायी जा रही योजनाओं को जानकारी देने के लिए कहा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि उदय सिंह, श्रीकांत राय, सुबोध सिह, उपेंद्र सिंह, पवन सिंह, लोकेश कुमार, परमानंद कुमार, प्रेम पासवान, जितेंद्र कुमार, अरविंद साव मौजूद थे










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**